मौलिक अधिकारों का निलंबन संविधान द्वारा प्रदत्त विशेष शर्तों के अधीन ही सकता है। संविधान में बताये गए उद्देश्यों के बिना और विशेष शर्तों के बिना, मौलिक अधिकारों का निलंबन नहीं हो सकता। इसके अलावा, निलंबन के लिए अधिकारी या न्यायाधीश की अनुमति भी आवश्यक होती है।भारत में, उदाहरण के लिए, आपातकाल के दौरान एक मुख्य निर्णय था, जिसके तहत संविधान के मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया था। इसके अलावा निलंबन के लिए संविधान में विशेष अधिकार भी बनाए गए हैं, जिनमें राष्ट्रपति को अधिकार होता है मौलिक अधिकारों को निलंबित करने के लिए या संविधान में संशोधन करने के लिए लाया जाए। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्वप्रेरणा से या जनहित याचिका के आधार पर अपने इस अधिकार का प्रयोग कर सकता है। अनुच्छेद 20व 21 के प्रावधानों जबकि आपातकाल लागू हो, को छोड़कर यह अधिकार कभी भी निलंबित नहीं किया जा सकता। साधारण कानूनी अधिकारों को राज्य द्वारा लागू किया जाता है तथा उनकी रक्षा की जाती है जबकि मौलिक अधिकारों को देश के संविधान द्वारा लागू किया जाता है तथा संविधान द्वारा ही सुरक्षित किया जाता है।साधारण कानूनी अधिकारों में विधानमंडल द्वारा परिवर्तन किये जा सकते हैं परन्तु मौलिक अधिकारों में परिवर्तन करने के लिये संविधान में परिवर्तन आवश्यक है।

निष्कर्ष– भारत के संविधान में मौलिक अधिकार के महत्वपूर्ण तत्व हैं जो नागरिकों को उनके मौलिक मानवाधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित करते हैं। इन अधिकारों के माध्यम से संविधान ने भारत के नागरिकों को जीवन, स्वतंत्रता, सुरक्षा, अधिकारों की समानता, धर्म, विचार और समूह बनाने का अधिकार जैसे बुनियादी अधिकार प्रदान किए हैं। इन मौलिक अधिकारों के माध्यम से, संविधान ने नागरिकों को अपनी व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार दिया है जो उन्हें अन्य अधिकारों के लिए लड़ने की शक्ति देता है। ये अधिकार संविधान की मूल नीतियों को दर्शाते हैं जो नागरिकों को स्वतंत्र, समान और न्यायपूर्ण देश में जीवन जीने का अधिकार देते हैं।मौलिक अधिकार एक ऐसी शक्ति है जो नागरिकों को उनके मानवाधिकारों को संरक्षित करने के लिए देती है। इन अधिकारों का सम्पूर्ण निष्कर्ष यह है कि भारत में नागरिकों को स्वतंत्र, समान और न्यायपूर्ण देश में जीवन सभी नागरिकों के बुनियादी मानवाधिकारों को मौलिक अधिकारों के रूप में

है। संविधान के भाग–III में यह कहा गया है कि किसी भी व्यक्ति के लिंग, जाति, धर्म, पंथ या जन्म स्थान की स्थिति के आधार पर भेदभाव ना करके उन्हें ये अधिकार दिए जाते हैं। ये सटीक प्रतिबंधों के अधीन न्यायालयों द्वारा लागू होते हैं।

सन्दर्भ–

1. पाण्डेय, डॉ जय नारायण (2017) भारत का संविधान Central Law Agency पृ० 62
2. डा. विश्वनाथ अगस्त 2021 भारतीय संविधान के मूल तत्व को समझकर संप्रभुता की रक्षा करें छात्र सीएम कॉलेज में संविधान दिवस उत्सव पर व्याख्यान
3. "मौलिक अधिकार एवं उनका वर्गीकरण" मूल से 10 अगस्त 2018 को पुरालेखित
4. भारत का संविधान : सिद्धांत और व्यवहार, (कक्षा 11 के लिए राजनीति विज्ञान की पाठ्य पुस्तक) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, पृष्ठ– 41
5. भारत का संविधान : सिद्धांत और व्यवहार, (कक्षा 11 के लिए राजनीति विज्ञान की पाठ्य पुस्तक) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, पृष्ठ– 41

शोध आलेख : समकालीन किसान केन्द्रित हिन्दी उपन्यासों में सामाजिक स्वर / डॉ. जितेंद्र यादव

सम्पादक, अपनी माटी शनिवार, सितंबर 30, 2023

समकालीन किसान केन्द्रित हिन्दी उपन्यासों में सामाजिक स्वर

- डॉ. जितेंद्र यादव

शोध सार : अस्सी के दशक के बाद का किसान आधारित उपन्यास में किसान जीवन की विविध छबियाँ दिखाई पड़ती हैं। आज किसान की समस्याएँ और जीवन की जटिलताएँ भिन्न ढंग की हैं। खेती सिर्फ भरण -पोषण का जरिया ही नहीं है बल्कि उनकी आय का भी स्रोत है। किसान की भी जीवन-शैली में बदलाव आया है। आज किसान के सामने कई तरह की चुनौतियाँ हैं। अच्छी फसल और अच्छी आमदनी की उम्मीद में किसान कर्ज लेकर लागत लगाता है लेकिन आशाजनक परिणाम न मिल पाने के कारण तथा साथ ही कर्ज में डूबते जाने के कारण एक ऐसा भी वक्त आता है जब वह आत्महत्या कर लेता है। समकालीन हिन्दी उपन्यासों में विकास के नाम पर किसानों का भूमि अधिग्रहण, जल स्तर घटने से पानी की समस्या, फसल की लागत बढ़ने और आमदनी घटने की समस्या, कर्ज की समस्या, आत्महत्या की समस्या, सरकारी नीतियों का किसानों के प्रति उदासीनता इत्यादि पहलुओं का सूक्ष्म चित्रण मिलता है। कई समकालीन लेखकों ने समकालीन दौर में लिखते हुए भी आजादी पूर्व का विषय-वस्तु उठाया है। फिर भी हमारा लक्ष्य समकालीन लेखकों के लेखन का किसान संबन्धित विषय-क्षेत्र रहा है। भारत की करीब 69 फीसदी आबादी अभी भी गांवों में रहती है। गांवों का अनुभव संसार बड़ा है। अधिकांश कवि,लेखक का संबंध भी गांवों से ही रहा है। भले ही बाद में नौकरी इत्यादि के कारण पलायन कर शहरों में बस गए हों।

हमारे यहाँ 60 -70 फीसदी कृषि उत्पादन छोटे और सीमांत किसान ही करते हैं, इसके बावजूद कृषि क्षेत्र में सार्वजनिक निवेश लगातार घटता जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष और विश्व बैंक के मार्गदर्शन को अपनाकर चलने वाली जो भी सरकारें आई हैं, उन्होंने ग्रामीण विकास पर खर्च घटाएँ हैं। बीज,उर्वरक,सिंचाई और बिजली पर सब्सिडी में कटौती से उत्पादन लागत बढ़ती जा रही है। किन्तु इसके अनुपात में न पैदावार बढ़ रही है और न ही उपज का उचित मूल्य मिल रहा है। सरकार आए दिन न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा करती है परंतु उसका लाभ छोटे और सीमांत खेतिहरों को शायद ही मिल पाता है। आए दिन सूखे -बाढ़ की मार से फसल तबाह हो जाती है। फसल बीमा योजना को लागू करने की बात अक्सर सुनी जाती है मगर व्यवहार में कुछ नहीं हुआ है। पिछले डेढ़ दशकों से गांवों से लोगों का पलायन जारी है जिसके पीछे अनेक कारण हैं। गांवों के नाई ,तेली ,कुम्हार ,बढ़ई ,लुहार ,धोबी आदि बेरोजगार हैं। जुलाहों और धुनियों को काम नहीं मिलता। प्लास्टिक के बर्तनों ने कुम्हारों को बे
कर दिया है।

बीज शब्द: किसान,संस्कृति,शोषण, कर्ज,आत्महत्या, उपन्यास

मूल आलेख: समकालीन उपन्यासों में किसान के सामाजिक पहलू पर विस्तार से वर्णन मिलता है। किसान अपने सामाजिक सम्बन्धों से बंधा हुआ होता है । र
रहते हुए वह सभी तरह के रीति -रिवाजों का निर्वाह करता है। शादी -ब्याह,त्योहार,अनुष्ठान इत्यादि कार्यों को समय -समय पर करता रहता है। एक किसान
अपनी इज्जत और मर्यादा सबसे प्रिय होती है,उसी इज्जत और मर्यादा के लिए वह जीवन भर निरंतर संघर्ष करता है। वह अपनी इज्जत का मरते दम तक रक्ष
है। प्रेमाश्रम उपन्यास में जमींदार का कारिंदा गौस खाँ जब किसान मनोहर की पत्नी को धक्का देकर गिरा देता है और उसकी पत्नी मनोहर से उलाहना
मनोहर को यह बात बर्दास्त नहीं होती है और गौस खाँ की हत्या की योजना बनाकर उसी रात अपने बेटे के साथ मिलकर हत्या कर देता है। किसान अपने स्व
और आत्म-सम्मान के लिए हमेशा तत्पर रहता है। आजादी पूर्व इस आत्म-सम्मान की लड़ाई वह जमींदार और उनके कारिंदो से लड़ता था, जबकि आजादी
उसे यह लड़ाई सरकारी अमला से लड़ना पड़ता है। कर्ज के बोझ में दबे होने के कारण बैंक द्वारा बार -बार नोटिस देना, घर की कुर्की के भय से वह आत्म-स
लड़ाई में जब हार जाता है तो आत्महत्या कर लेता है। इस तरह की आत्महत्या का लंबा सिलसिला महाराष्ट्र,पंजाब,आंध्र प्रदेश,तमिलनाडु राज्य में देखा जा सक

भारतीय किसान का सबसे कमजोर पक्ष यह रहा है कि वह किसान होते हुए भी जाति,वर्ण और धर्म के कई सोपानों में बंटा हुआ है। किसानी पेशा होते हुए
ऊंच-नीच की भावना से ग्रस्त रहता है। उनके इस आंतरिक विघटन की वजह से ही एकजुटता नहीं आ पाती है, जिसके कारण वह शोषण के शिकार
शोषणकारी शक्तियाँ उन्हें बांटकर अपने शोषण के हथकंडे को जारी रखती हैं। 'बेदखल' उपन्यास में बाबा रामचन्द्र इस कमजोरी की पहचान करते हैं
किसानों की एकता पर बहुत ज्यादा ज़ोर देते हैं। वे जानते हैं कि यदि किसान एकजुट हो जाए तो जमींदार की बड़ी से बड़ी ताकत को उखाड़ देगा। "रर्ज
भगवान की बनाई हुई नहीं हैं। यह तो हमने -आपने बनाया है। बुनियादी तौर पर देखा जाए तो दुनिया के सब नर- नारी एक समान हैं। सुख -दुख,हानि -लाभ
एक है। जमीन,आसमान,हवा,पानी और आग में सबका बराबर का हिस्सा है। हिन्दू -मुसलमान में भी क्या फर्क है? सबको एक ही परमात्मा ने बनाया है।
और मजूरी करने वालों की सब जगह एक ही जाति है। यह सारा ढ़कोसला पैसे वालों और जुल्म करने वालों का है। जब तक लोग इस बात
समझेंगे,मिलजुलकर कोई बड़ा काम नहीं कर पाएंगे।"1

जमींदार के अलावा ऊंची जाति के किसान भी अपने से नीचे की जाति के किसान का हमेशा शोषण करते रहे हैं। अपने खेत में उनसे बेगार लेना, उनका हल
लेना, उनको कर्ज में फंसाकर उनका मानसिक-शारीरिक शोषण करना, यह उनके लिए सामान्य बात थी। इस वास्तविक सच्चाई को 'बेदखल' उपन्यास
ब्राह्मण पदारथ के माध्यम से समझा जा सकता है-"पदारथ का दबदबा इतना था कि कुर्मियान के लोग मौके पर अपना काम छोड़कर पहले उनका काम करत
मजूरी के नाम पर जो मिल जाता उसी से संतोष कर लेते थे। कातिक-आषाढ़ में हल- बैल भी देना पड़ता था। कुछ महाजनी से कुछ जिलेदार के साथ सांठ-गां
उन्होंने सारे कुर्मियान को नांथ रखा था।"2 गाँव की सामाजिक संरचना में जातिक्रम का सोपान खुले तौर पर दिखाई देता है। यह जाति व्यवस्था इतनी अंदर त
हुई है कि किसानों के साथ जातिगत अत्याचार की घटनाएँ भरी पड़ी हैं। जाति के आधार पर ही उन्हें मान-सम्मान मिलता है। ऊंची जाति के किसानों को लग
जाति के किसानों की अपेक्षा कम देना पड़ता था.......। खेती के संदर्भ में जमींदार एक प्रभावशाली वर्ग रहा है। कृषि की भूमि पर इसका अधिकार था

किसान से जमीन के बदले लगान वसूलता था। यह एक ऐसा वर्ग था जो सरकार और किसान के बीच बिचौलिया का कार्य करता था। यह अपनी सारी सुख और ऐय्याशी का भार किसान के कंधे पर डाल देता था। यानी किसान का खून चूसकर ही यह वर्ग अपने विलास की सामाग्री जुटाता था। इनकी क्रूरता और ऐ वर्णन आजादी पूर्व और बाद के उपन्यासों में भरे पड़े हैं।

किसान के लिए कुड़की उसके जीवन की सबसे अपमानजनक स्थिति होती है। कई बार पैदावार न होने के कारण किसान लगान चुकाने में देर कर देत जमींदार तहसील से मिलकर कुड़की की नोटिस दिखाकर कुर्की करवा देता था। किसानों का शोषण और बेदखल करने का यह सबसे क्रूर तरीका था। वैसे भी के घर टूटे -फूटे बर्तन,पुरानी झिलँगा चारपाइयों और खेती के लोहा -लक्कड़ के अलावा और होता क्या है, और इन सबकी कीमत ही क्या होती है। एकाक ज और एक- दो गायें -भैंसें निकलती हैं। लेकिन बेइज्जत करने के लिए कुड़कीवाले बर्तन -भांडा सब निकालकर बाहर कर देते हैं। गाय -गोरू कुड़क हो जाए तो -कलपता कुछ दूर उनके पीछे जाता है। कभी -कभी औरतें -बच्चे भी बिलखते हुए साथ हो लेते हैं। कुड़की का दिन किसान के लिए सबसे विपत्ति वाला दिन बेदखल उपन्यास में किसान झींगुरी सिंह के घर की कुड़की कुछ इसी प्रकार की होती है। "कुड़की !किसान के लिए सरकार की ओर से आने वाली सब बेइज्जती। अमरगढ़ की ठकुराइन ने सारी-सारी कार्रवाई बहुत गुप -चुप और होशियारी से की थी। अमरडीहा की जमीन पर जब बाजरे की फसल खड़ी थी, लगान की नोटिस देकर उसे बेदखली में निकाल लिया था और खड़ी फसल कटवा ली थी। फिर चुपचाप तहसील से कुड़की की नोटिस निकलवाई थी अ इंतजाम किया था कि बिना जानकारी के तामील दिखा दी जाए। फिर कुड़की का हुक्म। इलाके के जिलेदार और कुछ लट्ठबाज सिपाहियों को कुड़क अमीन कर दिया था ताकि कार्रवाई में कोई बाधा डाले तो वे वहीं निपट लें।"[3] जमींदार के आदमियों का लगान वसूलने का तरीका बहुत ही अमानवीय था। किसानों प बरसाना, धूप में मुर्गा बनाकर खड़ा करना, सुचित की दो किश्त बाकी थी, लेकिन जिलेदार ने सिपाहियों को हुक्म देकर सुचित को धूप में मुर्गा बनाकर ख दिया। उपन्यासकार ने सुचित के घर का दृश्य जिस प्रकार से खींचा है, उसे देखकर किसानों की स्थिति स्पष्ट हो जाती है। "ले-देकर उसके पास एक बैल था, दूसरों के साथ हरसझा करके जोतता था। कुर्मियान के और लोगों की तरह उसके पास भी फूंस की झोपड़ी थी जिसे हर साल गन्ने की पट्टी मांगकर छाना प हांडी में खाना पकता था जिसे रोज धोकर रस्सी के सहारे छप्पर में टांग दिया जाता था। हांडी फूट जाती तो बड़ी मुश्किल से कुम्हार के यहाँ से दूसरी आती थ और कठौती में खाना खाया जाता था। जस्ते का एक लोटा था जिसमें रखने से मट्ठा-दही खराब हो जाता था। कुम्हार के यहाँ से आई मेटियाँ और भुरकों से कि काम चलता था माँ और बीबी के पास सिर्फ एक-एक मोटिया धोती थी। वे टुकड़े पहनकर नहाती थी और धोती सूखने के लिए डाल देती थी। जब तक सूखती पहने झोपड़े में घुसी बैठी रहती थीं। दिन-भर खेत में खटने के बाद अवध के अधिकांश किसानों को यही इतना मयस्सर था। अगर सुचित के घर का एक-एक कुड़क हो जाता तो भी लगान की भरपाई नहीं हो पाती।"[4] इसके अलावा अपने रियाया से कई प्रकार के कर वसूलते थे, जिसे सुनकर ही अजीब लगता है। उ किसान सबसे नरम चारा था। हाथी खरीदने के लिए हथियावन, घोड़ा के लिए घोड़ावन, मोटर के लिए मोटरावन इत्यादि का भार किसानों पर ही पड़ता जमींदारिन ने तो हद कर दिया था, किसानों के बीच संवाद के माध्यम से उनकी पीड़ा को समझा जा सकता है " रामगंज की ठकुराइन तो औरों हद कर दी हैं।

"वो का किन्हीं भइया?"

"अरे वो धुरियावन लगाए हैं।.... जिस खोरि से गाँव के मवेशी चरने जाते हैं न, वह कोट के बगल से गुजरती है। कहती हैं, धूल उड़ती है तो उन्हें परेशानी होती वे भी मवेशी सवा रुपया साल धुरियावन लेंगी। नहीं तो जानवर नहीं निकलने देंगी।"[5]

गांवों में सामाजिक स्तर पर दलित जातियों की स्थिति सबसे खराब थी। सबसे ज्यादा परिश्रम इन्हीं जातियों को करना पड़ता था। सुबह से लेकर शाम तक मजदूरी करते थे। फिर भी इनकी स्थिति बहुत दयनीय थी। जमींदार भी इनसे बंधुआ की तरह काम लेते थे। इन्हें दो जुन का भोजन और साफ-सुथरा कपड़ा मयस्सर नहीं होता था। इनकी स्त्रियों का भी शारीरिक शोषण करने से नहीं चूकते थे। स्त्रियों के श्रम और शरीर दोनों का शोषण होता था। इनके पास खुद क नहीं होने के कारण एक तरह से यह भू-दास थे। जिस जमीन पर छप्पर डालकर रहते थे उस पर भी जमींदार का मालिकाना हक होता था। इसलिए उसकी बिना यह कुछ भी नहीं कर सकते थे। जमींदार वर्ग भी मजदूरी, पैसा नहीं बल्कि वस्तु के रूप में देता था। वह इतना ही अनाज देता था जिससे की वह जिंदा और सुबह से लेकर शाम तक उनके खेतों और घरों का काम कर सके। 'जमीन' उपन्यास का महकू इसी तरह का खेतिहर मजूदर है। इन्हें मजदूरी के रू अनाज मिलता था, वह भी पर्याप्त नहीं होता था। इसलिए अपनी भूख को मिटाने के लिए इन्हें तरह-तरह से व्यवस्था करनी पड़ती थी। "दँवरी में चलते समय बै करने लगते तो भूसे और ढाक के पत्ते पर उसे रोपकर एक ओर फेंक दिया जाता जहां पड़ा -पड़ा वह सूखता रहता। बाद में चमाइन आकर उसे बटोरत पछोरकर दाना अलग करती और टोकरी में भरकर ले जाती। उसे फरवार देते समय गोबर से कितना दाना निकला इसको लेकर हमेशा चख-चख होती।"[6] के गोबर से निकले अनाज को खाना उनकी बेतहाशा गरीबी को दर्शाता है। पेट भरने के लिए कितना अपमानजनक कृत्य करने पड़ते थे।

'जमीन' उपन्यास का गणेशपुर महज एक गाँव न होकर देश के लघु प्रतिरूप सरीखा है,जहां देश की राजनीति की प्रत्येक हलचल और समाज का हर रंग रेश है। आजादी का आना,विभाजन,गांधी की हत्या, प्रथम एवं द्वितीय आम चुनाव, भारत -चीन युद्ध और नेहरू की मृत्यु यह सारा घटनाक्रम उपन्यास के नेपथ्य में है। एक जमींदार की विलासतापूर्ण ज़िंदगी का वर्णन कुछ इस प्रकार मिलता है-"ठाकुर रौनक सिंह के नौकर-चाकर सुबह ही खेतों पर चले जाते हैं और ठाकु बादाम के हलुवे और छुहारों के दूध का नाश्ता करके ड्योढ़ी में दीवान पर ऊँघने लगते हैं। कोई दोस्त अहबाब या फिर कोई फरियादी आ जाता है तो थोड़ा व जाता है। दोपहर के खाने के बाद वह सोने के लिए आरामगाह में चले जाते हैं। तीसरे पहर आँख खुलती है तो हाथ-मुंह धोकर तरोताजा होते हैं और खस या वे शरबत लेते हैं। उसके बाद सिकटरी लताफ़त के अली के साथ बहली में बैठकर कस्बे मवाना का रुख करते हैं। कस्बे की सैर उनका खास शौक है। आस गांवों के सैर के शौकीन दीगर अमीर-उमरा भी आते हैं। उनसे थोड़ी गपशप हो जाती है,ताश या शतरंज की बाजी जमती है और फिर मयखाने में दारू का दौ है। हर शाम उनकी रंगीन ज़िंदगी को और रंगीन बना देती है।"[7] जमींदार एक अनावश्यक वर्ग था, वह सिर्फ किसानों के शोषण के लिए बना था। उसके खेती-किसानी होती। किसान लगान भी देता लेकिन अंग्रेजों ने भारत पर अपनी मजबूत पकड़ बनाने के लिए जमींदारों का एक ऐसा वर्ग तैयार कर दिया था, ही देश के किसानों का शोषण करके अंग्रेजों के प्रति वफ़ादार बना रहा। जमींदारों ने अंग्रेजी सत्ता के लिए ढ़ाल बनकर अपनी निष्ठा और वफ़ादारी उनके प्रति दिखाते रहे। जब स्वतन्त्रता आंदोलन ज़ोर पकड़ा तो इन्हें लगने लगा कि अब हवा का रुख बदल रहा है इसलिए उसमें से कुछ जमींदार वर्ग कांग्रेस से भी और देश आजाद होने के बाद सभी जमींदार कांग्रेसी हो गए। इतना ही नहीं बल्कि वे सीधे सत्ता के हिस्सेदार बन गए। 'जमीन' उपन्यास के भजन लाल जो क जमीनी कार्यकर्ता और गांधीवादी थे, आजादी के लिए पुलिस की लाठियाँ खाई, जमींदारों के जुल्म सहे। किन्तु जब देश आजाद हुआ तो वही जमींदार देश के बन गए। भजन लाल जैसे ईमानदार और निष्ठावान कार्यकर्ता हासिए पर चले जाते हैं। अत्याचार करने वाली शक्तियाँ आजादी के बाद भी अपना चोला ब मुख्यधारा में बनी रहीं । 'जमीन' उपन्यास में आजादी के बाद किसान और जमींदार के सम्बन्धों पर प्रकाश डाला गया है। जमींदारों को लगा कि अब जमींद वाली है तो उन्होंने एक चाल चली और अपने काश्तकारों को 'दमामी पट्टे' के नाम पर पैसा वसूलकर काश्तकारों को जमीन पट्टा करने लगे। किसान भी ज लालच में यहाँ-वहाँ से किसी तरह कर्ज लेकर जमींदारों से जमीन पट्टा करवाते हैं। चन्दन सिंह और रौनक सिंह जैसे जमींदार किसानों को मूर्ख बनाकर उन्मूलन से पहले ही ठग लेते हैं। जमींदार वर्ग कितना शातिर वर्ग था, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। "गाँव में आते ही रौनक सिंह ने ऐलान कर दिया अपने काश्तकारों के दमामी पट्टे करेंगे। या तो पट्टा कराओ, नहीं तो जमीन से इस्तीफा दे दो"[8] जमींदारों के इस षडयंत्र को रतनू जैसे सामान्य किसान समझ हैं और ठग लिए जाते हैं। जब जमींदारी उन्मूलन की खबर मिलती है तो किसान खुश भी होते हैं लेकिन जमींदारों की धूर्तता के बारे में सोचकर मायूस भी हो "रतनू जमींदारी ख़ात्मे की खबर सुनकर जितना खुश था,उतना ही उदास हो गया। खुश इसलिए कि वह हमेशा -हमेशा के रौनक सिंह के फंदे से निकल जा उदास इसलिए कि उसे पता होता कि सरकार कानून बना रही है तो वह दमामी पट्टा क्यों कराता। ..... बड़ी कुत्ती जात है जमींदार की। इन्होंने पहले ही सूंघ कि जमींदारी खत्म होने वाली है। बस,रगड़ दिये बेचारे काश्तकारों को। लूट -लूटकर घर भर लिए।"[9]

भूमि पर वर्चस्व और अधिकार ऊंची जातियों का ही था इसलिए वे पिछड़ी और दलित जातियों का निरंकुश और मनमाने तरीके से शोषण करते थे। जमींदार और खेतिहर मजदूरों का शोषण तो करते ही थे लेकिन उनकी मजबूरी का फायदा उठाते हुए उनकी स्त्रियों का भी शारीरिक शोषण करते थे। वे अपने शोषण में इस कदर जकड़ लेते थे कि लाचारी और बेबसी में समर्पण के अलावा कोई चारा नहीं बचता था। जमींदार ने रिवाज बना दिया था कि उसके किसी रैयत व होती है तो पहली रात जमींदार के यहाँ गुजारनी पड़ती है। ठाकुर चन्दन सिंह को गाँव के लोग सांड कहते हैं-छुट्टा सांड! चाहे जिसके घर में मुंह मार दिया उ सामने आया तो घुसेड़ दिया पेट में। उसके मारे न जाने कितने तड़प रहे हैं। औरत को देखते ही लटपटा जाता है चन्दन। पता नहीं क्या इलम ले रहा है जालि भी पानी वाली औरत हो,चन्दन की निगाह चढ़ी तो गई। लोभ-लालच,खुशामद-दरामद, धमकी -चमकी कुछ भी करना पड़े चुकता नहीं। आधे गाँव को कुरेल दिया है।"[10] चन्दन सिंह का खेतिहर मजदूर जब शादी करके अपनी पत्नी के साथ मालिक चन्दन सिंह का आशीर्वाद लेने हवेली में आता है तो वह कहता है

तुम दोनों मेरे मेहमान हो। महकू से कहता है कि आज रात तुम और तेरी बहू हमारे मेहमान रहेंगे। महकू को दूसरी कोठरी में भेज देता है फिर उसकी पत्नी अ
कमरे में ले जाकर ज़ोर-जबर्दस्ती करने लगता है। कोशिश के बावजूद भी जब चन्दन सिंह के हाथ नहीं चढ़ती है तो ठाकुर चन्दन सिंह आग-बबूला हो जात
उसके पति महकू को बुलाकर डांटता है। "क्यों बे,तूने अपनी जोरू को समझाया नहीं था?

"गलती हो गई, सरकार!"

"गलती के बच्चे! पता है -इसने हमारी तौहीन की है!"

महकू चन्दन सिंह के पैरो पर गिर गया, "यह तो बेकूप है, माफ कर दो, सरकार!"

"माफ कर दूँ – इस हरामजादी को?"

"हुजूर! जो सजा देना चाहें, मुझे दे लीजिये!"

चन्दन सिंह थोड़ा नरम पड़ा, "जा ले जा इसे हमारी आँखों के सामने से। शाम को अच्छी तरह समझा कर लाना"।

"अच्छा, मालिक!"[11]

काश्तकारों और खेतिहर मजदूरों की औरतों को जमींदार अपनी निजी संपत्ति समझते थे। उन पर अपना अधिकार जमाते थे। अपनी ताकत के बल एक ऐस
की शुरुआत कर दिये थे, जिससे की उनकी यौन इच्छाओं की पूर्ति हो सके। आश्चर्यजनक बात यह है कि लोग भी इसका विरोध करने के बजाय उसे स्व
परंपरा मानकर स्वीकार कर लेते हैं। महकू की बातों से स्पष्ट पता चलता है कि जमींदार के यहाँ अपनी पत्नी को भेजने में उसे किसी भी तरह की ग्लानि या अप
नहीं होता है।

"ओहो! तू तो एकदम पगली है। किसी रैयत की शादी होती है तो वह अपनी जोरू को लेकर मालिक के पैर छुवाने ले जाता है। वे दोनों एक रात मालिक यहाँ
बहू की वह पहली रात मालिक की होती है।"

अनारो तिलमिला उठी, "इन जमींदारों ने जैसे जमीन आपस में बाँट रखी है, वैसे ही रैयत -रियाया भी। ये रैयत की जोरू को अपनी जियादाद सिमझै! तूने प
नहीं बताया था। बता देता तो मैं वहाँ कभी न जाती।"

"जाती कैसो नहीं! यह तो गाँव की रीत है।" [12]

जमींदार समाज में हर प्रगतिशील बदलाव के विरोधी थे। ये कोई ऐसा अवसर नहीं देना चाहते थे कि समाज में जागरूकता बढ़े और उनकी पकड़ काश्त
कमजोर पड़ जाए। लड़कियों की शिक्षा-दीक्षा के लिए समाज-सेविका हरदेवी जी कन्या पाठशाला खोलने का आह्वान करती हैं तो जमींदार चंदन सिंह को सब
परेशानी होती है। वह अपने कारिंदों के माध्यम से लोगों के बीच कन्या पाठशाला के खिलाफ भड़काने की कोशिश करने लगता है। वह सोचता है कि हर
पाठशाला खोल देंगी तो मेरा कद घट जाएगा। जमींदार वर्ग कितना काइयां होता है वह अपने आगे किसी को सामाजिक,आर्थिक और राजनीतिक रूप से अ
नहीं देता है। वह कहता है कि "किसी भी सूरत में यह पाठशाला नहीं बननी चाहिए।" मिरची ने कहा, "अब तो गाँव की लड़कियां पढ़ -लिखकर मेम बनेगी
-फैट बोलकर मरदों पर हुकम चलावेंगी।" जमींदार के कारिंदा ने भी कहा कि "अगर लड़कियां को तालीम दी गई तो उन्हें पर लग जाएंगे। वे मर्दों का जीना ह
देंगी!"[13] वे सब गाँव में घूम-घूमकर कन्या पाठशाला के खिलाफ लोगों को भड़काने लगे। उन्हें यह बर्दाश्त नहीं है कि हरदेवी जैसी अनपढ़ समाज-सेविका ल
के लिए पाठशाला खोले। यह पितृसत्तात्मक समाज के लिए असहनीय बात है।

जमींदार वर्ग अपनी रैयत से बेगार लेने के लिए शोषण के कई तरीके निकाल रखे थे। थोड़े से कर्ज देकर फिर ब्याज पर ब्याज जोड़ते जाना। उसकी
उससे बेगार लेना। एक तरह से बंधुआ मजदूर बनाकर पीढ़ी दर पीढ़ी मजदूरी कराना जमींदारों का बहुत बड़ा हथकंडा होता था। महकू भी कुछ इसी प्र
खेतिहर मजदूर है। ठाकुर चन्दन सिंह हर साल दशहरे पर उससे अंगूठे का निशान ले लेता है। महकू को इसके बारे में कुछ ज्यादा समझ नहीं है। वह ब
जानता है कि उसके दादा ने चन्दन सिंह के दादा से दो बिस्सी और दस रुपए लिए थे। महकू कुल जमा बीस तक गिनती जानता है। लंबा -चौड़ा हिसाब उसक
में नहीं आता। सूद दर सूद कर्ज पहाड़ बन चुका है। महकू को मालूम है कि वह अपनी खाल बेचकर भी ठाकुर का कर्ज नहीं चुका सकता। तो फिर इसके अल
चारा है कि वह और उसका कुनबा ठाकुर की बेगार करता रहे। इस तरह के जुल्म और अत्याचार सामान्य बात हो गई थी। प्रेमचंद ने भी अपनी कहानी 'सवा
में बंधुआ मजदूर बनने की घटना का वर्णन किया है। कर्ज देकर हमेशा-हमेशा के लिए अपने शिकंजे में रखने की चालाकी जमींदारों के लिए बहुत मुफीद थी।
और खेतिहर मजदूरों की स्थिति दिन पर दिन बदतर होती चली जाती है। पीढ़ी दर पीढ़ी की गुलामी, जमींदारों के लिए मुफ्त में श्रम मिल जाता है और वे भी श
चक्र से बाहर नहीं निकल पाते हैं।

सामाजिक स्तर पर स्त्रियों को पुरुषों से कमतर आँका जाता है जबकि सच्चाई यह है कि वे पुरुषों से किसी स्तर से कम नहीं हैं। खेती -किसानी में महिल
बराबर की भागीदारी दिखती है। कई बार पुरुष की अनुपस्थिति में पूरी खेती वही संभालती हैं। चम्पा के पति रतनू को जब जमींदारों ने झूठे मामले में फंसा
भेजवा देते हैं तो उसके सामने सबसे विकट समस्या खेती की आती है। आखिर उसकी खेती कैसे होगी, खेती के बाकी काम तो वह कर लेगी किन्तु हल कैसे
हल चलाना ही ऐसा कार्य है, जिसे पुरुष ही करता है। किन्तु अब घर में पुरुष नहीं है तो हल चलाने की बड़ी समस्या चम्पा के सामने खड़ी हो जाती है। जमींदा
सिंह सोचता है कि अब कैसे इसकी खेती होगी। बिना खेती के चम्पा दाने-दाने को मोहताज हो जाएगी। चम्पा यहाँ बहुत धैर्य से काम लेती है। महकू को बुलाव
की गुहार करती है। महकू भी जमींदार का बंधुआ मजदूर है लेकिन वह मानवता के कारण एक अकेली स्त्री की सहायता के लिए आगे आता है और सुझाव
रबी की फसल हैं, एक पहर बाद सारा गाँव सो जाएगा,चाँदनी रात में हल चलाकर बीज बो देंगे। रात में तय समय पर महकू अपनी पत्नी अनारो को लेकर भी
है ताकि कोई अंगुली न उठाए और चम्पा भी खेत पर आ जाती है। चम्पा साहसी महिला है,कुछ देर बाद वह खुद महकू से हल लेकर जोतने का अनुरोध क
महकू मना करता है कि तुमसे नहीं हो पाएगा। बैल को हल का फाल लग जाएगा लेकिन आत्मनिर्भर बनने की ललक चम्पा को देखकर महकू भी रोक नहीं प
"महकू ने हल चम्पा को दे दिया है चम्पा का हाथ पूरी तरह सध गया है और खूड़ एकदम सीधा आने लगा है... कभी चम्पा हल चलाती तो कभी महकू। एक
तड़के तक उन्होंने पूरा खेत बो दिया।"[14] सुबह सब जगह शोर हो जाता है कि चम्पा के खेत की जुताई और बुआई हो गई। यह बात जमींदार तक पहुँचती
और अवाक हो जाता है। अपने स्तर से पता लगवाने में लग जाता है कि आखिर उसकी खेती हुई कैसे। अगले दिन चम्पा दूसरे खेत में हल चला रही थी तो इ
से पर्दा उठ गया कि उसके खेत को बोने कौन से भूत आए थे। गाँव वालों ने आज तक किसी औरत को हल चलाते हुये नहीं देखा था। यह खबर पूरे गाँव में
तरह फैल गई। लोग हल चलाती हुई चम्पा को देखने के लिए आने लगे। चम्पा किसी तरफ ध्यान नहीं दिया। वह अपने काम में लगी रही जब तक कि पूरा
नहीं दिया।

जमींदार को भला यह बात कैसे हजम हो सकती है। उसने लोगों के बीच तरह-तरह का अफवाह फैलाकर लोगों को भड़काने लगा और पंचायत बुलाकर सज
चक्कर में पड़ जाता है। उसको चम्पा के खिलाफ एक बड़ा मुद्दा मिल जाता है। सामाजिक रूप से पुरुष प्रधान समाज भी यह कैसे बर्दाश्त कर सकता है कि
हल चलाकर खेती कर ले। उन्हें अबला नारी का रूप ही पसंद है जिसमें असहाय और बेचारी का भाव दिखे। सबला नारी उनके पुरुषत्व के लिए चुनौती है। पं

चन्दन सिंह ने कहा, “पंचो, आज हमारे गाँव में एक अधर्म का काम हुआ है। रतनू की बहू चम्पा सरेआम हल चलाते देखी गयी है। सारा गाँव इसका गवाह
चलाना धरती माता के पेट को फाड़ना है। पाप है। यह भले आदमियों का नहीं, चांडालों का काम है। चम्पा हल चलाकर चांडालिनी बन गई है। इसके पाप
सजा पूरे गाँव को भुगतनी होगी! इंदर देवता नाराज हो जाएंगे। बरखा नहीं होगी। सूखा पड़ेगा और महामारी फैलेगी! इस सबकी जिम्मेदार सिर्फ चम्पा हो
चांडालिनी औरत को सजा जरूर मिलनी चाहिए। क्या सजा दी जाए, यह पंच तय करें।”[15] जमींदार सामाजिक अशिक्षा और अंधविश्वास का सहारा लेकर
महिला को सजा देने के लिए प्रयासरत है जिसने अपने हिम्मत और मेहनत के बल पर खुद हल चलाकर खेती की है। उसके इस साहसी कदम के लिए स
पुरस्कृत करना चाहिए लेकिन जमींदार समेत पूरा समाज दंड देने पर तुला हुआ है। एक महिला जब खेती का सभी कार्य कर सकती है तो हल चलाने में स
क्या समस्या है। दरअसल जमींदार ग्रामीणों की मूर्खता,कायरता और अशिक्षा के कारण ही शोषण और अत्याचार करते रहते हैं। समाज के ठेकेदारों को चम्पा
में मुंहतोड़ जवाब देती है। पंचायत में जब उसे बोलने का अवसर मिलता है तो लोगों को अपने तर्क से बोलती बंद कर देती है। चम्पा ने खड़े होकर कहना शुरू
“धरती हमारी माता है, यह सही है। लेकिन वह माता क्यों है! धरती से अनाज पैदा होता है और उससे हमारा पेट भरता है। धरती हमारी पालना करती है,
माता है। लेकिन धरती में हल नहीं चलाया जाएगा तो क्या अनाज पैदा हो जाएगा? और अनाज नहीं पैदा होगा तो धरती माता कैसे बनेगी? हल चलाना धरती
फाड़ना नहीं,उसकी सेवा करना है। और यही सेवा मैंने की है। हल चलाना पाप नहीं,पाप तो बिना मेहनत किए दूसरों की कमाई खाना है।”[16]

जगदीश चंद्र का ‘घास गोदाम’ उपन्यास 1985 में प्रकाशित हुआ था। दिल्ली महानगर के सटे गाँव और उनके किसानों की दारुण कथा का वर्णन इस उप
मिलता है। दिल्ली महानगर का विस्तार उसके आस-पास के गांवों की जमीन को अधिग्रहित करके किया गया है। मुख्यतः वहाँ जाट किसान ही रहते हैं। प्रहल
इस उपन्यास का नायक है, जिसके इर्द -गिर्द कथा बुनी गई है। किसान के पास उसकी जमीन ही पूंजी होती है। यदि जमीन सरकार द्वारा अधिग्रहित हो जा
उसे जमीन के बदले कुछ मुआवजा मिलता है। वह राशि कुछ दिन तक भले ही किसान को चकाचौंध की दुनिया में डाल दे लेकिन जमीन जाने की भरपाई सं
हो पाती है। पैसे आने के बाद किसान किस तरह अपने पैसे को इधर-उधर लगाकर खर्च कर देता है। उसके साथ ही फिजूलखर्ची की आदत पनप जाने के क
उस पैसे को खत्म होते देर नहीं लगती है। किसान प्रहलाद सिंह को उसकी जमीन के बदले जो पैसा मिलता है उस पैसे को अपने घर बनाने में लगा देता है
पूरा नहीं होता है और पैसा सब खर्च हो जाता है। उसकी पत्नी उसे कोई काम-धंधा के लिए कहती रहती है किन्तु हर बार काम तलाश करने का आश्वासन दे
देता है। “मुझे तो हर समय चिंता घेरे रहती है। खेती खत्म हो गई है। बिना कमाए कब तक खाएँगे ... पानी पाताल से न आए तो कुएं भी सूख जाते हैं। बिन
खाओ तो कुबेर का भंडार भी खाली हो जाता है। नूं कहूँ कि कुछ न कुछ काम धंधा शुरू कर ही दे”[17] जमीन चले जाने के बाद दिन-भर निकम्मा की तरह म
फिरता है। शराब और जुआ की लत लग जाती है। एक ऐसी भी स्थिति आती है कि घर में खाने के लिए दाने तक नहीं होते हैं। बनिया से किसी तरह उधार लेक
है तब जाकर घर के चूल्हे जलते हैं। किसान के पास जमीन होती है तो वह उसका खुद का रोजगार है। किसान अनाज के लिए कभी मोहताज नहीं होता है। कृ
में लगे होने के कारण उसे बेरोजगार होने की अनुभूति नहीं होती है।

किसान की जमीन ही उसकी ताकत होती है। जिस किसान के पास जितनी जमीन होती है उसका उतना सम्मान भी होता है। लोग कर्ज या उधार भी इसी
देते हैं कि अगली फसल होगी तो किसान अपना कर्ज चुका देगा। जमीन ही उसके विश्वास की पूंजी होती है। गाँव का दुकानदार दुनीचन्द भी अब किसानों क
देने से डरने लगा है। अपने मन का भाव दुकानदार दुनीचन्द कुछ इस तरह प्रकट करता है- “आप तो जानते ही हैं कि गाँव की दुकानदारी उधार के बिना नही
मुझे और मेरे पुरखों को भी गाँव की दूकानदारी का यह नियम निभाना पड़ा है। गाँव में शायद ही कोई घर होगा जो मेरा कर्जदार नहीं है। जमीन थी तो पता था
बार नहीं तो अगली फसल पर पैसे निकल आएंगे। आसामी के मुकरने का भी डर नहीं था, क्योंकि उधार के बिना उसका भी निर्वाह नहीं था लेकिन अब जमा
गया है....... जमीनें बिक गई हैं...... इनकी नियत भी बदल सकती है।”[18]

किसानों की जमीनें जा रही हैं, किसान अपनी जमीन को लेकर परेशान है। उन्हें जमीन की रेट को लेकर शिकायत है। जमीने जाने से उनके मन में बेचैनी
बहती गंगा में हाथ धोने में दुकानदार से लेकर पटवारी तक सभी लगे हुए हैं। पटवारी मुखिया की कुछ जमीन षडयंत्र करके मंदिर के नाम करवा देता है। पु
साथ मिलकर मंदिर के ट्रस्ट का सदस्य बन जाता है। उसे पता है कि आने वाले समय में यह जगह बहुत कीमती होगी, “अगर यह काम हो जाए तो सड़क
आठ दुकानें बन सकती हैं। चार तुम्हारी और चार मेरी। वक्त आने पर यही दुकानें पुश्तों की रोटी पक्की कर देंगी। तुम भी इत्मीनान से रहना और मैं भी
दिन काटूँगा।”[19] पटवारी गाँव को बदलते हुए बहुत करीब से देख रहा है। किसानों के बारे में उसके पास पूरी जानकारी रहती है। गांवों में आ रहे सामाजिक
की शिनाख्त करते हुए दुनीचन्द से कहता है कि “दुनीचन्द, गाँव बहुत तेजी से बदलने लगा है। कपड़ा-लत्ता देख कोई कह सकता है कि यह किसानों का गाँव

“ हाँ पटवारी जी, इनका कपड़ा-लत्ता, खाना-पीना और उठना-बैठना तो बदल ही रहा है, दिल-दिमाग भी बदल रहा है। परसों मैंने रणसिंह को बुलाया कि अप
खाता देखने .... उसने सवेरे ही शराब पी रखी थी ..... मेरी बात सुन वह भड़क उठा और गाली देकर बोला कि वह यहीं खड़ा-खड़ा पूरी दुकान खरीद
किसानों की जमीनें बिकने के बाद उनकी जीवन-शैली में अचानक बदलाव आ गया है। रहने का तौर-तरीका खर्चीला हो जाता है लेकिन पैसे का सही इस्तेम
हो पाने के कारण पैसा धीरे-धीरे समाप्त हो जाता है, फिर वहीं से उनकी आर्थिक दिक्कतें शुरू हो जाती हैं। कर्ज और शराब की लत में डूबे किसान प्रहलाद
एक ऐसी स्थिति आती है कि रामदयाल के खोखे पर जहां उसका अड्डा जमता था। मनचले और मनबढ़ लड़कों से जुआ में हार-जीत को लेकर लड़ाई कर
आवेश और क्रोध में आकर लड़ाई मौत में बदल जाती है। गुस्से में प्रहलाद ने लड़के को उठाकर ईंट पर पटक देता है और वहीं उसकी मृत्यु हो जाती है। फि
एक किसान परिवार का त्रासद अंत हो जाता है। उसकी पत्नी अंगूरी बेटे को गोद में लेकर कोर्ट-कचहरी का चक्कर लगाने लगती है। प्रहलाद ने मकान को
रखकर कर्ज लिया था। अब अकेली औरत, एक बच्चे का गुजारा कैसे होगा, यह समस्या खड़ी हो जाती है। खेत बिकने का सिलसिला शुरू होकर उसके घ
और उसके जेल जाने तक चला जाता है। अंगूरी जब अदालत से सुनी आँखों से झाकती हुई बाहर आई तो रामदयाल ने अफसोस प्रकट करते हुए कहा, “इ
को तो दोहरी मार पड़ी है। .....आदमी चौदह साल के लिए जेल में बंद हो गया और ऊपर से घर भी गिरवी रख गया। सिर पर आदमी का हाथ और छत का स
तो जीना बहुत कठिन हो जाता है।” [21]

राजू शर्मा का उपन्यास ‘हलफनामे’ 2007 में प्रकाशित हुआ था। इस उपन्यास में किसान आत्महत्या के कारणों की पड़ताल करने का प्रयास किया गया है।
का मुख्य पात्र मकई राम पेशे से बिजली मिस्त्री है। उसका पिता स्वामीराम एक किसान है। पानी खेती का वजूद है बिना पानी की व्यवस्था के खेती की क
नहीं की जा सकती है। पानी का संकट किसान के लिए जीवन का खतरा बन जाता है। स्वामीराम एक के बाद एक कई बोरिंग कराया लेकिन बोरिंग सफल
पाती है। इस कारण से उसकी आर्थिक स्थिति खराब हो जाती है। सरकार की तरफ से भी कोई मदद नहीं मिलने के कारण उसकी मनोस्थिति अवसाद में च
है। इसलिए वह आत्महत्या को जीवन का अंतिम विकल्प के रूप में चुन लेता है। जीवन का अंत करके जहां स्वामीराम का जीवन संघर्ष खत्म होता है वहीं
राम का संघर्ष शुरू होता है। शासनतंत्र की निर्दयता और असंवेदनशीलता का वृतांत इस उपन्यास की धुरी है। “किसान जब आत्महत्या करता है तो वह ज़िं
मौत के बीच अवसाद पूर्ण चुनाव नहीं है, बल्कि ज़िंदगी के लिए संघर्ष की आजादी का लोप है। मौत का चुनाव किसान नहीं करता बल्कि तंत्र उसका
अधिकार छीन लेता है।” [22] पिता के आत्महत्या के बाद मकई राम अपनी ज़िंदगी में अलग-थलग पड़ जाता है। उस कठिन स्थिति में उसका दोस्त सुदर्श
समझदारी और ज्ञान से मकई राम को किसानों के संघर्ष से परिचित कराता है। पत्रकार पी. साईनाथ समेत अर्थशास्त्रियों के वक्तव्यों को लेकर चर्चा करता है
और मायूस मकई राम के जीवन में सुदर्शन अपने ज्ञान से बाहरी दुनिया से परिचित कराता है।

वीरेंद्र जैन का उपन्यास ‘डूब’ विकास के नाम पर अपनी जमीन से किसान के उखड़ने का दर्द और पीड़ा समेटे हुए है। ‘राजघाट नदी परियोजना’ जहां कुछ
लिए खुशहाली का प्रतीक है, वहीं दूसरी ओर कई गाँव को उजाड़ने के लिए शोक का प्रतीक भी है। लड़ैई गाँव इस उपन्यास का केंद्र बिन्दु है। माते इसका मु
है। ग्रामीण समाज के विस्थापन की चिंता और उससे उपजी त्रासदी का चित्रांकन यथार्थवादी ढंग से हुआ है। ‘डूब’ उपन्यास क्षेत्र विशेष की जनता का सुख-
विस्थापन की समस्या को जीवंत कर दिया है। एक ऐसे जन-जीवन का चित्रण है जो बेतवा नदी पर बन रही राजघाट बांध परियोजना से डूब क्षेत्र में आए हुए
परिवारों की मानसिक स्थिति का चित्रण है। एक समाज जो बहुत दिनों तक एक साथ रह रहा है। एक साथ खेती कर रहा है। उसे अचानक यह पता चले कि
घर,खेती, बाग-बगीचा,स्कूल सब छोड़कर जाना होगा। कहाँ जाना होगा, उसे यह भी नहीं पता है। “जगह के बदले जगह नहीं दे सकी उन्हें सरकार। सरका
दिया कि फिर से बसने के लिए दो हजार रुपया हमसे लो और जहां जगह मिले जा बसो। हमारे पास जगह नहीं है तुम्हें बसाने की।”[23] मुआवजा के
अधिकारियों की खानापूर्ति और असंवेदनशीलता सीधे-सादे किसानों के लिए कठिनाई को बढ़ाने वाली हैं। आर्थिक रूप से सम्पन्न बनिया वर्ग धीरे -धीरे शहरों
लगता है। हीरा साव, मोती साव,अट्टू साव इसके उदाहरण हैं किन्तु किसान के लिए एक स्थान को छोड़कर दूसरे स्थान पर जाना किसी मुसीबत से कम नहीं
गाय,भैंस,बकरी, खेत -खलिहान, बाग -बगीचा को छोड़कर जाना संभव नहीं है। “जिनका कहीं और ठिकाना नहीं बैठा, वे सब जा बसे ललितपुर में। जितनी

कभी भेंस तक न बांधी थी,उतनी जगह में मय भेंस के रहते हाँ वे।"24 विस्थापन की पीड़ा को महज कुछ मुआवजा से नहीं चुकाया जा सकता। अपनी विस्थापित होने का दर्द उस किसान को ही पता होता है। मुआवजा के नाम पर दफ्तर का चक्कर लगवाना, उन्हें तरह-तरह से मानसिक रूप से परेशान उपन्यासकर ने बड़ी संवेदना और अनुभूति के साथ चित्रित किया है। अब भी हमारा घर बार भले ही देश की खातिर छूटेगा, देश का विकास आवश्यक है इ हमें अपनी जमीन से उखड़ना होगा।, मगर हमारा मन कहता है कि इसे कुर्बानी कोई नहीं मानेगा। जब सरकार तक मानने को तैयार नहीं!

वह कहती है कि हम खरीद-फरोख्त कर रहे हैं। पैसा लो और जाओ। जब ऋण ही नहीं तो उऋण होने का प्रश्न ही कहाँ?

नहीं नहीं पैसे से हर वस्तु का मोल नहीं लगाया जा सकता। अगर पैसे से सब संभव है तो दे दें यही पैसा उन शहरातियों को,उन कल -कारखाने वालों को,जिन्हे की जरूरत है! कह दे उनसे की लो भाई, इतनी रकम खर्च करने पर बांध बनता, उससे बिजली बनती। अब यह पैसा तुम रखो और समझ लो कि यह बिजली

किसानों के सीधेपन का फायदा अधिकारी और बनिया वर्ग कैसे उठाता है, उपन्यास में भली-भांति पता चलता है। मुआवजा के नाम पर शहर में ले जाकर किसानों का नसबंदी करवा देना ताकि अधिकारी चलाई जा रही नसबंदी योजना के लक्ष्य को पूरा कर सकें। बड़ी चालाकी से गाँव के बनिया के माध्यम से का लालच देकर किसानों के साथ विश्वासघात कर दिया गया। हीरा साव सभी किसानों को एकजुट करते हैं और कहते हैं कि चंदैई में एक कलक्टर है वही तय कर रहा है। जो खेत को जोतता -बोता है वही उसका मालिक है उसकी निगाह में। हीरा साव गाँव वालों समझाते हैं, "उसने कहा है हमसे कि आप अपन सोलह बरस से पचास बरस के बीच के जो-जो आदमी-बच्चे खेत में काम करते हैं, उन सबको लेकर चंदैई आना। हम उनके नाम जमीन का पट्टा लिखे मालिकाना हक देंगे। उस जमीन की कीमत का कागज देंगे। उस कागज के मुताबिक सरकार के खजाने से मुआवजा मिलेगा। कहीं अंत रहने को जगह मिले

सरकार को किसानों के बच्चों की शिक्षा से कोई लेना-देना नहीं है। उनके मदरसे से शिक्षक को हटा दिया गया है। क्योंकि वह जगह डूब क्षेत्र में आ रही है। को कह दिया गया है अब आपका ट्रांसफर कहीं और कर दिया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ सरकार ने राजघाट बांध पर काम के लिए आए हुये सरकारी कर्मच बच्चों हेतु एक केंद्रीय विद्यालय खोल रखा है ताकि तबादला होने के बाद भी उनके बच्चों की शिक्षा में किसी तरह का रुकावट न हो। इसके अलावा राजघाट काम करने के लिए आए सरकारी कर्मचारियों की गृहणियों के लिए कुटीर-उद्योग तथा उनके लड़कों के लिए जिनका पढ़ाई में मन नहीं लगता है उन हस्तकला,काष्ठकला, तकनीकी शिक्षा का केंद्र स्थापित कर दिया गया है ताकि वे भी आत्मनिर्भर बन सकें। सरकार अपने कर्मचारियों की चिंता में दुबली ह उनके लिए एक-एक पल की चिंता है। माते ही एक ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें अपने गाँव के लोगों की चिंता बराबर रहती है। वह एक-एक घटना पर बारीक नज़र उम्र के अंतिम पड़ाव में भी जिस तरह का सूझ -बुझ रखते हैं। वाकई यह अद्भुत लगता है। माते जानते हैं कि मुआवजा मिलते ही ये सीधे-सादे किसान कुछ लिए अपना दुख भूल जाएंगे। उन्हें अपने भविष्य की चिंता नहीं दिखेगी। "ये तो यही सोचकर खुश हो जाते हैं कि अब ये भी रेडुआ खरीद सकेंगे..... बैंक मूरख तो इस सोच के चलते खुश हो रहे हैं कि ये भी अब साइकल खरीद सकेंगे। ताकि उस पर बैठकर छिन -छिन पीछे राजघाट जा सकें। ...... पांडे बाबू! ये में इतने खुश हैं कि ये भी पंगत दे सकेंगे। उस पंगत में जीमने को बुला सकेंगे उन तमाम लोगों को, जो जा बसे हैं ललतपुर कि रेलपटरी के इस तरफ। ज छोड़कर दड़्बे में रहते हैं अब। हल की जगह फावड़ा आ गया है जिनके हाथों में। ..... बामन महराज! ये यही सोच सोचकर खुश हो रहे हैं! ये नहीं सोचना च तब ये उस रेडुआ को बजाएँगे कहाँ, साइकल को चलाएँगे कहाँ, पंगत को जिमाएंगे कहाँ? इनके खयाल में तो यह भी नहीं आ रहा इस समय कि मुआवजा बाद ये जिएंगे क्योंकर, कब तक, और कैसे?" 27

किसानों की मजबूरी का फायदा बनिया वर्ग उठाता है। पहले से ही कर्ज देकर उन्हें अपने चंगुल में फंसा रखा है। बस उन्हें किसानों का मुआवजा मिलने का है। कितने तो अधिकारी से मिलकर मुआवजा के समय तुरंत अपना कर्जा वसूल लेते हैं। सावों की साहूकारी चलती रही। हर मौके पर साहूकार हाजिर रहते है सूद पर ले लो जब आ जाए तो दे देना। यदि सूद पर नहीं लेना है तो जमीन ही बेच दीजिये, साव लोग सरकार से वसूल कर लेंगे। ललितपुर के साहूकारों के मज हैं। हीरा साव को खुद शुरू -शुरू में हैरानी होती थी कि जिस ललितपुर में कोई उद्योग और व्यापार नहीं,कल-कारख़ाना नहीं,मंडी नहीं, सरकारी दफ्तर- तामझाम नहीं, वहाँ के लोग इतने सम्पन्न कैसे हैं? हीरा साव जैसे ही इस रहस्य को समझते गए वह भी अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण होते गए। "इसी ललितपुर से रुपया उठाकर हीरा साव ने गाँव छोड़कर भागने वालों की जमीनें खरीदी हैं। सूद बढ़ रहा है तो क्या हुआ! कोई साहूकार नहीं कहता कि रकम चुकाओ ललितपुर के साहूकारों में। जीतने घर उतने साहूकार,यानी ललितपुर। ललितपुर कि जैसी बैठक वैसा ब्याज"। 28

'डूब' उपन्यास में किसानों के सामाजिक सहजीवन की बहुत मार्मिक अभिव्यक्ति हुई है। किसी मसले पर पंचायत की बैठक में माते जिस तरह से अपने सु निर्णय देते थे, वह सभी के लिए स्वीकार्य होता था। लड़ेई गाँव के एक-एक पात्र अपनी व्यक्तिगत और सामाजिक पहचान के साथ उपस्थित हैं।

फांस – यह उपन्यास 2015 में अपने प्रकाशन के साथ ही चर्चा में आ गया था। लेखक संजीव ने विदर्भ के किसानों का जीवंत दस्तावेज़ लिखा है। कि आत्महत्या देश के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। यह समस्या विकराल बन चुकी है। उपन्यास विदर्भ के किसानों के सामाजिक जीवन का परत-दर-परत करता है। एक किसान को सिर्फ आर्थिक समस्याओं से ही नहीं जूझना पड़ता है बल्कि अपने आसपास की सभी समस्याओं से लड़ना पड़ता है। संजीव ने मह यवतमाल जिले के बनगाँव का चित्रण किया है,जो विदर्भ क्षेत्र का हिस्सा है। लेखक ने उपन्यास में किसी एक को नायक नहीं बनाया है बल्कि अलग-अलग परि ही नायकत्व प्रदान करती हैं। उपन्यास की रचनाशीलता उपन्यास के किसी तय मापदण्डों पर नहीं हुई है। लेखक विदर्भ के किसानों के जीवन की त्रासदी चाहा है,वह त्रासदी ही मिलकर उपन्यास की संरचना को निर्मित करते हैं। कोई भी मनुष्य बिना सामाजिक गतिविधियों के संचालित नहीं होता है। जिस तरह क रहेगा उसी तरह का सामाजिक दबाव भी उसे झेलना पड़ता है। 'गोदान' का होरी अपने समय के सामाजिक दबावों को बड़ी धैर्यता के साथ झेलता है लेकि धनिया और गोबर के अंदर आक्रोश है। वे पंचायत और समाज के ठेकेदारों को चुनौती देते रहते हैं लेकिन होरी तथाकथित 'मरजाद' की रक्षा के लिए अपना गंवाने को तैयार रहता है। पितृसत्तात्मक समाज में पुरुष ही सामाजिक नैतिकता को तय करता है और उसी मापदंड पर महिलाओं को भी चलने के लिए मजबू है। उस मापदंड पर महिलाओं या समाज का न चलना ही उसके लिए सामाजिक और नैतिक पतन जान पड़ता है। अमूमन लड़कियों को लेकर जिस तरह उत्तर भारत के प्रान्तों में है, उसी प्रकार की सोच विदर्भ के गांवों में भी दिखाई देती है। स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम होने के कारण जब शिबू की छोटी लड़क घर नहीं लौटती है तो पूरे गाँव में आग की तरह बात फैल जाती है। मंदिर का पुजारी भी आग में घी डालने का काम करता है। हर कोई से खुद पूछता है फि है-" हमें तो पहले से ही पता था कि एक दिन यह होकर रहेगा। और पढ़ाओ मुलगियों को,जैसे पढ़-लिखकर बैरिस्टर बनेंगी। "29 शिबू इस वाक़या से एकदम हो जाता है। गाँव के लोग जिस तरह कानाफूसी करते हैं वह व्यथित और बेचैन हो जाता है। इसका परिणाम यह होता है कि घर में लड़की को लेकर पति महाभारत मच जाता है। बाप इस बात पर अड़ जाता है कि अब दोनों बेटियों का स्कूल जाना बंद होगा। इस तरह की छोटी-छोटी बातों से लड़कियों व छोड़वाने की घटनाएँ हमेशा घटित होती रही हैं। लेखक ने समाज की दकियानूस सोच को बहुत गहराई से पकड़ा है। भारतीय समाज की यह बहुत बड़ी सच्चा

उपन्यासकार ने उपन्यास की शुरुआत में ही ग्रामीण सामाजिक व्यवस्था का विवरण दिया है। भारतीय गांवों में सवर्ण जातियाँ अवर्ण जातियों से दूरी बनाकर उनकी बस्ती अलग रहती है। अधिकांश खेत भी उन्हीं के पास होते हैं,दलित जातियाँ उनके खेतों पर काम करके अपना जीविकोपार्जन क "मराठों,महारों,चमारों,कुनबियों,माँग,मछुआरों और आदिवासी की मिश्रित आबादी है। ब्राह्मणों ने गाँव से हटकर एक किलोमीटर उत्तर बांध के नजदीक अलग बसा लिया है-शायद छुआ जाने के भय से। बोले तो,बांध,बाग,उर्वर खेत सब उनके या सम्पन्न मराठों के मगर मजदूर इस बनगाँव के।" 30 दलित जातियों के का खेत बहुत कम होता है। वह ऊंची जाति के किसानों के खेत पर मज़दूरी करते हैं या उनका बटाई पर खेत लेकर खेती करते हैं। बटाई पर खेती क किसानों को और भी मुश्किल होता है क्योंकि उनके नाम से जमीन न होने के कारण उन्हें बैंक लोन भी नहीं देता है और फ़सल बर्बाद होने के कारण यदि आत्महत्या करता है तो सरकार मुआवज़ा भी नहीं देती है। यही समस्या महिला किसानों के साथ भी आता है और पुरुष के साथ दिन-रात खेतों में काम करती सरकार की परिभाषा में महिला किसान की श्रेणी में नहीं आती। उपन्यास का एक पात्र आशा, जिसका कपास पानी में भींग जाने के कारण बर्बाद हो जाता है वह अवसाद और हताशा में चली जाती है। "सोचा था, भगवान एक बार सुन लेगा तो ठीक-ठाक घरों में पार-घाट लग जाएंगी मुलगियाँ (लड़कियाँ)। लेकिन मेरे जी का जंजाल हो गई और ज़िंदगी भी। धत् तेरी ज़िंदगी की! बोरे से ढ़ककर रखा था कीटनाशक सल्फास-फसल के कीड़े मारने के लिए आया था। जरू पड़ी। आज जरूरत है, इसी की जरूरत!" 31 आशा की आत्महत्या के बाद निरीक्षण के लिए आए हुए सरकारी अमला उसके पति सुरेश से तरह-तरह के प्रश्न मसलन- तुम दोनों के बीच कोई झगड़ा तो नहीं हुआ था?.....तुम दारू पीते हो?....तुम्हारे या तुम्हारी बीवी के किसी गैर से संबंध थे? इस तरह के सवाल

अधिकारी खानापूर्ति कर लेते हैं और अंततः महिला किसान आशा वानखेड़े की आत्महत्या को किसान मुआवजा के लिए अपात्र घोषित कर दिया जाता है किसान की आत्महत्या को घरेलू झगड़े से जोड़कर देखा जाता है। यह एक बहुत बड़ी सामाजिक विडम्बना है।

उपन्यासकार ने समाज में फैली मृत्यु भोज की कुरीति को भी चित्रित किया है। समाज में मृत्यु के बाद भोज खिलाने की परंपरा समाज का अभिन्न हिस्सा बन मृतक चाहे जवान हो या वृद्ध श्राद्ध खिलाना अनिवार्य है। सामाजिक दबाव एवं लोक-लाज के भय से गरीब से गरीब व्यक्ति कर्ज लेकर इस क्रिया को पूर्ण व कई बार यह भी देखा गया है कि परिवार का सदस्य गंभीर बीमारी या दुर्घटना में मौत का शिकार होता है और परिवार शोक में डूबा रहता है, कर्ज लेक कराता है, ऐसी दुखद परिस्थिति में भी समाज के ठेकेदारों को भोज खिलाना पड़ता है। इस सामाजिक बुराई को धर्म से संबद्ध करके चिरस्थायी और अनि दिया गया है। ब्राह्मण को भोज खिलाने और दान देने से मृतक व्यक्ति को मुक्ति मिलेगी, यह लालच धर्म की आड़ में दिखाया गया है। इसलिए आशा की उसका पति सुरेश अपने मित्रों से मृत्यु भोज के बारे में सलाह-मशविरा करता है। उसके दोस्त कहते हैं कि घर का सारा पैसा और संपत्ति उसी का बनाया हुअ भी उसी का खरीदा हुआ है, बेच दो दो-तीन एकड़ लेकिन उसका श्राद्ध कायदे से होना चाहिए। वह कहता है- “श्राद्ध तो कायदे से होगा ही, नहीं तो हम बिरा दोस्तों में मूँ कैसे दिखाएगा?”32 साधारण आदमी के लिए बिरादरी का भय बहुत बड़ा होता है। सामाजिक मर्यादा का बोझ उसके ऊपर ही सबसे अधिक ‘गोदान’ का होरी भी इसी बिरादरी के भय में जीता है, पंचायत द्वारा लगाया गया डांड के रूप में अपनी अनाज को अपने ही हाथ पंचों के घर पहुंचा देता है। स कुरीतियाँ मनुष्य के जीवन को इस तरह जकड़ रखी हैं कि सामान्य मनुष्य उसे चुनौती नहीं दे पाता है।

उपन्यासकार संजीव ने विदर्भ क्षेत्र का रिपोर्ताज पेश किया है, वहाँ हो रहे सामाजिक बदलावों को बारीक नजर से पकड़ा है। दलित जातियों में हिन्दू धर्म को बौद्ध धर्म अपनाने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। डॉ॰ भीमराव आंबेडकर द्वारा बौद्ध धर्म अपनाने के कारण और उनका कर्मक्षेत्र महाराष्ट्र होने के कारण दलित जातियों में बौद्ध धर्म के प्रति रुचि बढ़ी है। हिन्दू वर्ण व्यवस्था में छुआछूत का भेदभाव अत्यधिक होने की वजह से ये लोग दिन-प्रतिदिन जातिगत श शिकार होते रहे हैं। किन्तु अब उनके अंदर आंबेडकर के प्रभाव से सामाजिक चेतना पैदा हो रही है। इसलिए वे हिन्दू धर्म को त्यागकर बौद्ध धर्म की तरफ ब उपन्यास की प्रमुख पात्र शकुन जो दलित महिला है वह पहले हिन्दू थी, गाँव के मंदिर की साफ-सफाई भी करती थी। लेकिन उसने बौद्ध धर्म अपना लिया। अ शिबू को भी बौद्ध धर्म अपनाने के लिए कहती रहती है। “तुम कैसे भूल जाते हो कि हमारे पुरखे कभी पीछे झाड़ बाँधकर और हाथ में डुब्बा लेकर चलते, ता की अपनी छुई जमीन अपवित्र न हो जाए। बाबा साहब के लाख बुलाने पर भी जो न आ पाए, उन्हें तुम आदमी कहते हो? केंचुए हैं केंचुए...... मैंने कि समझाया दीक्षा ले लो, दीक्षा ले लो मगर तुम.......? आज भी उसी मंदिर में मत्था टेकने जाते हो, जिसका पुजारी पहले बाग के संतरों की लालच दे-देकर मुझे प कोशिश करता था। और अब बगुला भगत की तरह मंदिर के ऊँचे चबूतरे पर बैठकर नहाती औरतों और स्कूल जाती मुलगियों को घूरता रहता है।”33 अंततः वह भी बौद्ध धर्म अपना लेता है। अपनी लड़कियों के लिए रिश्ता हिन्दू धर्म में खोज रहा था किन्तु अब वह बौद्ध लड़का शादी के लिए खोजने लगा। जहाँ द कर्ज का झंझट नहीं है। एक निम्न वर्ग के किसान के लिए खेती के बल पर लड़की की शादी करना, कठिनाई भरा रहता है। दहेज के रूप में पैसे की माँग त खर्चे का भार उठाना, बहुत मुश्किल होता है। शकुन का पति शिबू दो लड़कियों की शादी के लिए दहेज की माँग सुनकर चिंतित और बेचैन हो जाता है। वह व “इसलिए तो शादी.......। अगर लाख रुपए की डिमांड न होती। कहाँ से लाऊं? अब इस शेती में और बरक्कत तो होने से रही।”34

उपन्यासकार ने विदर्भ के किसानों के बीच शराब की लत को व्यापक समस्या के रूप में दिखाया है। कर्ज के तले दबे किसान अपने अवसाद और हताशा करने के लिए शराब की लत में डूब जाते हैं किन्तु घर की आर्थिक स्थिति और भी कमजोर होती जाती है। इसके कारण घर में कलह भी बढ़ता जाता है। विद वर्धा में गांधी जी की कर्मभूमि होने के कारण शराब बंद है फिर भी धड़ल्ले से बिकती है। महिलाओं ने शराब बंद कराने के लिए मुहिम छेड़ा हुआ है। शकुन भट्ठी भंजक दल का हिस्सा है। जो शराब का धंधा पुलिस -प्रशासन और कारोबारियों के मिलीभगत से फल-फूल रहा हो, उसे भला महिलाओं का एक छोट कैसे रोक पाता। महिलाओं का दल एक जगह शराब बंद कराने के लिए जाता है जहां के लोग गैरकानूनी ढंग से बेचते हैं। वे लोग उलटे महिलाओं से उलझ बात इतनी बिगड़ जाती है कि लाठी-डंडा लेकर दौड़ा लेते हैं,पुलिस बल भी उनके गिरोह के आगे नहीं टिकता है। “महिला मण्डल के सदस्यों में किसी को चोट लगी,किसी के पीठ पर। शकुन की भौहों पर चोट लगी। खून टपकने लगा। बच गई आँख नहीं तो ....!”35 ये लोग दारू पीने वाले परिवार से भी प्रार्थना कि आप लोग दारू पीना बंद कर दीजिए। शकुन कहती है - “आपको मालूम है कि इस दारू ने कितने घर उजाड़े हैं और कितने किसानों की जानें ली हैं। ये म शराब बेचने वाले साहूकार नारायण सेठ की दुकान पर हल्ला बोल देती हैं। ये साहूकार किसानों को सूद पर कर्ज भी देता है और वही दारू का कारोबार भी व उसकी दुकान को घेरने के बाद शकुन फोन पर पुलिस को सूचना देती है, कुछ ही देर में पुलिस, आबकारी विभाग और सरपंच पहुँच जाते हैं, नारायण सेठ क जीप में बैठाकर थाने ले जाती है। महिला मण्डल विजयी सेना की तरह उत्साह से भर जाती है और पीछे-पीछे महिला मण्डल भी थाने पहुंचता है। थानेदा मण्डल की प्रशंसा करता है। “इसे कहते हैं नारी शक्ति! शाबाश! मैं तो कहता हूँ आप लोगों ने एक मिसाल कायम की है देश के एक-चौथाई लोग भी अ जागरूक हो जाएं तो दारू, हर तरह का नशा और करप्शन छू मंतर हो जाए। गाँधी जी के रास्ते काम हुआ- यह और बड़ी बात है, वरना उस दिन तो..... अपना काम कर दिया है, अब हमें अपना काम करने दें।”36 उसके कुछ ही देर बाद महिलाएं लौटकर घर की ओर आती हैं तो देखती हैं जिस नारायण सेठ क थाने में बंद करवाया था, वह अपनी दुकान पर खड़ा होकर शराब का कैन अंदर रखवा रहा था। इस वाकया से पुलिस और शराब कारोबारी की मिली पर्दाफांस हो जाता है।

निष्कर्ष : समकालीन हिन्दी उपन्यासों में किसानों के विविध स्वर सुनाई पड़ते हैं। महंगाई, कर्ज, आत्महत्या, लागत इत्यादि सभी समस्याओं की आकृति इन में दिखाई पड़ती है। किसान अन्नदाता के रूप में महिमामंडित किया जाता रहा है। किन्तु उसकी वास्तविक समस्या से सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग अनजान आजादी के बाद उद्योग इत्यादि पर जितना ध्यान दिया गया है,उतना कृषि पर नहीं दिया गया। इस कारण से कृषि का जीडीपी में योगदान घटता गया। कि उसके उपज का उचित दाम नहीं मिलने के कारण कर्ज का फंदे में फँसता चला जाता है। कृषि को केंद्रबिन्दु बनाकर नीति बनाने की जरूरत है। सिर्फ आनन में कर्ज माफी से किसानों का भला होने वाला नहीं है।

संदर्भ :

1. कमला कांत त्रिपाठी, बेदखल, वाणी प्रकाशन,नई दिल्ली,संस्करण 2000, पृष्ठ 42
2. वही, पृष्ठ 123
3. वही, पृष्ठ 129
4. वही, पृष्ठ 22
5. वही, पृष्ठ 16
6. वही, पृष्ठ 160
7. भीमसेन त्यागी, जमीन, प्रकाशन भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, संस्करण 2004, पृष्ठ 176
8. वही, पृष्ठ 154
9. वही, पृष्ठ 185
10. वही, पृष्ठ 53
11. वही, पृष्ठ 57
12. वही, पृष्ठ 57
13. वही, पृष्ठ
14. वही, पृष्ठ 296
15. वही, पृष्ठ 297
16. वही, पृष्ठ 298
17. जगदीश चंद्र, घास गोदाम, आधार प्रकाशन, पंचकूला हरियाणा, संस्करण 2017, पृष्ठ 22
18. वही, पृष्ठ 28
19. वही, पृष्ठ 129

20. वही, पृष्ठ 30
21. वही, पृष्ठ 268
22. राजू शर्मा, हलफनामे, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण 2007, पृष्ठ 50
23. वीरेंद्र जैन,डूब, वाणी प्रकाशन,नई दिल्ली, संस्करण 2014, पृष्ठ 218
24. वही, पृष्ठ 218
25. वही, पृष्ठ 116
26. वही, पृष्ठ 209
27. वही, पृष्ठ 255
28. वही, पृष्ठ 196
29. संजीव,फाँस, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण 2016, पृष्ठ 11
30. वही, पृष्ठ 10
31. वही, पृष्ठ 114
32. वही, पृष्ठ 149
33. वही, पृष्ठ 90
34. वही, पृष्ठ 89
35. वही, पृष्ठ 153
36. वही, पृष्ठ 154

डॉ. जितेंद्र यादव
सहायक प्रोफेसर,हिन्दी विभाग, सकलडीहा पी.जी. कालेज,सकलडीहा चंदौली
jitendrayadav.bhu@gmail.com, 9001092806

अपनी माटी (ISSN 2322-0724 Apni Maati)

चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) से प्रकाशित त्रैमासिक ई-पत्रिका

अंक-48, जुलाई-सितम्बर 2023 **UGC Care Listed Issue**

सम्पादक-द्वय : डॉ. माणिक व डॉ. जितेन्द्र यादव चित्रांकन : सौमिक नन्दी

Tags **48** किसान विमर्श जितेंद्र यादव शोध आलेख **UGC care list issue**

शेयर करें

LINKS TO THIS POST

POST A COMMENT

टिप्पणी डालें

‹ और नया

यह 'अपनी माटी संस्थान' चित्तौड़गढ़ (पंजीयन संख्या 50 /चित्तौड़गढ़/2013) द्वारा संचालित और UGC Care List Approved त्रैमासिक ई-पत्रिका 'अपनी माटी' है जिसका ISSN नंब 2322-0724 Apni Maati है। कला, साहित्य, रंगकर्म, सिनेमा, समाज, संगीत, पर्यावरण से जुड़े शोध, निबंध, साक्षात्कार, आलेख सहित तमाम विधाओं में समाज-विज्ञान और साहित्य से सम्बद्ध रचनाएँ छपने और पढ़ने हेतु एक मंच है। कथेतर साहित्य छापने में हमारी रूचि है। यहाँ साल में चार सामान्य अंक प्रकाशित होते हैं। इसके अलावा कभी-कभी विशेषांक भी छप हैं। यह गैर-व्यावसायिक और साहित्यिक प्रकृति का सामूहिक प्रयासों से किया जाने वाला कार्य है। हमारा पता 'कंचन-मोहन हाऊस,1, उदय विहार, महेशपुरम रोड़, चित्तौड़गढ़-312001,राजस्थान' है। अन्य जरूरी प्रश्न हो तो 9460711896 (Dr. Manik), 9001092806 (Dr. Jitendra Yadav) पर Only Watts App करके सम्पर्क कर सकते हैं, यहाँ कॉल पर बात नहीं होगी। हमारा ई-मेल पता apnimaati.com@gmail.com यह रहेगा। कुल जमा पत्रिका ठीकठाक है इसे बेहतर बनाने का जिम्मा लेखकों और पाठकों पर ही है।

Design by - Shekhar फॉण्ट कन्वर्टर भक्ति विशेषांक रेणु विशेषांक मीडिया विशेषांक किसान विशेषांक तुलसीदास विशेषांक शिक्षा विशेषांक प्रतिबंधित साहित्य

शोध आलेख :- आधुनिक ओलम्पिक में भारतीय हॉकी का स्वर्णिम युग और उसका पतन : एक विवेचना / श्याम ल सिंह यादव

Gunwant गुरुवार, जून 30, 2022

आधुनिक ओलम्पिक में भारतीय हॉकी का स्वर्णिम युग और उसका पतन : एक विवेचना

- श्याम लाल सिंह यादव

शोध सार :ओलम्पिक खेल दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजनों में से एक है। ओलं शामिल होना ही खिलाड़ियों का सपना होता है, वे इसके लिए कई वर्षों तक कड़ा परि ट्रेनिंग करते हैं। उस देश की सरकारें भी हर संभव सुविधा खिलाडियों को देती हैं। दु के सैकड़ों देशों के खिलाड़ी प्रत्येक चार साल में विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पद पदक और कांस्य पदक के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा करते दिखाई देते हैं। आज ओलम्पि एक ऐसा माध्यम स्थापित हो गया है जिससे एक देश दूसरे देश पर अपना वर्चस्व स्थापि की कोशिश करता है। पदक तालिका में सर्वोच्च स्थान दर्शाता है कि वह देश आर्थिक कितना मजबूत और सशक्त है। वहां के लोग खेल को कितना महत्त्व देते हैं और सर खेल के प्रति कितनी जागरूक हैं। इस शोध आलेख में भारतीय हॉकी के अतीत और के विभिन्न पहलू को समझने का प्रयास किया गया है।

बीज शब्द : ओलम्पिक , खेल, मेडल, हॉकी, ध्यानचंद्र, खिलाड़ी, स्वर्ण पदक, सरकार।

मूल आलेख : ओलम्पिक का संक्षिप्त इतिहास- ओलम्पिक खेल का इतिहास बहुत ही पुराना है पर माना जाता है कि ओलम्पिक खेल की शुरुआत र देवता जीयुस के सम्मान में 776 ईसा पूर्व यूनान के ओलंपिया शहर में की गई थी। ऐतिहासिक साक्ष्यों के अनुसार प्राचीन ओलम्पिक खेल प्रत्येक चार आयोजित होकर 394 ईसवी (लगभग 1200 वर्षों) तक चला। बाद में यूनान पर रोम का साम्राज्य स्थापित हो गया। रोम के राजा थियोडोसिस द्वितीय के आदेश खेलों का आयोजन बंद कर दिया गया। सैकड़ों वर्ष बंद रहने के बाद 19वीं शताब्दी में आधुनिक ओलम्पिक खेलों के पुनरुत्थान का प्रयास शुरु किया गया। शिक्षाशास्त्री और इतिहासकार बैरन पियरे डी कुबर्टिन ने कई देशो की यात्रा कर एवं विभिन्न संगठनो के साथ सम्मेलन कर ओलम्पिक के प्रति जागरूकता अन्तरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (IOC) की स्थापना पियरे डी कुबर्टिन ने 23 जून 1894 में की थी। आधुनिक ओलम्पिक के जन्मदाता पियरे डी कुबर्टिन के प्रयास और लगन के परिणामस्वरूप 6 अप्रैल, 1896 को ग्रीस की राजधानी एथेंस में आधुनिक ओलम्पिक की शुरूआत संभव हो पाई। 1896 से 19 ओलम्पिक दुनिया के विभिन्न शहरों में होते रहे। भारत की तरफ से नार्मन पिचार्ड जो एंग्लो इंडियन थे और पेरिस में छुट्टियाँ मना रहे थे, वे पहली बार 1900 के ओलम्पिक में एथलेटिक्स में भाग लिया एवं दो रजत पदक प्राप्त किए। बाद में 1920, एंटवर्प एवं 1924, पेरिस ओलम्पिक में भी भारतीय टीम ने एथले प्रतिभाग किया पर कोई पदक नहीं प्राप्त हुआ। भारतीय ओलम्पिक संघ (IOA) की स्थापना 1927 में हुई इसके प्रथम अध्यक्ष दोराबजी टाटा और सेक्रेटरी ड नेहरन को बनाया गया।

ओलम्पिक खेलों में हॉकी का प्रवेश - 'हॉकी का प्रवेश ओलम्पिक खेलों में सन् 1908 में हुआ था। उस दौरान चौथे ओलम्पिक खेल का आयोजन हुआ थ इंग्लैंड ने आयरलैंड को फाइनल में हराकर ओलम्पिक में हॉकी का प्रथम विजेता होने का गौरव प्राप्त किया था। जहाँ तक भारतीय हॉकी टीम के ओलम्पिक करने की बात है तो यह 1928 में संभव हो सका, जब भारत ने एमस्टर्डम (हॉलैंड) में आयोजित नौवें ओलम्पिक खेलों में भाग लिया'।[1]

एम्सटर्डम ओलम्पिक (1928) : पहला स्वर्ण पदक

भारत का ओलम्पिक में स्वर्णिम आगाज - भारतीय हॉकी टीम 1928 में एमस्टर्डम ओलम्पिक में भाग लेने के लिए बॉम्बे बंदरगाह से रवाना हो रही थी, त तीन लोग उसे विदा करने आए थे। इसके उलट जब टीम स्वर्ण पदक जीतकर भारत लौटी, तब हजारों लोग विजेता टीम का स्वागत करने के लिए '1928 ओलम्पिक के हॉकी इवेंट में कुल 9 टीमों ने भाग लिया था। टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया था जिसमे ग्रुप 'ए' में भारत, बेल्जियम, डेनमार्क, स्विट्जर ऑस्ट्रिया थे तथा ग्रुप 'बी' में मेजबान नीदरलैंड्स, जर्मनी, फ्रांस और स्पेन थे। दोनों ग्रुप की टॉप टीम ने स्वर्ण पदक के लिए एक-दूसरे का सामना किया, जब स्थान पर रहने वाली टीमों ने कांस्य पदक के लिए मैच खेले। 17 मई को टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मुकाबले में भारत ने ऑस्ट्रिया को 6-0 से हरा दिया। इस भारत ने बेल्जियम को 9-0 और डेनमार्क को 5-0 से मात दी। स्विट्जरलैंड को 6-0 से हराने के साथ ही भारतीय टीम फाइनल में पहुंच गई'।(2)

हॉकी के जादूगर का चला जादू : फाइनल मैच - 26 मई को टूर्नामेंट के फाइनल में भारत के सामने कई परेशानियां खड़ी थीं। फिरोज खान चोट और शौक बुखार के चलते फाइनल मुकाबले से बाहर हो गए थे। वहीं, कप्तान जयपाल सिंह भी कुछ मैच पहले ही स्वदेश लौट चुके थे। इसके बावजूद भारत ने 23 हज के सामने नीदरलैंड्स को 3-0 से मात दे दी। ध्यानचंद ने दो और जॉर्ज मार्टिंस ने एक गोल दागकर भारतीय हॉकी के स्वर्ण युग की शुरुआत की। पूरे टूर्नामेंट ने कुल 29 गोल किए थे, जिसमें से 14 गोल तो अकेले ध्यानचंद ने किए। भारतीय टीम के विजयी अभियान की एक खास बात यह रही थी कि उसने पूरे टूर्नामें भी गोल नहीं खाया। इसमें सबसे बड़ा योगदान भारतीय गोलकीपर रिचर्ड एलन का था। एलन गोलपोस्ट के सामने दीवार बनकर खड़े हो गए थे और विपक्षी कोई भी खिलाड़ी इस दीवार को भेद नहीं सका।

लॉस एंजेलिस ओलम्पिक (1932) : दूसरा स्वर्ण पदक

मंदी के बीच अमेरिका पर लगाई गोलों की झड़ी और जीता स्वर्ण - 1929 की आर्थिक मंदी का असर लॉस एंजेलिस ओलम्पिक खेलों पर भी पड़ा था नतीजा ये हुआ कि हॉकी स्पर्धा में भारत, जापान और अमेरिका ने ही हिस्सा लिय। भारत टीम का पहला मुकाबला जापान से हुआ, जिसे भारत ने 11-1 से अ किया था। इस मुकाबले में ध्यानचंद ने चार गोल किए। ध्यानचंद के छोटे भाई रूप सिंह और गुरमीत सिंह ने तीन-तीन गोल गोल किए। रिचर्ड कैर ने भी फायदा उठाते हुए एक गोल किया। वहीं, जापानी टीम की ओर से इकलौता गोल जुन्जो इनोहारा ने किया। भारत का अगला मुकाबला मेजबान अमेरिका से ह इस मुकाबले में भारतीय टीम के जीत की उम्मीद सबको थी, लेकिन शायद ही किसी ने ये कल्पना की होगी कि भारत औसतन हर एक तीन मिनट पर गोल भारत ने इस मुकाबले में गोलों की झड़ी लगाते हुए अमेरिका को 24-1 के विशाल अंतर से हराया था। रूप सिंह ने सबसे ज्यादा 10 और ध्यानचंद ने 8 गोल कि दोनों के अलावा गुरमीत सिंह ने 5 गोल और एरिक पिनिगर ने एक गोल किया था।

एक गोल का आटोग्राफ : 'अमेरिका की ओर से इकलौता गोल विलियम बोडिंगटन ने किया। लेकिन उनके गोल करने की कहानी भी काफी दिलचस्प है। टीम के आक्रमण से अमेरिकी टीम के हौसले पस्त हो चुके थे। ऐसे में एक मौके पर अमेरिकी खिलाड़ियों को भारतीय रक्षापंक्ति ने अपने घेरे में प्रवेश कर लेकिन जब खिलाड़ियों ने पीछे मुड़कर देखा तो पता चला कि गोलकीपर रिचर्ड एलन गोल पोस्ट पर मौजूद नहीं हैं। वह तो गोल पोस्ट के पीछे ऑटोग्राफ दे रहे तरह गोलकीपर की दरियादिली से अमेरिका एक गोल करने में सफल रहा। अमेरिका के खिलाफ इस जीत के साथ ही भारतीय हॉकी टीम ने ओलम्पिक में दूसरा स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। भारत ने दो मुकाबलों में कुल 35 गोल किये, जिसमें से 25 गोल दो भाइयों (रूप सिंह और ध्यानचंद) के नाम रहे। र ने 13 और बड़े भाई ध्यानचंद ने 12 गोल थे'।[3]

बर्लिन ओलम्पिक (1936) : गोल्डन हैट्रिक

ध्यानचंद के कप्तानी में स्वर्ण पदक की हैट्रिक- बर्लिन में भारतीय हॉकी टीम की कमान ध्यानचंद के हाथों में थी। भारत को जापान, हंगरी और अमेरिका ग्रुप 'ए' में रखा गया था। वहीं, ग्रुप 'बी' में जर्मनी, अफगानिस्तान और डेनमार्क की टीमें थीं। जबकि ग्रुप 'सी' में नीदरलैंड्स, फ्रांस, बेल्जियम और स्विट्जरलैंड गया था। भारत ने शानदार आगाज करते हुए लीग प्रतियोगिता में अपने पहले मैच में हंगरी को 4-0 से शिकस्त दी। इसके बाद भारत ने अमेरिका को 7-0 जापान को 9-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में भारत ने फ्रांस को 10-0 से मात दी। इस मैच में ध्यानचंद ने सबसे ज्यादा 4 और र ने 3 गोल किये। वहीं, इक्तिदार अली ने 2 और कार्ली टेपसेल ने एक गोल किए।

फाइनल मुकाबले में जर्मनी से लिया हार बदला : फाइनल मुकाबले में भारत का मुकाबला जर्मनी से हुआ। उस फाइनल में भारत ने अभ्यास मैच में मिली बदला लेते हुए जर्मनी को 8-1 से मात दी। इस जीत के साथ ही भारतीय हॉकी टीम ने लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया। फाइनल मु कप्तान ध्यानचंद ने सबसे ज़्यादा 3 गोल किए। इक्तिदार ने 2, जबकि टेपसेल, जफर और रूप सिंह ने 1-1 गोल किए। गौरतलब है कि 1936 के ओलम्पिक ख होने से पहले एक अभ्यास मैच में भारतीय टीम को जर्मनी ने 4-1 से हरा दिया था। ध्यानचंद ने अपनी आत्मकथा 'गोल' में लिखा, 'मैं जब तक जीवित रहूंगा इस कभी नहीं भूलूंगा। इस हार ने हमें इतना हिलाकर रख दिया कि हम पूरी रात सो नहीं पाए।

हिटलर के प्रलोभन पर भारी पड़ा ध्यानचंद का देश प्रेम- 'कहा जाता है कि इस शानदार प्रदर्शन से खुश होकर हिटलर ने ध्यानचंद को खाने पर बुलाया अ जर्मनी की ओर से खेलने को कहा। हिटलर ने इसके बदले उन्हें मजबूत जर्मन सेना में कर्नल पद का प्रलोभन भी दिया। लेकिन ध्यानचंद ने कहा, 'हिंदुस्तान मे है और मैं वहां खुश हूं। मैंने भारत का नमक खाया है, मैं भारत के लिए ही खेलूंगा। 'हॉकी के जादूगर' ध्यानचंद ने अपने इस आखिरी ओलम्पिक में कुल 13 गं थे। इस तरह एम्स्टर्डम, लॉस एंजेलिस और बर्लिन ओलम्पिक को मिलाकर ध्यानचंद ने कुल 39 गोल किए, जो उनकी बादशाहत को बयां करती है'।(4)

लंदन ओलम्पिक (1948) : चौथा स्वर्ण पदक

भारत का स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में स्वर्ण पदक - 1948 के लंदन ओलम्पिक में पहली बार भारत ने एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भाग लिया था। 1947 में हुए बंटवारे के बाद भारतीय हॉकी टीम बिखर गई थी। इक्तिदार अली दारा जैसे कई खिलाड़ी पाकिस्तान चले गए थे। जिसके चलते भारतीय हॉकी महासंघ (IHF) चुनने में काफी मुश्किलें आईं। अंततः किशन लाल के नेतृत्व में नई नवेली भारतीय टीम लंदन पहुंची। भारत को ग्रुप 'ए' में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रिया और स्पेन के स गया था। वहीं ग्रुप 'बी' में ग्रेट ब्रिटेन, स्विट्जरलैंड, अफगानिस्तान और अमेरिका की टीमें थीं। जबकि पाकिस्तान ग्रुप 'सी' में नीदरलैंड्स, बेल्जियम, फ्रांस और के साथ था। भारतीय टीम ने अपने पहले ही मैच में ऑस्ट्रिया को 8-0 से हराकर अपने इरादे जाहिर कर दिए। इसके बाद भारत ने अर्जेंटीना को 9-1 और स्पे 0 मात देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में भारत ने नीदरलैंड्स को रोमांचक मुकाबले 2-1 से मात दी। उस मैच में भारत के लिए केडी सिंह 'ब गेराल्ड ग्लाकेन ने एक-एक गोल गोल किए थे।

फाइनल में भारतीय टीम के सामने ग्रेट ब्रिटेन की टीम थी। भारत के लिए यह मैच बेहद खास था क्योंकि इस मुकाबले के ठीक तीन दिन बाद आजादी की पहली वर्षगांठ मनाने जा रहा था। भारत ने फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन को 4-0 से मात देकर लगातार चौथा स्वर्ण पदक जीत लिया। फाइनल मुक बलबीर सिंह सीनियर ने 2, त्रिलोचन सिंह और पैट्रिक जेनसन ने एक-एक गोल किए। इस जीत के बाद पूरा देश अंग्रेजों के खिलाफ मिली इस जीत के बाद झूम उठा था।

हेलसिंकी ओलम्पिक (1952) : पंचवा स्वर्ण पदक

बलबीर सिंह सीनियर ने लगाई हैट्रिक - हेलसिंकी ओलम्पिक में फील्ड हॉकी इवेंट नॉकआउट मुकाबले की तर्ज पर खेले गए थे। 1948 के लंदन ओलम्पि टॉप चार टीमों को क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश दिया गया। भारत के अलावा इन टीमों में पाकिस्तान, नीदरलैंड्स और ग्रेट ब्रिटेन शामिल थे। केडी सिंह कप्तानी वाली भारतीय टीम ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रिया को 4-0 से शिकस्त दी। भारत की ओर से बलवीर सिंह सीनियर, केडी सिंह बाबू, रण जेंटल और रघबीर लाल ने एक-एक गोल किये। सेमीफाइनल में भारत का सामना ग्रेट ब्रिटेन से होना था, जिसका डिफेंस काफी बेहतर मानी जा रही थी भारतीय टीम के सामने अंग्रेजों की एक नहीं चली और उसने 3-1 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। बलबीर सिंह सीनियर ने भारत की ओर से सभी तीन गो हुए हैट्रिक जमाई थी।

फाइनल में बलवीर का कमाल- अब भारतीय टीम को फाइनल में नीदरलैंड्स का सामना करना था। उम्मीदों के मुताबिक भारत ने इस मुकाबले को 6-1 कर लगातार 5वीं बार स्वर्ण पदक जीत लिया। भारत की ओर से बलबीर सिंह सीनियर ने सबसे ज्यादा 5 गोल किए। ओलम्पिक के फाइनल मुकाबले में सब गोल करने का उनका यह रिकॉर्ड आज भी कायम है। भारत ने इस जीत से एकबार फिर हॉकी पर अपनी बादशाहत साबित की। पूरी भारतीय टीम ने तीन कुल 13 गोल किए, जिसमें से बलबीर सिंह सीनियर ने अकेले 9 गोल किये थे। बलबीर सिंह के अलावा टीम के कप्तान केडी सिंह 'बाबू' ने भी इस ओलम्पिक छाप छोड़ी। उन्हें 1953 में हेल्म्स ट्रॉफी (Helms Trophy) से नवाजा गया था, जो कि दुनिया के बेस्ट हॉकी खिलाड़ी को दी जाती थी। यह पहला मौका था, ज भारतीय खिलाड़ी को यह ट्रॉफी दी गई थी।

मेलबर्न ओलम्पिक (1956) : छठा स्वर्ण पदक- मेलबर्न ओलम्पिक के हॉकी प्रतियोगिता में 12 देशों की टीमों ने हिस्सा लिया था। इन टीमों को तीन-तीन चार ग्रुप में बांटा गया था। भारत को ग्रुप 'ए' में सिंगापुर, अफगानिस्तान और अमेरिका के साथ रखा गया था। भारत ने अफगानिस्तान को 14-0 से मात देकर अभियान का शानदार आगाज किया। कप्तान बलवीर सिंह सीनियर ने 5 और उधम सिंह ने 4 गोल किये थे। हालांकि अफगानिस्तान के खिलाफ मुक बलवीर सिंह की उंगली में फ्रैक्चर हो गया था, जिसकी वजह से उन्हें कुछ मैचों में बाहर बैठना पड़ा था। भारतीय टीम ने अमेरिका को 16-0 के बड़ अंत

डाला। उस मुकाबले में भारत की ओर से उधम सिंह ने अकेले 7 गोल किए। अपने लीग प्रतियोगिता के आखिरी मैच में भारत ने सिंगापुर को 6-0 से हरा अंतिम जगह बनाई। सेमीफाइनल में भारत का सामना यूनाइटेड टीम ऑफ जर्मनी से हुआ। लीग प्रतियोगिता में गोलों की झड़ी लगाने वाली भारतीय टीम इस मैच एक गोल कर सकी। यह गोल उधम सिंह ने मैच के 48वें मिनट में किया था, जिसकी बदौलत भारतीय टीम फाइनल में पहुंच सकी। दूसरी तरफ पाकिस्तान ने ब्रिटेन को 3-2 से हरा फाइनल का टिकट हासिल कर लिया था।

दीवार को तोड़ नहीं पाई पाक टीम- 'भारत और पाकिस्तान की टीम पहली बार एक-दूसरे के आमने-सामने थी, वो भी ओलम्पिक फाइनल जैसे बड़े मुक उम्मीदों के मुताबिक फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा। मैच के 38वें पेनल्टी कॉर्नर पर रणधीर सिंह जेंटल ने गोल कर भारत को बढ़त दिला दी। पाकि गोल करने के कई प्रयास किए, लेकिन वह भारतीय गोलकीपर शंकर लक्ष्मण की दीवार को भेद नहीं पाए। अंततः भारत ने पाकिस्तान को 1-0 से हराकर छठी बार स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया। भारतीय टीम का डिफेंस इतना सशक्त था कि पूरी प्रतियोगिता में विपक्षी टीम उसके खिलाफ एक भी गोल पाई'।(5)

रोम ओलम्पिक (1960) : रजत पदक-
लगातार सातवें स्वर्ण पदक का सपना टूटा- रोम ओलम्पिक में भारतीय हॉकी टीम की जीत का सिलसिला थम गया था। इस ओलम्पिक में खिताब दावेदार भारत को न्यूजीलैंड, नीदरलैंड्स और डेनमार्क के साथ ग्रुप 'ए' में रखा गया। भारत ने अपने पहले मुकाबले में डेनमार्क को 10-0 से हराकर शानदार किया। इसके बाद उसने नीदरलैंड्स को 4-1 और न्यूजीलैंड को 3-0 से हराकर अंतिम आठ में जगह पक्की की। क्वार्टर फाइनल में भारत का मुकाबला ऑस्ट्रे हुआ, जिसे भारत ने एक्स्ट्रा टाइम में 1-0 से अपने नाम किया था। मैच के 92वें मिनट में रघबीर सिंह भोला ने उस मैच का इकलौता गोल किया। इसके बाद सेमीफाइनल में ग्रेट ब्रिटेन को 1-0 से हराया। भारतीय टीम की ओर से उधम सिंह ने मैच के 16वें मिनट में निर्णायक गोल दागा था।

पड़ोसी (पाकिस्तान) ने तोड़ा भारतीयों का दिल- 'फाइनल में भारत के सामने पाकिस्तानी टीम थी, जिसने स्पेन को मात देकर फाइनल का टिकट कट मुकाबले के छठे मिनट में ही अहमद नासीर ने गोल करके पाक टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद भारत ने बराबरी करने की पूरी कोशिश की, लेकिन पा के डिफेंस को भेद नहीं पाई। अंततः भारत यह मुकाबला 0-1 से हार गया था। इस हार के साथ ही भारत का लगातार 7वीं बार स्वर्ण पदक जीतने का सपना था'।[6]

टोक्यो ओलम्पिक (1964) : सातवां स्वर्ण पदक
टोक्यो में भारत ने पाकिस्तान से लिया बदला- पाकिस्तान से लिया बदला टोक्यो ओलम्पिक में भारतीय हॉकी टीम की साख दांव पर लगी थी। करोड़ों प्रशंसकों की यही ख्वाहिश थी कि टीम इंडिया पाकिस्तान को मात देकर स्वर्ण पदक जीत कर आए। जिसे पूरा करने में भारतीय टीम पूरी तरह सफल भी रही में भारतीय टीम की कमान चरणजीत सिंह के हाथों में थी। भारत को ग्रुप 'बी' में स्पेन, नीदरलैंड्स, यूनाइटेड टीम ऑफ जर्मनी, मलेशिया, बेल्जियम, कन हॉन्कॉन्ग के साथ रखा गया था। भारत ने अपने पहले पहला मैच में बेल्जियम को 2-0 से मात देकर बेहतरीन आगाज किया। इस जीत के बाद भारत ने यूनाइ ऑफ जर्मनी और स्पेन से 1-1 के ड्रॉ खेले। इसके बाद भारत ने लीग चरण के बाकी चार मैचों जीत हासिल कर सेमीफाइनल में कदम रखा। भारतीय टी दौरान हॉन्कॉन्ग को 6-0, मलेशिया को 3-1, कनाडा को 3-0, जबकि नीदरलैंड्स को 2-1 से शिकस्त दी थी। इसके बाद भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में अ को 3-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में भारत के लिए पृथीपाल ने दो और मोहिंदर ने एक गोल किए। उधर पाकिस्तान ने भी स्पेन को 3-0 देकर फाइनल का टिकट कटा लिया।

फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम का लक्ष्य रोम ओलम्पिक की हार का बदला चुकता करना था। पहले हाफ में दोनों टीमों की तमाम कोशिशों के कोई गोल नहीं हो सका। दूसरे हाफ में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे पृथीपाल सिंह ने लिया। लेकिन उनका शॉट पाकिस्तानी गोलकीपर के पैड से ट मुनीर अहमद डार के पैर पर जा लगा, जिसके चलते भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला। जिसके बाद मोहिंदर लाल ने इस बेहतरीन मौके को गोल में तब्दील क को बढ़त दिला दी। पाकिस्तानी टीम ने इसके बाद गोल करने के भरसक प्रयास किए, लेकिन वह भारतीय गोलकीपर शंकर लक्ष्मण की दीवार को भेद नह अंततः भारत ने इस मुकाबले को 1-0 से जीतकर रोम ओलम्पिक के फाइनल में मिली हार का बदला ले लिया। पाकिस्तान को मात देकर भारतीय टीम के स्वर्ण पदक जीतने पर पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई। वैसे तो फाइनल मुकाबले में जीत के हीरो मोहिंदर लाल और शंकर लक्ष्मण रहे थे। लेकिन भ फाइनल में पहुंचाने में पृथीपाल सिंह की सबसे अहम भूमिका थी। पृथीपाल ने टोक्यो ओलम्पिक में कुल 10 गोल किए थे।

मैक्सिको ओलम्पिक (1968) : कांस्य पदक
पहली बार फाइनल का सफ़र रुका- मेक्सिको ओलम्पिक से पहले भारतीय हॉकी टीम का विवाद सतह पर आ चुका था। गुरबख्श सिंह और पृथीप कप्तानी को लेकर आपस में ही उलझ बैठे थे। आखिरकार एक समझौते के तहत दोनों को संयुक्त रूप से मेक्सिको ओलम्पिक के टीम का कप्तान नियुक्त गया। इस ओलम्पिक में भारत को ग्रुप 'ए' में पश्चिम जर्मनी, बेल्जियम, स्पेन, पूर्वी जर्मनी, जापान और मेजबान मेक्सिको के साथ रखा गया था। भारतीय शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे पहले मैच में न्यूजीलैंड के हाथों 2-1 से अप्रत्याशित हार झेलनी पड़ी। इसके बाद भारत ने शानदार वापसी करते हुए पश्चि (2-1), मेक्सिको (8-0) स्पेन (1-0), बेल्जियम (2-1), जापान (5-0) और पूर्वी जर्मनी (1-0) को शिकस्त दिया। टीम इंडिया ग्रुप'ए' में 18 अंकों के साथ टॉप पर उसने सेमीफाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया था।

सेमीफाइनल में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया से हुआ। पहले हाफ में बलबीर सिंह के गोल की बदौलत भारत ने 1-0 की बढ़त ले ली। दूसरे हाफ ग्लेनक्रॉस ने गोल दागकर ऑस्ट्रेलिया को बराबरी पर ला दिया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं, जिसके चलते मैच एक्स्ट्रा टाइम में ग ब्रायन ग्लेनक्रॉस ने एकबार फिर गोल दागकर ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से जीत दिला दी। इस हार के साथ ही भारतीय टीम पहली बार ओलम्पिक के फाइनल में न पाई। सेमीफाइनल में हार के बाद भारत के पास अब कांस्य पदक जीतने का मौका था। इस मौके को भुनाते हुए भारत ने पश्चिम जर्मनी को 2-1 से हराक पदक पर कब्जा कर लिया। भारत के लिए पृथीपाल सिंह और बलबीर सिंह ने गोल किए। वहीं, पश्चिम जर्मनी की ओर से नॉरबर्ट शूलेर ने इकलौता गोल किया।

म्यूनिख ओलम्पिक (1972) : दूसरा कांस्य पदक
ओलम्पिक में लगातार 10वां पदक- म्यूनिख ओलम्पिक के लिए भारतीय हॉकी टीम की कमान हरमेक सिंह के हाथों में थी। 'हॉकी के जादूगर' ध्यानचंद अशोक कुमार, फॉरवर्ड बी.पी.गोविंदा जैसे युवा सितारों को टीम में जगह मिली थी। भारत को ग्रुप 'बी' में नीदरलैंड्स, ग्रेट ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पोलैं और मैक्सिको के साथ रखा गया था। भारत की शुरुआत उतनी अच्छी नहीं रही और उसे पहले मैच में नीदरलैंड्स ने 1-1 की बराबरी पर रोक दिया। इसके बा ने ग्रेट ब्रिटेन को 5-0 और ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से शिकस्त देकर लय हासिल कर ली। भारत को अगले मुकाबले में पोलैंड ने 2-2 की बराबरी पर रोक आश्चर्यचकित कर दिया। फिर भारत ने केन्या को 3-2, मैक्सिको को 8-0 से और न्यूजीलैंड को 3-2 से मात दी। भारतीय टीम सात मैचों में 12 अंकों के साथ अप टॉप पर रहते हुए सेमीफ़ाइनल में पहुँच चुकी थी। वही दूसरी ओर पाकिस्तान ग्रुप 'ए' में दूसरा स्थान हासिल किया जिसके चलते सेमीफानल में भारत को पा का सामना करना पड़ा।

भुना नहीं पाए पेनाल्टी कार्नर- 'सेमीफाइनल मुकाबले से पहले आतंकवादियों ने खूनी वारदात को अंजाम देते हुए 11 इजरायली खिलाड़ियों की हत्या कर सेमीफाइनल में भारतीय टीम अपनी लय में नहीं दिखी। पाकिस्तान ने 11वें और 34वें मिनट में गोल दागकर भारत पर 2-0 की बढ़त ले ली। भार टीम मैच 18 पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन वह एक भी गोल दाग नहीं पाई। अंतत: पाकिस्तान ने भारत को 2-0 से मात देकर उसे खिताबी मुकाबले से बाहर कर।देया

अब कांस्य पदक के मुकाबले में भारत का सामना नीदरलैंड्स से हुआ। छठे मिनट में ही नीदरलैंड्स के टाइ क्रूज ने गोल दागकर डच टीम को बढ़ दी। इसके बाद 15वें मिनट में बीपी गोविंदा ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर स्कोर 1-1 कर दिया। फिर मुकाबले के आखिरी मिनट में मुखबेन सिंह दागकर भारत को 2-1 से जीत दिला दी। कांस्य पदक जीतने के साथ ही टीम इंडिया ओलम्पिक में लगातार 10वां पदक अपने नाम कर चुकी थी।

मॉस्को ओलम्पिक (1980) :आठवाँ स्वर्ण पदक

ओलम्पिक का बहिष्कार और भारत का स्वर्ण पदक- 1976 के मॉन्ट्रियल ओलम्पिक में भारतीय टीम पदक जीतने से महरूम रह गई थी। ऐसा पहली ब जब भारत के हिस्से हॉकी में कोई ओलम्पिक पदक नहीं आया था। हालांकि मॉस्को में भारत ने स्वर्ण पदक जीतकर जरूर इसकी भरपाई कर दी थी। लेकि बाद से भारत हॉकी में एक भी ओलम्पिक पदक जीत नहीं पाया है। मॉस्को ओलम्पिक में सिर्फ छह टीमों ने पुरुष हॉकी इवेंट में भाग लिया। न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों ने अमेरिका के नेतृत्व में ओलम्पिक का बहिष्कार किया था। वासुदेव भास्करन की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने त को 18-0 से धोकर शानदार शुरुआत की। इससे बाद भारत को पोलैंड और स्पेन दोनों ने ही 2-2 की बराबरी पर रोक दिया। दो ड्रॉ खेलने के बाद भारत को 13-0 और मेजबान सोवियत संघ को 4-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। फाइनल में भारत का मुकाबला पूल में टॉप पर रहने वाली स्पेनिश टीम टीम इंडिया ने बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले में स्पेन को 4-3 से हराकर रिकॉर्ड 8वीं बार स्वर्ण पदक जीत लिया।

टोक्यो ओलम्पिक (2020) : तीसरा कांस्य पदक

41 वर्षों के पदक का सूखा ख़त्म- 'टीम इंडिया का सफर ग्रुप-ए में गत चैम्पियन अर्जेंटीना व ऑस्ट्रेलिया, जापान, न्यूजीलैंड और स्पेन के साथ रखा गया थ ग्रुप-बी में बेल्जियम, कनाडा, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड और दक्षिण अफ्रीका की टीमें थीं । सभी टीमें एक-दूसरे से खेलीं और दोनों ग्रुप से शीर्ष चार टीमें सेमीफ पहुंचीं। भारत कुल चार जीत और एक हार के साथ अपने ग्रुप में दूसरे नंबर पर रहकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा था। फिर क्वार्टर फाइनल में भारत ने ग्रेट ब्रिटे 1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। हालांकि सेमीफाइनल में भारत को बेल्जियम के हाथों 5-2 से हार झेलनी पड़ी। भारतीय टीम ने मनप्रीत सिंह की क शानदार प्रदर्शन करते हुए टोक्यो में कांस्य पदक जीता। कांस्य पदक मैच में भारत ने जर्मनी को 5-4 से हरा दिया। टीम 41 साल बाद ओलम्पिक में पदक कामयाब रही। इससे पहले भारत को आखिरी पदक 1980 में मॉस्को में मिला था'।[8]

स्वर्णिम युग का पतन और उसके कारण- इतने साल तक ओलम्पिक में अपना दबदबा कायम रखने वाली भारतीय हॉकी टीम आखिरकार अपने सर्वोच पर कायम नहीं रह सकी। 1968 में मैक्सिको और 1972 में म्यूनिख ओलम्पिक में भारत को कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा। इसके चार साल बाद कनाडा के मॉन्ट्रियल में हुए ओलम्पिक खेलों में भारतीय हॉकी टीम सातवें स्थान पर रही। इसके चार साल बाद 1980 में मास्को में ओलम्पिक खेल आयोजि इस दौरान भारतीय हॉकी टीम ने एकबार फिर स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके बाद भारतीय हॉकी टीम के लिए ओलम्पिक का सफर मुश्किलों भरा हो गया। दरअसल, भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों के लिए एस्ट्रो टर्फ पर हॉकी खेलना परेशानी का सबब बन गया जबकि इससे पहले तक भारतीय हॉकी ट के मैदान पर ही खेलने उतरती रही थी। मैदान में हुए इस बदलाव के कारण हॉकी अब परंपरागत शैली का न होकर पावर और स्पीड के गेम में बदल ग कारण रहा कि भारतीय हॉकी उस दौर में अचानक किए गए इस बदलाव से तालमेल नहीं बैठा सकी। एक समय जो हिंदुस्तान, हॉकी के खेल पर राज करता लगातार कई बार विश्व विजेता बना, वह देश 1980 के बाद इस खेल में पीछे छूट गया।

भारतीय हॉकी की शर्मनाक हार - 'भारतीय हॉकी के इतिहास में एक बड़ी शर्मनाक हार का सामना उस समय करना पड़ा, जब सन् 2008 के मार्च में आयोजित मैच के फाइनल में भारतीय टीम इंग्लैंड के हाथों पराजित होकर बीजिंग ओलंपिक्स के लिए क्वॉलीफाई तक नहीं कर सकी। तब से भारत में इस दुर्दशा बढ़ती जा रही है। इस शर्मनाक हार के बाद कई भारतीय खिलाड़ियों ने यहाँ तक कि अपने प्रोफेशन भी बदल लिए हैं। सरकारी उपेक्षा व हॉकी खिला उचित सम्मान न देने के कारण यह खेल एक तरह से हाशिए पर आ गया है'।[9]

टर्फ पर लड़खड़ाती भारतीय टीम- भारतीय हॉकी के मामले में, 1975 में एस्ट्रो-टर्फ की शुरुआत ने ख़राब प्रदर्शन के उत्प्रेरक के रूप में काम किया। अ हॉकी महासंघ (एफआईएच) का निर्णय भले ही खेल के स्तर में गिरावट के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार न हो, लेकिन इसका नतीजा यह हुआ कि भारत जमीन खो रहा था। भारत ने अपना एकमात्र विश्व कप 1975 में मलेशिया में जीता था। हालांकि 1980 के ओलम्पिक स्वर्ण पदक और 1998 के एशियाई स्वर्ण पदक जैसे कुछ उज्ज्वल क्षणों को छोड़कर उसके कुछ साल बाद परिणाम सूख गए, यह साबित करता है कि देश एस्ट्रो-टर्फ के अनुकूल होने में विफल र

अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी जफर कहते हैं, "टर्फ की शुरुआत से हॉकी खेलने के तरीके में भारी बदलाव आया। भारत और पाकिस्तान पीछे रह गए क्योंकि की कमी के कारण टर्फ को जल्दी स्थापित नहीं कर सके।" महासंघ ने भी मैदान पाने के लिए केवल आधे-अधूरे प्रयास किए और भारत 80 के दशक में अप सिंथेटिक सतह (एस्ट्रोटर्फ) स्थापित कर सका।

अन्तरराष्ट्रीय खिलाड़ी जगबीर सिंह का कहना है कि जब तक भारतीय खिलाडियों ने एस्ट्रो-टर्फ पर खेलने की कला में महारत हासिल की, तब तव बहुत आगे बढ़ चुकी थी। "100 मीटर दौड़ में अगर आप 10 मीटर पीछे से शुरू करते हैं तो आप प्रथम आने की उम्मीद नहीं कर सकते। यह अंतर इतना बड़ इसे तुरंत नहीं भरा जा सकता था।" यह एक नया खेल है, आज हॉकी व्यक्तिगत कौशल के बजाय तेज, और अधिक फिटनेस और रणनीति-उन्मुख हो गई है। नियमों में बदलाव के साथ, खेल आज इस स्तर पर है कि अगर ध्यानचंद जी मैदान पर कदम रखते, तो वो इसे पहचान नहीं पाते'।[10]

जफर, जिन्होंने खुद घास के मैदान से एस्ट्रो-टर्फ तक जाने के संघर्ष का अनुभव किया, कहते हैं कि भारतीयों के लिए बदलाव मुश्किल था। "एस्ट्रो-टर्फ आपको वास्तव में घास की तुलना में 2-3 गुना अधिक सहनशक्ति की आवश्यकता होती है, " वे कहते हैं "हॉकी स्टिक्स को भी बदलना पड़ा, खासकर उसर (कर्व) को। निश्चित रूप से यूरोपीय लोगों को भी इसी तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने पहले ही एस्ट्रो-टर्फ का इस्तेमाल शुरु क था। उनके पास बेहतर शोध और विकास के साधन उपलब्ध थे। हालांकि भारतीय कुछ समय के लिए अपनी पकड़ बनाने में कामयाब रहे, लेकिन वे महत्त्वपूर्ण तकनीकी रूप से कमजोर दिखाई दिए और यूरोपीय टीमों से हारते चले गए। हालांकि शुरुआत में फिटनेस की कमी मुख्य समस्या थी। जगबीर कहते हैं कि हमारे खिलाड़ी यूरोपियनों की तरह फिट हैं। हालांकि, वे कम सहनशक्ति प्रदर्शित करते हैं क्योंकि वे गेंद के साथ बहुत अधिक दौड़ते हैं और ऑफ-द-बॉल रा वन-टच पासिंग नहीं करते हैं"।[11]

जगबीर का कहना है "व्यक्तिगत रूप से, हमारे खिलाड़ियों के पास किसी भी यूरोपीय टीम में जगह बनाने का कौशल है। लेकिन जब रणनीति की ब है तो हमारे खिलाड़ी पिछड़ जाते हैं। हमें उस पर काम करने की जरूरत है" आज भी प्रारंभिक स्तर के कोच, गेंद से ड्रिब्लिंग और बाल के साथ दौड़ने प केंद्रित करते हैं। ट्रैपिंग, पासिंग और फिटनेस को कम महत्त्व देते हैं। यही कारण है कि हम देखते हैं कि खिलाड़ी सब-जूनियर स्तर पर भी विरोधियों की भीड़ ड्रिबल करने की कोशिश करते हैं।

प्रसिद्ध कोच पी.ए. राफेल कहते हैं- "हम युवाओं को आक्रामक हॉकी खेलना सीखाते हैं, लेकिन आक्रमण की योजना नहीं बनाई जाती है। लड़के गेंद करने से कतराते हैं। खिलाड़ी कम उम्र में बुनियादी खामियां विकसित कर लेते हैं, जिन्हें राष्ट्रीय शिविर में ठीक नहीं किया जा सकता है।"[12]

सिस्टम के पुनर्निर्माण से भारतीय हॉकी टीम का उत्थान संभव - भूतपूर्व भारतीय हॉकी कोच राफेल ने कोचिंग सिस्टम में बदलाव और कम उम्र से प्रशिक्षण, खिलाड़ियों को ऐसी तकनीकें सीखाने की सलाह दी है जो उन्हें आधुनिक हॉकी में जीवित रहने में मदद करेगी। वे कहते हैं, हम अभी भी एक ऐसे प्र कायम हैं, जो एस्ट्रो-टर्फ के लिए बहुत अनुकूल नहीं है, हमें एक नई प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता है जो एशियाई कौशल को यूरोपीय हार्ड रनिंग जोड़ती है।" अन्य प्रसिद्ध कोच भी एक बेहतर कोचिंग संरचना, एक नियमित घरेलू कैलेंडर, बेहतर स्पोर्ट्स मेडिसिन बैकअप और अधिक एस्ट्रो-टर्फ की करते हैं'।(13)

'इन परिवर्तनों को लाने के बजाय, जिन लोगों को खेल चलाने का काम सौंपा गया है, वे एक लंगड़े घोड़े को कोड़े मार रहे हैं, इस उम्मीद में कि यह कि ठीक हो जाएगा और दौड़ना शुरू कर देगा'।(14)

इस बार टोक्यो ओलम्पिक में भारतीय हॉकी टीम मनप्रीत सिंह की कप्तानी में खेलने उतरी और जिस जज्बे से खेली उसको देख कर लगा की भारत की गौरव गाथा फिर से लिखी जाएगी। भारतीय हॉकी टीम के स्वर्णिम इतिहास और खिलाड़ियों के जोश को देखकर लगता है कि भारत एक बार फिर हॉकी में उम्मीद पर खरा उतरेगा और ओलम्पिक में स्वर्ण पदक लाएगा।

सन्दर्भ :

1.अजमेर सिंह, जगदीश बैस आदि, *शारीरिक शिक्षा तथा ऑलम्पिक अभियान* कल्याणी पब्लिकेशन-नई दिल्ली-2018, पृ. 920

2.वही, पृ. 923

3.सुरेन्द्र श्रीवास्तव, *हॉकी खेल और नियम* प्रभात प्रकाशन-2015, पृ. 217

4. https://www.aajtak.in/interactive/immersive/indian-hockey-olympics-gold-medals-history/

5. वही, https://www.aajtak.in

6.वही, https://www.aajtak.in

7. वही, https://www.olympic.com/hi/featured-news

8.वही, https://www.aajtak.in

9. सुरेन्द्र श्रीवास्तव, *हॉकी खेल और नियम* प्रभात प्रकाशन-2015, पृ. 228

10. B Shrikant, How we lost the turf war, Hindustan Times Aug 30, 2007(हिंदी अनुवाद)

11. वही, B Shrikant, How we lost the turf war (हिंदी अनुवाद)

12. वही, B Shrikant, How we lost the turf war (हिंदी अनुवाद)

13. वही, B Shrikant, How we lost the turf war (हिंदी अनुवाद)

14 वही, B Shrikant, How we lost the turf war (हिंदी अनुवाद)

श्याम लाल सिंह यादव
असिस्टेंट प्रोफेसर
शारीरिक शिक्षा, सकलडीहा पी.जी. कालेज, सकलडीहा
yshyam87@gmail.com, 9455223520

अपनी माटी (ISSN 2322-0724 Apni Maati) अंक-41, अप्रैल-जून 2022 **UGC Care Listed Issue**

सम्पादक-द्वय : माणिक एवं जितेन्द्र यादव, चित्रांकन : सत्या सार्थ (पटना)

Tags 41 इतिहास खेल शोध श्याम लाल सिंह यादव UGC Care Listed Issue

शेयर करें

LINKS TO THIS POST

POST A COMMENT

टिप्पणी डालें

‹ और नया

यह 'अपनी माटी संस्थान' चित्तौड़गढ़ (पंजीयन संख्या 50 /चित्तौड़गढ़/2013) द्वारा संचालित और UGC Care List Approved त्रैमासिक ई-पत्रिका 'अपनी माटी' है जिसका ISSN नंब 2322-0724 Apni Maati है। कला, साहित्य, रंगकर्म, सिनेमा, समाज, संगीत, पर्यावरण से जुड़े शोध, निबंध, साक्षात्कार, आलेख सहित तमाम विधाओं में समाज-विज्ञान और साहित्य सं सम्बद्ध रचनाएँ छपने और पढ़ने हेतु एक मंच है। कथेतर साहित्य छापने में हमारी रूचि है। यहाँ साल में चार सामान्य अंक प्रकाशित होते हैं। इसके अलावा कभी-कभी विशेषांक भी छप हैं। यह गैर-व्यावसायिक और साहित्यिक प्रकृति का सामूहिक प्रयासों से किया जाने वाला कार्य है। हमारा पता 'कंचन-मोहन हाऊस,1, उदय विहार, महेशपुरम रोड़, चित्तौड़गढ़-312001,राजस्थान' है। अन्य जरूरी प्रश्न हो तो 9460711896 (Dr. Manik), 9001092806 (Dr. Jitendra Yadav) पर Only Watts App करके सम्पर्क कर सकते हैं, यहाँ कॉल पर बात नहीं होगी। हमारा ई-मेल पता apnimaati.com@gmail.com यह रहेगा। कुल जमा पत्रिका ठीकठाक है इसे बेहतर बनाने का जिम्मा लेखकों और पाठकों पर ही है।

Design by - Shekhar

आलेख : छात्र असन्तोष : नैतिक शिक्षा की आवश्यकता / डॉ. दयाशंकर सिंह यादव

Arjun Kumar शनिवार, जुलाई 31, 2021 0

अपनी माटी (ISSN 2322-0724 Apni Maati) अंक-35-36, जनवरी-जून 2021, चित्रांकन : सुरेन्द्र सिंह चुण्डावत

UGC Care Listed Issue 'समकक्ष व्यक्ति समीक्षित जर्नल' (PEER REVIEWED/REFEREED JOURNAL)

छात्र असन्तोष : नैतिक शिक्षा की आवश्यकता / डॉ. दयाशंकर सिंह यादव

स्वतंत्रता पूर्व और स्वतंत्रता के बाद भारत में जितने भी परिवर्तनकारी सामाजिक आंदोलन हुए, उनमें छात्रों की भूमिका प्रमुख रही है। महात्मा गांधी के आह्वान पर लाखों छात्रों ने अंग्रेजी सरकार द्वारा स्थापित स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को छोड़कर स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया था। भारत में छात्र-असन्तोष दो चरणों में देखा जा सकता है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता के बाद का छात्र असंतोष। भारत में छात्र आंदोलन का प्रारम्भ 1848 में दादाभाई नौरोजी के स्टूडेंट्स साइंटिफिक एंड हिस्टोरिक सोसाइटी की स्थापना से माना जाता है। भारतीय इतिहास में पहली बार 1913 में छात्रों ने किंग एडवर्ड मेडिकल कॉलेज, लाहौर में अंग्रेजी छात्रों और भारतीयों के बीच अकादमिक भेदभाव के विरोध में हड़ताल की थी। असहयोग आंदोलन में भारतीय छात्रों ने प्रतिभाग किया। हिंदू छात्र संघ (एचएसएफ) 1936 में आरएसएस की विचारधारा के साथ शुरू हुआ था। मुस्लिम लीग ने 1937 में मुस्लिम छात्रों की शिकायतों को हल करने के लिए अखिल भारतीय मुस्लिम छात्र संघ की स्थापना की थी। दोनों छात्र संगठनों ने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेना उचित नहीं समझा। असहयोग आंदोलन के बाद, भारत छोड़ो आंदोलन को भारतीय छात्रों का समर्थन मिला। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना 1949 में राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के कार्य की दिशा में छात्र शक्ति को जुटाने के लिए की गयी थी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की छात्र सक्रियता एआईसीसी की युवा शाखा द्वारा की जाती थी।

स्वतंत्रता के बाद **छात्र आंदोलनों की पड़ताल**

स्वतंत्रता के बाद अधिकांश छात्र आंदोलन स्थानीय स्तर पर राजनेताओं के राजनीतिक हथियार बन कर रह गए है। आचार्य नरेन्द्र देव ने लिखा था कि जब कोई राजनैतिक दल सत्ता प्राप्त कर लेता है तो सबसे पहले वह उन संघर्षशील तत्वों को समाप्त करने का प्रयास करता है जिन्होंने उसकी सत्ता प्राप्ति में सहायता की हो। लेकिन कुछ मामलो में छात्रों की उपस्थिति ने सामाजिक परिवर्तन को गति दी जैसे- आपातकाल के दौरान हुए आन्दोलन इत्यादि।

अखिल भारतीय युवा संघ की स्थापना-

1959 में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया ने युवा पीढ़ी के प्रगतिशील और लोकतांत्रिक खंड के लिए एकजुट मंच के रूप में की थी। छात्रों की एकरूपता ने इसे और भी क्रांतिकारी बना दिया था। **भारतीय छात्र संघ (S.F.I.)** 1970 में सीपीआई (एम) ने छात्रों को एक लोकतांत्रिक और प्रगतिशील शिक्षा प्रणाली से लड़ने के लिए, छात्र समुदाय के उन्नति और सुधार के लिए स्थापना की। **नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया (NSUI)** की स्थापना 9 अप्रैल 1971 को एक राष्ट्रीय छात्र संगठन बनाने के लिए केरल स्टूडेंट्स यूनियन और पश्चिम बंगाल राज्य छत्र परिषद के विलय के बाद इंदिरा गांधी ने की थी।

आपातकाल के दौरान-

1974 में छात्र आन्दोलन आपातकाल के विरोध में शुरू हुआ। इसी दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और समाजवादी छात्रों ने पहली बार एकजुट हो कर **छात्र संघर्ष समिति** का गठन कर आपातकाल का विरोध किया। जिसके लालू प्रसाद यादव अध्यक्ष चुने गए थे और सुशील कुमार मोदी महासचिव चुने गए थे। आपातकाल के विरोध प्रदर्शन के दौरान बहुत से छात्रों को बेरहमी से पीटा गया और उनको जेल में बंद कर दिया गया था। नेतृत्व विहीन आपातकाल आन्दोलन को नई ऊर्जा देने के लिए जय प्रकाश नारायण को छात्रों द्वारा आमंत्रित किया गया और उसके बाद उन्होंने 'सम्पूर्ण क्रांति' का नारा दिया। 18 मार्च 1974 को जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में पटना में छात्र आंदोलन की शुरूआत हुई थी। जो देश भर में जेपी आंदोलन के रूप में जाना गया।

वर्तमान दौर का आन्दोलन-

वर्तमान दौर में छात्र राजनीति विचारधाराओं में सिमट कर रह गयी है। छात्र राजनीती छात्रों के कल्याण के लिए नहीं बल्कि राजनीतिक संगठनों के गुलाम होते जा रहे है। **वर्तमान दौर** की छात्र राजनीति में धार कुंद हो गयी है। **अखिल भारतीय छात्रसंघ** की स्थापना सीपीआई (एमएल) ने 1990 में की थी। बदलते वक़्त ने छात्रों की राजनीति और आन्दोलन के स्वरुप को ही बदल डाला। शुरूआती छात्र आंदोलन स्कूलों, पाठ्यक्रमों और शैक्षिक धन पर केंद्रित था; फिर उनका झुकाव भारत की आजादी के संघर्ष की ओर स्थानांतरित हुआ और अब ये केवल राजनैतिक संगठनो के हाथो की कठपुतली बन कर रह गए है। रिक वेइसबोरड ने अपने 'मोरल टीचर्स, मॉरल स्टूडेंट्स' लेख में लिखा है कि "शिक्षक छात्रों के नैतिक विकास को केवल अच्छे रोल मॉडल होने से प्रभावित करते हैं लेकिन यह भी कि वे दिन-प्रतिदिन छात्रों के साथ अपने रिश्तों में क्या प्रोग्राम लाते हैं।" देश के नवयुवक राष्ट्र के विकास एवं निर्माण की आधारशिला होते हैं। स्वस्थ नवयुवक ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। इन युवकों से ही देश की वास्तविक पहचान होती है। यदि देश के नवयुवकों में चारित्रिक दृढ़ता व नैतिक मूल्यों का समावेश है तथा वे बौद्धिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक शक्तियों से परिपूर्ण हैं तो निस्संदेह हम एक स्वस्थ एवं विकसित राष्ट्र की कल्पना कर सकते हैं परंतु यदि हमारे युवकों की मानसिकता रुग्ण है अथवा उनमें नैतिक मूल्यों का अभाव है।

युवा वर्ग की मानसिकता, उनकी मन:स्थिति व उनकी वर्तमान परिस्थितियों का आकलन करें तो हम पाते हैं कि उनमें से अधिकांश अपनी वर्तमान परिस्थितियों से संतुष्ट नहीं हैं। अधिकतर छात्र जीविका पाने के उद्देश्य से शिक्षा प्राप्त करते हैं, इसलिए जब उन्हें अनुकूल शिक्षा नहीं मिल पाती या उचित शिक्षा नहीं मिल पाती तो उनमें आक्रोश पनपने लगता है जिसे वह अपने अपने तरीके से व्यक्त करने लगते हैं। आज विद्यार्थी बिना सोचे-समझे शिक्षा लेकर महाविद्यालय विश्वविद्यालय से बाहर आकर बेरोजगारों की पंक्ति में खड़े हैं। छात्रों को अपने अनिश्चित भविष्य को लेकर असंतोष फैल रहा है। छात्र असंतोष एक ऐसी परिस्थिति है जिनका सामना अधिकतर विद्यार्थी अपने शैक्षणिक सत्र के दौरान करते रहते है। कभी विद्यार्थी अपने शिक्षकों के असहनीय बर्ताव का शिकार होते है, तो कभी पाठ्यक्रम को ऐसा तैयार किया जाता है जो विद्यार्थी अनुकूल नहीं होता है। जिनके कारण आए दिन विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार शिक्षक अपने ज्ञान के प्रभाव में विद्यार्थियों के विचारों को अनसुना कर देते हैं, साथ ही उनका तिरस्कार किया जाता है। यही तिरस्कार धीरे-धीरे विद्यार्थियों में विरोध पैदा करता है जिसका परिणाम हड़ताल, प्रदर्शन, हिंसात्मक घटनाएँ, परीक्षाओं का बहिष्कार, में बदल जाता है ।

देश के युवा वर्ग में बढ़ते असंतोष के अनेक कारक हैं। जब युवाओं के हुनर का कोई राष्ट्र समुचित उपयोग नहीं कर पाता है तब युवा असंतोष मुखर हो उठता है। कुछ तो हमारे देश की वर्तमान परिस्थितियाँ इसके लिए उत्तरदायी हैं तो कुछ उत्तरदायित्व हमारी त्रुटिपूर्ण राष्ट्रीय नीतियों एवं दोषपूर्ण शिक्षा पद्धति का भी है। कुछ अध्यापक जो जुगाड़ से या गलती से अध्यापक बन जाते हैं अपने कर्तव्य का पालन नहीं करते जिससे छात्रों का मार्गदर्शन सही तरीके से नहीं हो पाता। स्कूलों में शिक्षक और विद्यार्थी का अनुपात में भी बड़ा अंतर दिखता है। परीक्षा पद्धति असफल हो रही है। ईजी नोट्स पढ़कर छात्र किसी तरह पास हो जाते हैं । छात्रों के असंतुष्ट रहने के कई कारण हो सकते है। सबसे प्रमुख कारण हमारे देश में भाषा, धर्म, जाति, वंश, लिंग, आयु आधारित भेदभाव एवं अनेक अन्धविश्वास अभी भी विद्यमान हैं। छात्र आजकल की राजनीति, फैशन, ग्लैमर, फिल्म, मनोरंजन, अपराध के प्रति आकर्षण इत्यादि में अधिक है। साथ ही जब सामाजिक व्यवस्था में व्याप्त विरोधाभास, राजनीति से उत्पन्न भ्रष्टाचार व आर्थिक असमानताओं के कारण सभी व्यक्तियों में देश एवं समाज के प्रति मोहभंग हो जाता है तो वह किसी न किसी रूप में विद्रोही हो ही जाता है, तो ऐसी स्थिति में युवाओं से ही क्यों आशा की जाती है कि वे ही पारम्परिक नैतिक मूल्यों एवं आदर्शों के अनुसार चलें।

युवाओं की छवि हमेशा से आक्रामक रही है। उन्हें उत्तेजक, फुर्तीला, बागी मिजाज माना जाता रहा है। प्रत्येक गलत अथवा सही कार्य के पीछे कोई न कोई कारण अवश्य होता है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में असन्तोष है तो उसे छात्र-आन्दोलन की समस्या के रूप में स्वीकार नहीं किया जाता है अपितु जब सम्पूर्ण देश में शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश, पाठ्यक्रमों, परीक्षा-प्रणाली और शैक्षिक-समितियों में प्रतिनिधित्व आदि सामूहिक मामलों पर कुंठित होते हैं कि युवाओं में असन्तोष की समस्या है। युवाओं द्वारा व्यक्त किये जाने वाले असन्तोष एवं आन्दोलन के पीछे भी अनेक कारण हैं। युवाओं के आन्दोलनों को नियन्त्रित किया जा सकता है। परस्पर सहयोग, सद्भावना, सहिष्णुता, आदर, प्रेम, नैतिक मूल्यों एवं आदर्शों को युवाओं में पैदा करने की आवश्यकता है, तभी देश का सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक विकास समन्वित रूप से हो सकता है। छात्र-असंतोष के जिम्मेदार न केवल छात्र बल्कि अध्यापक व अधिकारी एवं सरकार भी हैं। अत: युवाओं में इन उत्तेजनापूर्ण आन्दोलनों को नियन्त्रित एवं कम करने के लिए माता-पिताओं, शैक्षणिक संस्थाओं के शिक्षकों, नीति निर्माताओं और शैक्षिक-प्रशासन व्यवस्था आदि सभी का पर्याप्त सहयोग अति आवश्यक है ताकि उनके अन्दर आशा, विश्वास, उत्साह, साहस की भावना पैदा हो सके। उनकी कक्षाओं में मूल्य शिक्षा का समावेश किया जाए। आज उच्च शिक्षा में नवाचार आधारित कक्षा-शिक्षण का अभाव पाया जा रहा है, नैतिक और मूल्य शिक्षा आधारित अध्यापन-विज्ञान का समावेश रूढ़िवादी मान लिया गया है, जबकि उच्च शिक्षा की कक्षाओं में मूल्य शिक्षा आधारित अध्यापन का समावेश किया जाना नितांत आवश्यक है, डगलस सुप्रका ने मूल्य शिक्षा के लिए आठ अलग-अलग दृष्टिकोणों की व्याख्या की है-

1. निकासी दृष्टिकोण-

छात्रों को बिना सोचे-समझे या बिना किसी हिचकिचाहट के स्वतंत्र रूप से, गैर तर्कसंगत विकल्प बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यह एक ऐसा वातावरण प्रदान करता है जो छात्रों के लिए अधिकतम स्वतंत्रता की अनुमति देता है और एक उत्तेजक स्थिति प्रदान करता है, जिसके लिए सहज प्रतिक्रियाएं प्राप्त होती हैं।

2. उत्थान दृष्टिकोण-

छात्रों को विशिष्ट वांछित मूल्यों के अनुसार कार्य करने के लिए मजबूर किया जाता है । शिक्षक द्वारा एक सकारात्मक और नकारात्मक सुदृढीकरण मूल्य वृद्धि में मदद करता है। यह एक शिक्षक के प्राकृतिक कार्यों और प्रतिक्रियाओं द्वारा किया जा सकता है।

3. जागरूकता दृष्टिकोण-

यह दृष्टिकोण छात्रों को जागरूक होने और अपने स्वयं के मूल्यों की पहचान करने में मदद करता है। इस प्रकार छात्र खुद को और दूसरों के विचारों, भावनाओं, विश्वासों या व्यवहार से मूल्यों के बारे में अनुमान लगाने की प्रक्रिया में खुद को संलग्न करते हैं ।

4. नैतिक तर्क दृष्टिकोण-

कोह्लबर्ग के नैतिक विकास के छह चरणों का सिद्धांत इस दृष्टिकोण में सबसे अधिक बार उपयोग किया जाने वाला ढांचा है। शिक्षकों ने सीखने के अनुभवों को स्थापित किया जो नैतिक विकास की सुविधा प्रदान करेगा। ये अनुभव कोहलबर्ग की भूमिका की सामान्य श्रेणी के अंतर्गत आते हैं। भूमिका लेने में महत्वपूर्ण कारक सहानुभूति है। खुद को एक भूमिका में रखने और निर्णय लेने की प्रक्रिया का अनुभव करने के माध्यम से, छात्र अपने एकल दृष्टिकोण की तुलना में एक बड़े ढांचे में नैतिक निर्णय देखना शुरू कर सकते हैं। इसमें एक दुविधा की चर्चा करने वाले छात्र होते हैं और तर्क के द्वारा वे उच्च स्तर का ज्ञान प्राप्त करते हैं।

5. विश्लेषण दृष्टिकोण-

समूह या व्यक्तियों को सामाजिक मूल्य समस्याओं का अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। उन्हें मूल्य प्रश्नों को स्पष्ट करने और संघर्ष में मूल्यों की पहचान करने के लिए कहा जाता है।

6. मूल्य स्पष्टीकरण-

यह छात्रों को व्यक्तिगत व्यवहार पैटर्न की जांच करने और मूल्यों को वर्गीकृत करने और वास्तविक बनाने के लिए तर्कसंगत सोच और भावनात्मक जागरूकता दोनों का उपयोग करने में मदद करता है।

7. प्रतिबद्धता दृष्टिकोण-

यह छात्रों को न केवल निष्क्रिय रिएक्टरों के रूप में या स्वतंत्र व्यक्तियों के रूप में बल्कि एक सामाजिक समूह और प्रणाली के आंतरिक-सापेक्ष सदस्यों के रूप में खुद को महसूस करने में सक्षम बनाता है।

8. केंद्रीकृत दृष्टिकोण-

इसका उद्देश्य छात्रों को स्वयं को समझने और अलग-अलग अहंकार के रूप में नहीं बल्कि एक बड़े अंतर-संबंधित मानव-जाति, दुनिया, ब्रह्मांड के हिस्से के रूप में कार्य करना है।

जॉन सी॰ डाल्टन और पामेला सी॰ क्रॉस्बी ने नैतिक और मूल्य शिक्षा के लिए दस गतिविधियाँ दी हैं, जो निम्नलिखित हैं:-

1. सामुदायिक सेवा और सेवा सीखना-

कुछ कक्षा की गतिविधियाँ छात्रों को दूसरों की समझ और स्वयं को गहरा करने और सामुदायिक सेवा गतिविधियों में भागीदारी के रूप में नैतिक प्रतिबिंब को प्रोत्साहित करने के लिए बहुत सारे समृद्ध अवसर प्रदान करती हैं। ये गतिविधियाँ छात्रों को वास्तविक जीवन की समस्याओं और चुनौतियों के संपर्क में लाती हैं। बहुत सारी सामुदायिक सेवा गतिविधियाँ हैं; जिनमें कुछ निम्न हैं:- चैरिटी में हिस्सा लें, स्थानीय गैर-लाभार्थी संगठन में स्वयंसेवक, एक कपड़े/ड्राइव का आयोजन, एक राष्ट्रीय दिवस में भाग लें, जन्मदिन या दीवाली, ईद या क्रिसमस में उपहार के बजाय धर्मार्थ दान के लिए पूछें, पैसे दान करें, आपके पास उपलब्ध एक कौशल को अन्य में विकसित करने के लिए कक्षायें सिखाएं, अपने खेल के मैदान को साफ करें, पेड़, फूल या अन्य पौधे लगाएं, अपने स्थानीय पुस्तकालय में स्वयंसेवक बनें, राजमार्ग के एक खंड को अपनाएं और इसे नियमित रूप से साफ करें आदि।

2. आध्यात्मिक गतिविधियाँ-

अधिकांश स्नातक छात्रों के लिए कॉलेज का समय स्वयं की खोज, पहचान विकास और निर्णय लेने का समय होता है। छात्रों द्वारा अर्थ और उद्देश्य की यह आवक खोज अक्सर आध्यात्मिक संदर्भ में तैयार की जाती है। आध्यात्मिक गतिविधियाँ छात्रों को उनके आंतरिक जीवन का पता लगाने और पूर्णता और एकीकृत जीवन की भावना का पता लगाने में मदद कर सकती हैं।

3. नेतृत्व शिक्षा-

कॉलेज के छात्रों के बीच नेतृत्व कार्यक्रमों की लोकप्रियता और नेतृत्व की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के लिए नैतिक विचारों के आंतरिक कनेक्शन, नेतृत्व शिक्षा को नैतिक और चरित्र विकास के लिए एक शक्तिशाली मंच बनाते हैं।

4. विविधता शिक्षा-

विविधता शिक्षा मानव अंतर की समझ और सराहना को बढ़ावा देने के लिए कॉलेजों और विश्वविद्यालयों द्वारा उपयोग की जाने वाली एक बहुत ही लोकप्रिय शैक्षिक रणनीति का प्रतिनिधित्व करती है। ऐसी शिक्षा के केंद्र में नैतिक मूल्यों और व्यवहारों का विकास होता है जैसे कि दूसरों के लिए सम्मान, सहिष्णुता, निष्पक्षता और सहानुभूति और समुदाय और समाज के सकारात्मक पहलू के रूप में बहुलवाद की स्वीकृति।

5. सहकर्मी सलाह और नेतृत्व-

कुछ चीजें छात्रों को जिम्मेदारी, दूसरों की समझ और स्वयं-जागरूकता को सलाह देने और अग्रणी लोगों की जिम्मेदारी के रूप में सिखाती हैं। कॉलेज की स्थापना में, छात्रों को सहकर्मी सलाहकार और नेता के रूप में काम करने के लिए कई अवसर उपलब्ध हैं और ये भूमिकाएं शक्तिशाली नैतिक विकास के अनुभव प्रदान कर सकती हैं, खासकर यदि वे चर्चा के अवसर शामिल करते हैं। सहकर्मी सलाह, बहुमुखी प्रतिभा सहित कई फायदे प्रदान करता है, पहले से मौजूद शैक्षणिक सलाह देने वाले कार्यक्रमों के साथ संगतता, छात्र की ज़रूरतों के प्रति संवेदनशीलता और समय और स्थानों को सलाह देने की सीमा और दायरे का विस्तार करने की क्षमता जब आमतौर पर सलाह उपलब्ध नहीं होती है।

6. अनुशासनात्मक और न्यायिक कार्यक्रम-

कई कॉलेज के छात्र संस्थागत नियमों और विनियमों के उल्लंघन के परिणामस्वरूप कॉलेज की अनुशासनात्मक प्रक्रियाओं में भाग लेंगे। नए छात्र कॉलेज के नियमों के सबसे अक्सर उल्लंघन करने वालों में से हैं, जो व्यवहार के कारण उन्हें छात्र आचरण नियमों के साथ संघर्ष में लाते हैं। जब शैक्षिक उद्देश्यों के लिए संगठित और प्रशासित किया जाता है, तो कॉलेज के अनुशासनात्मक प्रक्रिया कॉलेज के छात्रों को उनके व्यवहार के नैतिक और सामाजिक परिणामों को प्रतिबिंबित करने और उनके द्वारा किए जाने वाले निर्णयों के लिए अधिक व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेने में मदद करने में बहुत उपयोगी हो सकती है।

7. छात्र शासन संगठनों और गतिविधियों में भागीदारी-

छात्र अक्सर स्वयं कर के सीखते हैं, और परिसर के जीवन के कुछ क्षेत्र हैं जहां छात्रों को स्वतंत्रता और स्व-शासन के लिए अधिक जिम्मेदारी दी जाती है जैसे कि छात्र सरकार, निवास हॉल सरकार, छात्र क्लब और संगठन और अन्य छात्र गतिविधियों जैसी गतिविधियों में। इन नेतृत्व भूमिकाओं में छात्रों के पास संस्थागत शासन में साझा करने के लिए कार्यक्रम, नीतियां और प्रक्रियाएँ बनाने के कई अवसर हैं।

8. आनंदप्रद कोचिंग

मनोरंजन आज के कॉलेज के छात्रों की सबसे लोकप्रिय गतिविधियों में से एक है। हजारों छात्र कोच, रेफरी, व्यक्तिगत प्रशिक्षक, न्यायाधीश और छात्र मनोरंजक गतिविधियों और खेलों की एक विशाल सरणी के नेताओं के रूप में कार्य करते हैं। इन भूमिकाओं में छात्र संघर्षों की मध्यस्थता करते हैं, निष्पक्ष खेलने की सुविधा देते हैं, प्रतिक्रिया और सलाह प्रदान करते हैं और अपने साथियों की सहायता और मार्गदर्शन करते हैं ।

9. छात्र गतिविधियाँ

छात्र गतिविधियों को अक्सर छात्र मनोरंजन के रूप में माना जाता है, इन कैंपस गतिविधियों के बारे में बहुत कुछ है जो नैतिक और नागरिक शिक्षा को प्रोत्साहित करते हैं। कला, राजनीति और मनोरंजन के कार्यक्रम में महत्वपूर्ण नेताओं को परिसर में लाते हैं। छात्र दीर्घाएं छात्रों, शिक्षकों, पूर्व छात्रों और पेशेवर कलाकारों की कलात्मक कृतियों को प्रदर्शित करती हैं। शिल्प कार्यक्रम छात्रों को प्रतिभा विकसित करने और रचनात्मक प्रक्रिया का पता लगाने के अवसर प्रदान करते हैं। कॉफी हाउस, खुले माइक कार्यक्रम, और चर्चा राउंड-टेबल्स छात्रों को वर्तमान विषयों और मुद्दों पर बहस और चर्चा करने के अवसर प्रदान करते हैं।

10. घुमक्कड़ जिज्ञासा-

यात्रा कैंपस रूटीन और दायित्वों से एक अस्थायी राहत प्रदान करती है और मस्ती और दोस्ती के महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। कॉलेज के छात्र लंबी पैदल यात्रा, कैंपस कैनोइंग, पर्वतारोहण जैसी ऑफ-कैंपस साहसिक यात्राओं में भाग लेते हैं। कुछ प्रकार की यात्रा में छात्रों को नए अनुभव प्रदान करने की क्षमता होती है जो आत्म-परीक्षा को उत्तेजित करते हैं और उन्हें उन तरीकों से खुद को चुनौती देने का कारण बनते हैं जो वे परिसर स्थापना के अन्तर्गत में नहीं कर सकते हैं। यात्रा का हमेशा मानवीय मूल्यों और समझ पर गहरा प्रभाव पड़ा है।

निष्कर्ष-

आज शिक्षा में छात्र-असन्तोष दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, हम समस्या का समाधान अधिकतर लोग बाहर से ही खोजते हैं साथ ही नैतिक और मूल्य प्रेरित शिक्षा के स्थान पर भौतिक सामग्री आधारित कक्षा-शिक्षण को प्राथमिकता देते हैं, जो छात्र-असन्तोष को पूर्ण समाधान करने में असक्षम रहा है। आवश्यकता है जो बाहर से छात्रों पर न थोपी जाए बल्कि उनके अन्दर से प्रस्फुटित करते हुये, उसे पल्लवित व पुष्पित किया जाए। यह तभी सम्भव है जब नैतिक शिक्षा एवं मूल्य शिक्षा आधारित पाठ्यक्रम सम्मिलित किया जाए। यही नैतिक और मूल्य परक शिक्षा का समावेश उच्च शिक्षा में छात्र-असन्तोष का उचित व पूर्ण समाधान करने में सक्षम होगा एवं छात्र अपने अन्दर सर्वांगीण विकास कर, राष्ट्र को महत्वपूर्ण योगदान दे पाएगा। तभी युवा-शक्ति, राष्ट्र-शक्ति। छात्र-शक्ति, राष्ट्र-शक्ति चरितार्थ हो पायेगा।

सन्दर्भ-

1 सिंह, डॉ. देवी प्रसाद (1984): ''हिन्दू समाज में परिवर्तन की प्रक्रिया (700 ई. से 1200 ई. तक)''; पूर्वा संस्थान, गोरखपुर।

2 मित्तल, डॉ. ए. के. (1980): ''भारत का राजनीतिक एवं सांस्कृति इतिहास (1526 ई. से 1950 ई. तक)''; साहित्य भवन, आगरा।

3 रोकेयाच, एम. (1973). द नेचर ऑफ ह्यूमन वैल्यूस, न्यूयॉर्क: फ्री प्रेस

4 कोहलबेर्ग, एल. (1981). एसेस ऑन मॉरल डेवेलोपमेंट, सन फ्रान्सिस्को: हार्पर एंड रो

5 कुर्टिन्स, डब्ल्यू. और ग्रीफ, ई.बी. (1974). द डेवोलोपमेंट ऑफ मॉरल थॉट: रिवियू एंड इवैल्यूएशन ऑफ कोहलबेर्ग अप्रोच, साइकोलॉजिकल बुलेटिन 81.,453 -470

6 गावन्दे, ई. एन. (2004). वैल्यू ओरिएंटेड़ एडुकेशन, न्यू डेलही: सरूप एंड संस

7 सुपरका, डगलस और अन्य (1976). वैल्यूज एजुकेशन सोर्सबुक: कॉन्सेप्चुअल अप्रोच, मैटेरियल्स एनालिसिस, एंड एन एनोटेटेड बिब्लियोग्राफी, वाशिंगटन, डी.सी.: नेशनल इंस्टीट्यूट, शिक्षा विभाग (डीएचईडब्ल्यू)।

8 योगिनी, एस बाराहते (2014). रोल ऑफ ए टीचर इन इंपार्टिंग वैल्यू, आईओएसआर जर्नल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंस (आईओएसआर-जेएचएसएस), पीपी 13-15। 10

डॉ दयाशंकर सिंह यादव,

एसोसिएट प्रोफेसर - समाजशास्त्र

सकलडीहा पी. जी. कालेज, सकलडीहा, चंदौली

sambadindia@gmail.com 9452302015

Tags छात्र असन्तोष डॉ. दयाशंकर सिंह यादव नैतिक शिक्षा की आवश्यकता शिक्षा UGC Care Listed Issue

शेयर करें

LINKS TO THIS POST

सभी देखें

POST A COMMENT

टिप्पणी डालें

‹ और नया

पुराने ›

यह 'अपनी माटी संस्थान' चित्तौड़गढ़ (पंजीयन संख्या 50 /चित्तौड़गढ़/2013) द्वारा संचालित और UGC Care List Approved त्रैमासिक ई-पत्रिका 'अपनी माटी' है जिसका ISSN नंबर 2322-0724 Apni Maati है। कला, साहित्य, रंगकर्म, सिनेमा, समाज, संगीत, पर्यावरण से जुड़े शोध, निबंध, साक्षात्कार, आलेख सहित तमाम विधाओं में समाज-विज्ञान और साहित्य से सम्बद्ध रचनाएँ छपने और पढ़ने हेतु एक मंच है। कथेतर साहित्य छापने में हमारी रुचि है। यहाँ साल में चार सामान्य अंक प्रकाशित होते हैं। इसके अलावा कभी-कभी विशेषांक भी छपते हैं। यह गैर-व्यावसायिक और साहित्यिक प्रकृति का सामूहिक प्रयासों से किया जाने वाला कार्य है। हमारा पता 'कंचन-मोहन हाऊस,1, उदय विहार, महेशपुरम रोड़, चित्तौड़गढ़-312001,राजस्थान' है। अन्य जरूरी प्रश्न हो तो 9460711896 (Dr. Manik), 9001092806 (Dr. Jitendra Yadav) पर Only Watts App करके सम्पर्क कर सकते हैं, यहाँ कॉल पर बात नहीं होगी। हमारा ई-मेल पता apnimaati.com@gmail.com यह रहेगा। कुल जमा पत्रिका ठीकठाक है इसे बेहतर बनाने का जिम्मा लेखकों और पाठकों पर ही है।

Design by - Shekhar फॉण्ट कन्वर्टर भक्ति विशेषांक रेणु विशेषांक मीडिया विशेषांक किसान विशेषांक तुलसीदास विशेषांक शिक्षा विशेषांक प्रतिबंधित साहित्य विशेषांक

समसामयिक सृजन

साहित्य, शिक्षा और संस्कृति का संगम

संरक्षक

डॉ. प्रभात कुमार

प्रधान संपादक एवं परामर्श

डॉ. रमा

संपादक

डॉ. महेन्द्र प्रजापति

संपादन सहयोग

रीमा प्रजापति

आवरण चित्र

अंकीता चौहान

ले-आउट

हर्ष कंप्यूटर्स

संपादकीय कार्यालय

मकान नं. 189, ब्लॉक-एच
विकासपुरी, नई दिल्ली-110018

पत्राचार

एफ-114, तृतीय तल, SLF, वेद विहार
नियर : शंकर विहार ऑटो स्टैंड, लोनी
गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102

सदस्यता

आजीवन : 5000/- रुपए
संपर्क : 9871907081
वेबसाइट : www.samsamyiksrijan.com
Email : samsamyik.srijan@gmail.com

प्रकाशन एवं मुद्रण

हरिन्द्र तिवारी

हंस प्रकाशन, दिल्ली
मो. : 7217610640, 9868561340
ईमेल : hansprakashan88@gmail.com
बेवसाइट : www.hansprakashan.com

पृ.सं.

- **'कब होगी वह भोर... :** *डॉ. जी. वी. रत्नाकर* 3
- **अभिशप्त जीवन–'दोहरा... :** *वंदना एस.* 6
- **शिक्षक शिक्षा का विकास... :** *संजय यादव* 13
- **गोरख पांडेय की कविता में जनचेतना :** *प्रीति प्रसाद* 16
- **ज्ञान प्रकाश विवेक के उपन्यास... :** *इंदु रानी* 19
- **हिंदी दलित कथा साहित्य... :** *एल. अनिल* 22
- **'स्वर्ग की अदालत' का नाटक... :** *तितिक्षा जी वसावा* 25
- **'कुमारजीव' : जीवन के ध्येय... :** *कुमार सौरभ* 28
- **भारतीय समाज में तृतीय लिंगी... :** *हेमंत यादव* 31
- **'रागदरबारी' की भाषा में... :** *डॉ. शिप्रा श्रीवास्तव 'सागर'* 34
- **मितभाषण : भावनाओं के... :** *मुनि कुमार श्रमण* 37
- **एक बहुआयामी व्यक्तित्व... :** *डॉ. सुमन फुलारा* 45
- **साहित्य और विभाजन : संदर्भ... :** *निधि वर्मा* 47
- **नासिरा शर्मा के कथा साहित्य में... :** *अजय कुमार* 51
- **मृणाल पाण्डे के सांस्कृतिक... :** *आलोक कुमार तिवारी* 55
- **माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के... :** *अमित कुमार दूबे* 58
- **मीनाक्षी स्वामी के उपन्यासों... :** *विजय कुमार पाल* 61
- **'हरित मानव की तलाश' :** *बिजीना टी.* 65
- **विश्वनाथ प्रसाद तिवारी की साहित्य... :** *डॉ. जगदीश* 68
- **महादेवी वर्मा का नारी चिंतन :... :** *डॉ. सुनीता शर्मा* 74
- **अज्ञेय के कथा-साहित्य में... :** *डॉ. सुरेंद्र शर्मा* 77
- **एकांत के आख्यान को रचती... :** *कार्तिक राय* 81
- **विनोबा भावे जी... :** *डॉ. गिरीश कुमार द्विवेदी* 84
- **मुंशी प्रेमचंद : आदर्शवाद से... :** *जितेंद्र शर्मा* 87
- **उषा प्रियंवदा के कथा... :** *कृपा शंकर* 91
- **हिंदी साहित्य में रसानुभूति... :** *कृपा शंकर* 95
- **चित्रा मुद्गल की कहानियों... :** *कृपा शंकर* 98
- **अमरकांत के कथा साहित्य में... :** *कृपा शंकर* 101
- **काशीनाथ सिंह की उपन्यासिक... :** *कृपा शंकर* 104
- **सुभद्रा कुमारी चौहान के साहित्य... :** *ललिता देवी* 108
- **प्राथमिक शिक्षा में शिक्षा के ... :** *पीयूष कांती* 111
- **समाज के उन्नयन में अल्पसंख्यक... :** *अजीत कुमार मिश्र* 115
- **मंगलेश डबराल के काव्य... :** *सुरेश कुमार मिश्र* 117
- **बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों की... :** *डॉ. सरोज राय* 120
- **रामनरेश त्रिपाठीजी के सृजन... :** *डॉ. अवनीश कुमार* 124
- **ललित निबंधों में समाज की... :** *प्रदीप कुमार तिवारी* 127
- **'थर्ड जेंडर' एवं उनका वर्गीकरण... :** *प्रियंका कलिता* 131
- **बद्री सिंह भाटिया के उपन्यास... :** *कुसुम देवी* 133
- **मध्यवर्ग के परिप्रेक्ष्य में तरसेम... :** *बलजिंदर कुमार* 136
- **धार्मिक शोषण का शिकार... :** *एन आर सेतु लक्ष्मी* 140

स्वामी, प्रकाशक, सम्पादक, मुद्रक तथा स्वत्वाधिकारी : *डॉ. महेन्द्र प्रजापति द्वारा एच.-ब्लॉक, मकान नं. 189, विकासपुरी, नई दिल्ली-110018 से प्रकाशित।*

- पति-पत्नी के अहं के... : *स्नेहा शर्मा* 143
- नागार्जुन के साहित्यिक... : *संदीप कुमार* 146
- बाँसवाड़ा जिले... : *डॉ. सौरभ त्यागी-सुरभी दोषी* 148
- सम्मेलन पत्रिका... : *त्रिभुवन गिरि* 153
- बाणभट्ट की आत्मकथा... : *चंदन कुमार* 157
- अमरकांत की... : *अजीत कुमार पटेल* 160
- रामविलास शर्मा ... : *डॉ. अजीत सिंह* 163
- चित्रा मुद्‌गल के ... : *डॉ. अमिता तिवारी* 167
- विवेकी राय का... : *अनुपमा तिवारी* 170
- वर्तमान समय में हिंदी... : *डॉ. आशीष यादव* 173
- भारतेंदुयुगीन कविता... : *डॉ. भास्कर लाल कर्ण* 176
- भोजपुरी बारहमासा... : *भव्या कुमारी* 185
- नारी मुक्ति का छद्‌म : *डॉ. बीना जैन* 188
- हिंदी पत्रकारिता... : *डॉ. चयनिका उनियाल पंडा* 191
- लोकमानस के अनूठे... : *डॉ. छोटू राम मीणा* 194
- महामारी कोविड-19 के... : *डॉ. ऋषिपाल डॉ. ज्योति श्योराण, डॉ. जयपाल मेहरा डॉ. निधि जैन, सुश्री पल्लवी* 199
- योग : विश्व को... : *डॉ. दयाशंकर सिंह यादव* 203
सूचना क्रांति ने विकसित देशों का काम और आसान कर दिया। संचार को शोध के क्षेत्र में काफी हद तक एक ऐसी तकनीक माना गया जिसका प्रयोग युद्ध के दौरान प्रोपेगण्डा के रूप में किया जाता है। यह विचारधारा भी द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान उस परिस्थिति में प्रेरित थी जिसमें अमेरिका ने विज्ञापन और जनसम्पर्क के माध्यम से उत्पादों और छवि को बेचने की परम्परा शुरू की थी। इसी दौर में संचार के यही सिद्धान्त और तकनीक अमेरिकन भूमि अनुदान महाविद्यालयों तक फैली जहां उन्हें शिक्षा प्रसार के सहायक के रूप में स्थापित किया गया यानि विज्ञापन, जनसम्पर्क और संचार माध्यमों का प्रयोग शिक्षा के प्रसार के लिये किया जाने लगा। रेडियो, टी0वी0, मुद्रित एवं दृश्य और श्रव्य माध्यमों ने समान रूप से कृषि एवं घरेलू जानकारियों के प्रसार की रीति अपनाई, जिसे जन माध्यम की विधि के रूप में जाने लगा। 1960 का दशक उन कारकों के संगम का दशक रहा जिन्होंने 'विकास' के सम्बन्ध में विश्व का ध्यान आकृष्ट किया, इस दौर में केवल आर्थिक विकास को विकास मानने की परम्परा टूटने लगी और बाद के दशकों में गरीबी, खाद्य समस्या, जनसंख्या की तीव्र वृद्धि, पर्यावरण प्रदूषण जैसी तृतीय विश्व की समस्यायें अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विकास के अंगों के रूप में स्वीकारी जाने लगी। इसी दौर में संचार माध्यमों का विकास हुआ और ये मुद्दे संचार से जुड़ गये। सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया को तेज करने के लिये सूचना आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु नई संचार प्रौद्योगिकी ने बहुत सहायता प्रदान की।इसके बाद अल्पविकास के लिये जिम्मेदार कारणों और बाधाओं का अवलोकन करने के साथ-साथ विकास हेतु संचार की उपयोगिता को पहचाना गया। जो दहेज प्रथा, अंधविश्वास जैसी सामाजिक कुप्रथाओं पर चोट करते थे।

विकास संचार सामाजिक और आर्थिक प्रगति के प्रयासों में लोगों की सहायता करने के लिये संचार माध्यमों का प्रयोग करने की एक प्रक्रिया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि विकास संचार की प्रक्रिया में सामाजिक आर्थिक विकास के साथ-साथ मानवीय उद्देश्यों को भी समान महत्व दिया जाता है और इस दृष्टि से विकास संचार लक्ष्य निष्ठ और मध्यस्थता दोनों तरह के गुणों को धारण करता है। विकास संचार, सिर्फ कृषि, परिवार नियोजन, पोषण, पर्यावरण या और ऐसे ही पहलूओं से संबंधित सूचनाओं के संचार से अधिक विस्तृत है। यह एक प्रकार की संचार नियोजन प्रणाली से सम्बद्ध हो चुका है जो कि चरणबद्ध और वित्तीय प्रक्रिया है, जिसके उद्देश्यों का निर्धारण उपभोगकर्ताओं की आवश्यकता के आधार पर होता है। इसका अर्थ यह है कि संचार की दृष्टि में व्यक्ति, समाज से भिन्न नहीं है, वह एक अुणु की भांति स्वतंत्र नहीं है, इसमें लोग एक दूसरे से जुड़े है, यह सम्बन्धों का एक नेटवर्क है जहां कई अच्छे निर्णय लोगों के समूह द्वारा संयुक्त रूप से लिये जाते है, कई संचार नीतियां, विशेष तौर पर ग्राम्य स्तर पर इसी आधार पर बनाई गई है। विकास संचार कई स्तरों पर जैसे सामुदायिक, राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय विकास के लिये प्रेभावशील हो सकता है। इससे एक स्तर पर उत्पन्न हुई विचार या अन्तदृष्टि को बहुत सहजता से नई संरचना या स्तर के अनुरूप परिवर्तन करके दूसरे स्तर पर स्थानान्तरित किया जा सकता है। एक विस्तृत दृष्टिकोण के आधार पर विकास संचार विभिन्न स्तरों के बीच विद्यमान सूचना असंतुलन की समस्या का निदान करता है। संचार सामाजिक बदलाव के एजेन्ट की भूमिका निभाते है। संचार माध्यमों से यह अपेक्षा की जाती है कि सामाजिक बदलाव की दृष्टि से वे लोगों को नये तरीके अपनाने के लिये प्रेरित करें और विभिन्न वर्गो में आपसी तालमेल भी स्थापित करें। लोगों के व्यवहार में इस तरह का बदलाव आने के पहले उनकी प्रवृत्तियों, आस्था और विश्वास में भी बदलाव जरूरी होता है। आखिर यह बदलाव किस तरह होते है? आमतौर पर ऐसे परिवर्तनों की गति धमी होती है। जब समाज का एक वर्ग दूसरे वर्ग के लगातार सम्पर्क में आता है और दोनों एक दूसरे के रीति-रिवाजों और आस्था एवं विश्वास को अपनाने लगते है।

विकास संचार अल्पविकास के कारणों की खोज करता है जो कि वर्तमान में लोगों में ही विद्यमान है। इसके अलावा उनके पर्यावरण, समुदाय, राष्ट्र और उनके अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों में विद्यमान है इसलिये अल्प विकास की समस्या का हल ढूध्ढने के लिये न सिर्फ लोगों के ज्ञान, व्यवहार और क्रिया-कलाप में परिवर्तन आवश्यक है वरन् उनकी सामाजिक और आर्थिक संरचना, संगठनों और नीतियों में भी परिवर्तन आवश्यक है। यह परिवर्तन राष्ट्रीय व क्षेत्रीय दोनों स्तरों पर जरूरी है। व्यवहारिक रूप से विकास संचार के उद्देश्यों को कृषि व पिछड़े क्षेत्रों के विकास पर केन्द्रित किया जाता है किन्तु इसका अर्थ यह नहीं है कि नगरीय क्षेत्रों के विकास को गौण कर दिया गया है। नगरीय क्षेत्रों के विकास के लिये विकास संचार की उपेक्षा दो कारणों से नहीं की जा सकती है, पहला कारण है नगरीय क्षेत्रों के गरीब वर्ग के लिये भी विकास संचार की आवश्यकता है और दूसरा कारण है कि शहरी विकास और ग्रामीण विकास को पृथक् रूप से प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है। ये एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। यह सही है कि वर्तमान में ग्रामीण विकास पर ही ज्यादा बल दिया जा रहा है क्योंकि ग्रामीण वातावरण में उपेक्षा के भाव ने जन्म ले लिया है, ग्रामीण अपने आप को शहरी की अपेक्षा हीन समझने लगा है इसलिये ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी जा रही है इस संदर्भ में विक्रम साराभाई को उद्धृत करना सार्थक होगा, उन्होंने कहा था कि यदि भारत में हम गांव के लोगों का

शहर की ओर पलायन और अत्यधिक आकर्षण रोकना चाहते है, यदि हम लोगों के सांस्कृतिक जीवन को और समृद्धि प्रदान करना चाहते हैं, हम देश के एक हिस्से की संस्कृति का परिचय दूसरे हिस्से में देना चाहते है और यदि हम ग्रामीण, आर्थिक, सामाजिक विकास में लोगों को सम्मिलित करना चाहते है तो उपग्रह के माध्यम से लोगों को टी.वी. की सुविधा उपलबध करायें। जनसंचार का अस्तित्व सामाजिक विकास के साथ-साथ ही हुआ है जैसे-जैसे भारतीय संस्कृति का विकास हुआ वैसे-वैसे जनसंचार का विकास हुआ। यह बात अलग है कि आधुनिक युग में इसका महत्व अधिक बढ़ जाने के कारण हमारे जीवन का आवश्यक अंग बन गये है। मनुष्य मूल रूप से सामाजिक प्राणी है इसलिये वह एक दूसरे के सुख-दुख में शामिल होना चाहता है इसीलिए जनसंचार की आवश्यकता होती है। जनसंचार माध्यमों का समुचित विकास नहीं हुआ था तब भी जनसंचार का अपना महत्व था लोग अपने मनोभावों को मौखिक रूप से और प्रतीकों के माध्यम से दूसरो तक पहुंचाते थे।

जैसे-जैसे सभ्यता का विकास हुआ मनुष्य सामाजिक रूप से रहने लगा तो धीरे-धीरे जनसंचार का भी विकास होता गया। राजा महाराजा जब कोई आदेश जनता तक पहुंचाना चाहते थे तो गांव-गांव में ढिंढोरा पिटवा देते थे जिससे लोगों को राजा के आदेशों की जानकारी हो जाती थी। गांवों में त्यौहार, मेले, मेल-मिलाप व जनसंचार के केन्द्र होते थे। इसी प्रकार गांवों में अलाव जलाने की एक अच्छी परम्परा रही है जिसमें आस-पास के लोग रात-भर आग तापते रहते थे और अपने सुख-दुख की बातें करते रहते थे। इन अलावों में लम्बे-लम्बे कथानक मौखिक परमपरा में गद्य एवं पद्य शैली में गाये जाते थे जिसे लोग रात-रात भर सुनते रहते थे। अतः अलाव भी प्राचीन काल के अनौपचारिक जनसंचार केन्द्र कहे जा सकते है।इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में नदी, तालाब, कुँओं के घाट महिलाओं के जनसंचार के केन्द्र कहे जा सकते है, नहाते हुए पानी भरते हुए महिलायें अपने सुख-दुःख की बातें एक दूसरे से बताने से नहीं चूकती है।

भारत में समाचार पत्रों की शुरूआत 1780 के उत्तरार्द्ध में हुई जिसने जनसंचार के क्षेत्र में क्रांति ला दी। पहले जनसंचार के केवल मौखिक माध्यम होते थे लिपिबद्ध जनसंचार के रूप में समाचार पत्र जनता के सामने आया। तो दिन प्रतिदिन विकास की ओर बढ़ता ही चला गया। आज देश में समाचार मुद्रण में अति आधुनिक तकनीक का प्रयोग लिया जा रहा है। कम्प्यूटर और सेटेलाइट के प्रयोग से आज हजारो मील दूर छपा अखबार आसानी से पढ़ने को मिल सकता है जिससे हम देश-विदेश की संस्कृति से भी परिचित होने लगे।इलेक्ट्रानिक मीडिया में फिल्म, रेडियो, दूरदर्शन तीन प्रमुख माध्यम है। भारत में 20वीं शताब्दी के प्रारम्भिक दौर में सर्वप्रथम फिल्मों की शुरूआत हुई जो जनसंचार की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध हुई फिल्मों के आकर्षण के कारण एक ओर जहां मनोरंजन प्रधान व्यवसायिक फिल्में बड़ी तेजी से बनी, वहीं शिक्षाप्रद वृत्तचित्र भी सरकारी गैरसकारी स्तर पर बने जिन्होंने जनसंचार की दिशा में क्रांति ला दी। फिल्मों के प्रारम्भिक दौर में अधिकतर भारतीय संस्कृति राष्ट्रीय चेतना और नैतिक विषयों को प्रमुखता प्रदान की जाती थी।

इलेक्ट्रानिक मीडिया से भी पहले भारतीय संस्कृति, इतिहास और राष्ट्रीय चेतना जगाने वाले विषय ही चयन किये जाते थे जिनमें अब हिंसा, बलात्कार अपराध विषयक फिल्में ही अधिक बन रही है जिनका समाज पर विशेषकर युवा पीढ़ी पर भारतीय संस्कृति के विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। सन् 1927 में इण्डियन ब्राडकास्टिंग कम्पनी नामक एक निजी संस्था ने भारत में सर्वप्रथम रेडियो को प्रसारण किया बाद में सन् 1935 में आल इण्डिया रेडियो की स्थापना हुई। रेडियो के विकास ने जन संचार को वास्तव में जन-जन तक पहुंचाया जो आज भी जनसंचार का एक सशक्त माध्यम है। आज चाहे फिल्म हो, रेडियो हो, दूरदर्शन हो या समाचार पत्र, सभी में विदेशी मानसिकता भारी पड़ रही है फिल्मों और दूरदर्शन के 90 प्रतिशत कार्यक्रम विदेशी नकल पर बन रहे है। प्रिन्ट मीडिया में भी विदेशी मानसिकता बढ़ रही है। बहुत से विदेशी अखबार भी भारत में प्रवेश के लिये प्रयत्नशील है।

भारतीय संस्कृति और भारतीय पृष्ठभूमि को विकृतम करने का कार्य केवल विदेशी चौनल, विदेशी अखबार ही नहीं कर रहे है बल्कि अधकचरे ज्ञान और पहुंचा वाले निर्माता निर्देशक भी इसे विकृत करने में लगे हैं। लोक संस्कृति और भारतीय संस्कृति को संरक्षण देने के नाम पर ऐसे भद्दे कार्यक्रम प्रस्तुत किये जा रहे थे जिनमें न तो लोकसंस्कृति का समावेश है और न उस संस्कृति से जुड़े कलाकारों की पहुंच लोग अपनी पहुंच और सम्बन्धों के बल पर वास्तविक कार्यक्रमों और कलाकारों के स्थान पर स्थानीय कलाकारों को लेकर विकृत कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में हम कह सकते है कि एक तरफ जहां हम सूचना क्रांति के युग में जी रहे है पूरा विश्व एक गांव के रूप में परिवर्तित हो गया है, वहीं हम अपने संस्कृति के अस्तित्व संकट से भी गुजर रहे हैं।

संचार क्रांति के चलते पिछले 40 वर्षो में दुनिया जितनी तेजी से परिवर्तित हो रही है उतना पांच हजार के इतिहास में भी नहीं हुआ है। देश के अधि कतर हर राज्यों में ग्रामीण इलाकों में समाचार पत्रों और पत्र-पत्रिकाओं ने अपनी जगह बना ली है। टेलीविजन, रेडियो, इण्टरनेट, मोबाईल फोन और संचार के कई साधन हमारे गांव की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। इन साधनों का उपभोग आज हर एक व्यक्ति कर रहा है। समाचार पत्रों और चौनलों ने कई ऐसे लक्षित समूहों को ध्यान में रखकर नये कार्यक्रम शुरू किये हैं। भारत जैसे विशाल आबादी के देश में संचार माध्यमों की आवश्यकताओं की पूर्ति एवं सजगता को सुदृढ़ करना आवश्यक है।

ग्रामीण समाज में लागू प्रौद्योगिकियां

रेडियो और टेलीविजन - कई ग्रामीण किसानों की संचार तकनीकों तक सीमित पहुंच है, जबकि 70 प्रतिशत ग्रामीण घरों में रेडियो की पहुंच है इसका एक कारण यह भी है की छोटे पैमाने पर किसान अक्सर दूर दर्ज के ग्रामीण इलाकों में स्थित होते है ऐसे इलाको में रेडियो अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचने का एक महत्वपूर्ण साधन है. कृषि विस्तार में रेडियो और टेलीविजन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जो आज सतत जारी है इन मुख्य सेवाओं के संपर्क से किसानों को कई लाभ भी मिल रहे है। कृषि और खेती से जुड़े रेडियो चौनल के विभिन्न प्रसारणों ने भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है किसान रेडियो प्रशनोत्तरी और में भाग लेके और अन्य सहभागिता रेडियो कार्यक्रमों के माध्यम से कृषि उत्पादन से जुड़े नए पहलुओं की आवश्यक जानकारी भी प्राप्त कर सकता है।

मोबाइल - दुनिया के मोबाइल फोन उपभोक्ताओं में से लगभग 70 प्रतिशत विकासशील दुनिया में हैं। यह संचार के एक किफायती और सुलभ माध्यम हैं ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक नेटवर्क को मजबूत करने के साथ यह कृषि से सम्बंधित जानकारी लेने का माध्यम भी बन रहा है। मोबाइल टेलीफोन अब सिर्फ

एक ऑडियो सूचनाएं देने तक सिमित नहीं रह गया ह अपितु इससे विडिओ मैसेज भी प्राप्त होते है। मोबाइल टेलीफोन कुछ अद्वितीय अवसर प्रदान करता है, जिनमें निम्न शामिल हैंः-

ग्रामीण समुदायों को प्रत्यक्ष वैश्विक संचार चौनल प्रदान करना। ग्रामीण रेडियो जैसे स्थापित ग्रामीण मीडिया के प्रभाव को विस्तारित करना। स्थानीय सामग्री उपलब्ध करा रही है। ग्रामीण सेवाओं को और अधिक कुशल बनाना।

इंटरएक्टिव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग - सम्बंधित वैज्ञानिक से सूचना लेने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सेवा का उपयोग किया जाता है किसान कृषि से सम्बंधित परेशानियों को विस्तार से समझाकर इसका उपाय प्राप्त कर सकता है इंटरएक्टिव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सेवा की सुविधा गांव के कृषि विज्ञानं केंद्र पर उपलब्ध है।

मोबाइल इंटरनेट - स्मार्ट फोन सेवा के माध्यम से जानकारी प्राप्त एवं दी जाती है जैसे कृषि व्यवसाय मूल्य जानकारी, ई-समाचार आदि।

वेब पोर्टल - वेब पोर्टल प्रासंगिक वेबसाइटों का संग्रह होस्ट करने वाला मंच है। यह एक महत्वपूर्ण और तेज सूचना प्रसार चौनल है। प्रत्येक क्षेत्र में बड़ी संख्या में वेबसाइटें विकसित की जाती हैं। वेब पोर्टल बड़ी संख्या में लिंक की गई साइटों के साथ बनाया गया है। सभी वेबसाइटें एकीकृत शैलियों, मानकों और विनियमों का पालन करती हैं। वेब पोर्टलों की स्थापना सूचना संसाधनों के साझाकरण और उपयोग को बढ़ावा देती है, समग्र निवेश और रखरखाव लागत को कम करती है, और सेवा कवरेज और साइट विजिट में वृद्धि करती है।

वास्तव में संचार माध्यम का मुख्य केन्द्र महानगर और नगर ही है। ऐसे में ग्रामीण की बहुत अधिक उपेक्षा की जा रही है। भारत में शहरी आबादी 27. 15 करोड़ की तुलना में ग्रामीणों की आबादी 75.05 करोड़ है। पर विशुद्ध व्यवसायिक नजरिये की वजह से खासकर बड़े अखबार गांव की जितनी उपेक्षा कर सकते हैं, कर रहे है। इनमें कोई संदेह नहीं है कि ग्रामीण विकास में संचार माध्यम बहुत कारगर साबित हो सकता है। पर यह दुःख की बात है कि हाल के सालों में काफी साधन सम्पन्न और विकसित हुए, कई अखबार और चौनल अपनी इस भूमिका के प्रति बहुत उदासीन है। ग्रामीण विकास का सबसे अहम पक्ष दसवीं योजना में कृषि की उत्पादकता बढ़ाने को उच्च प्राथमिकता दी गयी है ताकि कृषि क्षेत्र वार्षिक चार प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल कर सके। पर अभी तक जो स्पष्ट है वह बहुत आशाजनक नहीं है। कृषि की विकास दर लगातार झटके खा रही है। भूमण्डलीकरण के इस दौर ने भारत के किसानों को दुनिया के साथ प्रतिस्पर्धा में लाकर खड़ा कर दिया है जिसके लिये वे मानसिक तौर पर तेयार नहीं थे। यही कारण हे कि कई प्रान्तों में किसानों ने बड़ी संख्या में आत्महत्यायें तक की है। गांव समाज का ताना-बाना आज भी बहुत मजबूत है। भारत जैसे गरीब एवं विकासशील देश में लोगों तक ज्ञान, सूचना और जानकारी पहुंचाने का रेडियो सबसे सरल कारगर और शक्तिशाली साधन है। रेडियो के आविष्कार के बाद दूरदराज क्षेत्रों सहित देश में सर्वत्र फैल गया है। कोई भी सूचना एवं सन्देश रेडियों के द्वारा जनसंख्या के काफी बड़े भाग्र तक एक ही समय में कम खर्च में प्रभावी तरीके से पहुंचाया जा सकता है। दूर-दराज के जिन गांवों एवं दुर्गम स्थानों पर परिवहन एवं संचार की सुविधाएं सीमित हैं वहां भी रेडियो की पहुंच है। आकाशवाणी के लगभग सभी केन्द्रों से ग्रामीण लोगों के कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते है। हालांकि रेडियो के अनेक कार्यक्रमों ने ग्रामीण जनता तक नई जानकारी पहुंचाने में उपयोगी भूमिका निभाई है।

संदर्भ सूची

1. भानावत, डॉ . संजीव, विकास एवं विज्ञान संचार, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, पृ. -160, 2010
2. वही, विज्ञान संचार, तक्षशिला प्रकाशन, नई दिल्ली, 2001
3. पटैरिया, मनोज, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, पृ . -19-20, 2010
4. यादव, रामजी, ग्रामीण विकास, अर्जुन पब्लिशिंग हाउस, पृ . -7, 2003
5. सिंह, कटार, ग्रामीण विकास सिद्धान्त, नीतियाँ एवं प्रबन्ध, रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर, 2011
6. कटारिया,सुरेन्द्र एवं तैद गुडजन,भारत में ग्रामीण विकास रणनीतियाँ एवं चुनौतियाँ,मलिक एण्ड कम्पनी, जयपुर, 2008
7. सिंह, कटार, ग्रामीण विकास सिद्धान्त नीतियाँ एवं प्रबन्ध, रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर, 2011
8. बालेंदू शर्मा दाधीच कुरुक्षेत्र मई 2018 पृष्ट 21-24

OUR PUBLICATIONS

















Globus Press
448, Pocket-V, Mayur Vihar, Phase-I, Delhi-110091 (INDIA)
Ph.: 011-22753916

ISSN 0975-119X
UGC-CARE GROUP I LISTED
वर्ष 13 अंक 1 जनवरी-फरवरी 2021

दृष्टिकोण

कला, मानविकी एवं वाणिज्य की मानक शोध पत्रिका

India's Leading Refereed Hindi Language Journal

IMPACT FACTOR : 5.051

दृष्टिकोण

कला, मानविकी एवं वाणिज्य की मानक शोध पत्रिका

प्रधान संपादक

डॉ. अश्विनी महाजन

दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

संपादक

प्रो. प्रसून दत्त सिंह

महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी

डॉ. फूल चन्द

दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

दृष्टिकोण प्रकाशन

वर्ष : 13 अंक : 1 ❑ जनवरी-फरवरी, 2021

दृष्टिकोण

संपादक मंडल

डॉ. अरुण अग्रवाल
ट्रेन्ट विश्वविद्यालय, पीटरबरो, ओंटारियो

डॉ. दया शंकर तिवारी
दिल्ली विश्वविद्यालय

डॉ. आनंद प्रकाश तिवारी
काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय, वाराणसी

डॉ. प्रकाश सिन्हा
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

डॉ. दीपक त्यागी
दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर

डॉ. अरुण कुमार
रांची विश्वविद्यालय, रांची

डॉ. महेश कुमार सिंह
सिद्धू कान्हू विश्वविद्यालय, दुमका

डॉ. हरिश्चन्द्र अग्रहरि
अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा

डॉ. पूनम सिंह
बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर

डॉ. एस. के. सिंह
पटना विश्वविद्यालय, पटना

डॉ. अनिल कुमार सिंह
जे.पी. विश्वविद्यालय, छपरा

डॉ. मिथिलेश्वर
वीर कुंअर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

डॉ. अमर कान्त सिंह
तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर

डॉ. ऋतेश भारद्वाज
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

डॉ. स्वदेश सिंह
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

डॉ. विजय प्रताप सिंह
छत्रपति साहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

संपादकीय सम्पर्क:

448, पॉकेट-5, मयूर विहार, फेज-I, दिल्ली-110091
फोन : 011-22753916, 40564514, 35522994 Mobile: 9710050610, 9810050610
e-mail : editorialindia@yahoo.com; editorialindia@gmail.com; delhijournals@gmail.com
Website : www.ugc-care-drishtikon.com

©Editorial India

Editorial India is a content development unit of Permanence Education Services (P) Ltd.

ISSN 0975-119X

नोट: पत्रिका में प्रकाशित लेखकों के विचार अपने हैं। उसके लिए पत्रिका/संपादक/संपादक मंडल को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता। पत्रिका से सम्बंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र दिल्ली होगा।

सम्पादकीय

पूरे देश की निगाहें एक फरवरी 2021 को संसद में पेश होने वाले बजट पर लगी हैं। यूं तो बजट के बारे में हर बार ही उत्सुकता होती है, कि वित्तमंत्री के पिटारे में विभिन्न वर्गों के लिए क्या योजनाएं हैं? क्या सरकार आयकर में कोई छूट देगी? कारपोरेट टैक्स के बारे में सरकार का क्या नजरिया रहेगा? देशी और विदेशी निवेशकों पर क्या कर प्रावधान होंगे? बजट का शेयर बाजारों पर क्या असर पड़ेगा? शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, बैंकिंग आदि के बारे में क्या नजरिया होगा? कौन सी नई जनकल्याणकारी योजनाएं होंगी?

लेकिन हमें समझना होगा कि इस बार का बजट एक महामारी के बाद का बजट है। पिछली एक सदी के बाद पहली बार ऐसी महामारी आई, जिसने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि भारत में इस बाबत हालात (केरल और महाराष्ट्र को छोड़कर) सुधरे हुए दिखाई देते हैं, लेकिन इस महामारी के कारण हुए नुकसानों की भरपाई बहुत जल्द होने वाली नहीं है। पिछले वर्ष हमने देखा कि कैसे महामारी के कारण आवाजाही बाधित हुई, जिसके कारण न केवल मांग बाधित हुई, काम-धंधों पर भी जैसे ब्रेक लग गया। कुछ व्यवसायों में घर से काम (वर्क फ्रॉम होम) थोड़ी-बहुत मात्रा में चला, लेकिन अधिकांश मामलों में आर्थिक गतिविधियां पूरे या अधूरे तौर पर बाधित रही। मजदूरों का बड़े शहरों से पलायन, कामगारों का काम से निष्कासन या उनके वेतन में भारी कटौती, इस महामारी के कालखंड में सामान्य बात बन गई। ऐसे में जीडीपी के प्रभावित होने के साथ-साथ, सरकार का राजस्व भी प्रभावित हुआ।

महामारी से पूर्व भी अर्थव्यवस्था कई कारणों से मंदी की मार झेल रही थी। पूर्व में बैंकों द्वारा दिए गए ऋणों की वापसी नहीं होने के कारण, बैंकों के बढ़ते एनपीए के चलते बैंकों का मनोबल ही नहीं गिरा था, लोगों का बैंकों पर विश्वास भी घटने लगा था। उसके साथ ही साथ आईएलएफएस सरीखे गैरबैंकीय वित्तीय संस्थानों में घोटालों के कारण वित्तीय क्षेत्र के संकट और अधिक बढ़ गए थे। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों पर नकेल कसने के प्रयासों में बैंकों द्वारा कार्य निष्पादन भी प्रभावित हो रहा था और व्यवसाय भी। बैंकों द्वारा ऋण भी कम मात्रा में दिए जा रहे थे। कुल मिलाकर नए निवेश भी घटे और चालू आर्थिक गतिविधियां भी। कठिन परिस्थितियों में जब पिछले साल वित्तमंत्री ने बजट पेश किया था, वर्ष 2019-20 में राजस्व उम्मीद से कम दिखाई दिया था लेकिन यह अपेक्षा जरूर थी कि इसकी भरपाई 2020-21 में हो सकेगी।

लेकिन उसके पश्चात वर्ष 2020-21 में भी महामारी के प्रकोप ने राजस्व में सुधार की सभी अपेक्षाओं पर पानी फेर दिया है। वित्तीय वर्ष 2020-21 के पहले 9 महीनों में जीएसटी से कुल राजस्व 7,79,884 करोड़ रूपए ही प्राप्त हुआ है, जबकि इस कालखंड में अपेक्षा न्यूनतम 10 लाख करोड़ रूपए की थी। जीएसटी में इस कमी का असर हालांकि केन्द्र और राज्य, दोनों के राजस्व पर पड़ा है, लेकिन राज्यों के हिस्से की भरपाई (14 प्रतिशत वृद्धि के साथ) देर-सबेर केन्द्र सरकार को नियमानुसार करनी ही पड़ेगी। इस कारण केन्द्र को इसका नुकसान राज्यों से कहीं ज्यादा होगा। दूसरे इस वर्ष वैयक्तिक आयकर और निगम (कारपोरेट) कर भी उम्मीद से कम रहने वाला है। सरकार के इस वर्ष का विनिवेश का लक्ष्य भी पूरा होने की दूर-दूर तक कोई संभावना दिखाई नहीं देती।

एक तरफ जहां महामारी के चलते सरकारी राजस्व में भारी नुकसान हो रहा था, रोजगार खोने के कारण भारी संकट से गुजर रहे मजदूरों और अन्य प्रभावित वर्गों के जीवनयापन की कठिनाईयों के कारण उन्हें खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने हेतु सरकार का दायित्व तो था ही, गांवों में लौट रहे मजदूरों को रोजगार दिलाने का भी दबाव था। 80 करोड़ लोगों को लगभग 9 महीने तक मुफ्त भोजन उपलब्ध कराया गया। महामारी से निपटने हेतु सरकार का स्वास्थ्य पर खर्च भी बढ़ चुका था। महामारी से पार पाने हेतु कोरोना योद्धाओं, शिक्षकों एवं अन्य वर्गों को वैक्सीन उपलब्ध कराने की भी आवश्यकता है।

महामारी के कारण बाधित गतिविधियों को दुबारा शुरू करने की भी जरूरत थी। यह सरकार की मदद के बिना नहीं हो सकता था। पूरी तरह से छिन्न-भिन्न हुई आर्थिक गतिविधियों को पुन: पटरी पर लाना, महामारी की मार झेल रही आम जनता को राहत देना, रोजगार खोने वालों के लिए राहत और रोजगार की व्यवस्था करना, पहले से ही मंदी की मार झेल रही अर्थव्यवस्था को सही रास्ते पर लाना, यह सरकार का दायित्व भी है और प्राथमिकता भी।

दुनिया भर में सरकारों ने इस महामारी से निपटने के लिए राहत पैकेजों की व्यवस्था की है। उसी क्रम में भारत सरकार ने भी अपने सभी राहत उपायों की घोषणा की है। ये सभी राहत उपाय कुल मिलाकर देश की जीडीपी के लगभग 10 प्रतिशत के बराबर बताए जा रहे हैं। इन राहत अथवा प्रोत्साहन पैकेजों में सरकार ने लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्यमों को प्रोत्साहन, प्रवासी मजदूरों एवं किसानों के लिए राहत पैकेज, कृषि विकास, स्वास्थ्य उपायों, व्यवसायों को अतिरिक्त ऋणों की व्यवस्था, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस समेत कई उपायों की घोषणा की गई है। सरकार ने हाल ही में रियल ईस्टेट क्षेत्र को राहत एवं प्रोत्साहन देने, इलैक्ट्रॉनिक्स, टेलीकॉम, मोबाईल फोन और एक्टिव फार्मास्यूटिकल उत्पादों के उत्पादन को प्रोत्साहन देने हेतु 'प्रोडक्शन लिंक्ड' प्रोत्साहनों की भी घोषणा की है।

दृष्टिकोण

पिछले साल का बजट प्रस्तुत करते हुए, वित्तमंत्री ने वर्ष 2020-21 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी को 3.5 प्रतिशत रखा था। लेकिन बदले हालातों में घटे सरकारी राजस्व और बजट अनुमानों से कहीं ज्यादा खर्च के दबाव के चलते इस वर्ष का राजकोषीय घाटा अनुमान से कहीं ज्यादा हो सकता है। माना जा रहा है कि इस महामारी का बड़ा असर राजकोषीय घाटे पर पड़ सकता है। माना जा रहा है कि वर्ष 2020-21 के लिए यह राजकोषीय घाटा जीडीपी के 8 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।

महामारी से निपटने हेतु राहत के प्रयासों की अभी शुरूआत भर हुई है। आगामी वर्ष में इन प्रयासों को और आगे बढ़ाने की जरूरत होगी। सरकार द्वारा आत्मनिर्भरता के संकल्प और अर्थव्यवस्था में सुधार हेतु तमाम प्रयासों के चलते अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी इस वर्ष भारत की जीडीपी में 11.5 प्रतिशत संवृद्धि का अनुमान दिया है। इसके चलते राजस्व में वृद्धि तो होगी, लेकिन सरकार को जीडीपी ग्रोथ की इस गति को बनाए रखने के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत होगी। ऐसे में केन्द्र सरकार का राजकोषीय घाटा अधिक रहेगा। लेकिन इसके साथ ही साथ केन्द्र सरकार ने कोरोना से उपजी समस्याओं से निपटने हेतु राज्य सरकारों को भी अतिरिक्त ऋण लेने के लिए अनुमति दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस वर्ष राज्यों के बजट में भी राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4 से 5 प्रतिशत के बीच रह सकता है। ऐसे में देश में कुल राजकोषीय घाटा 10 से 11 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।

लेकिन समय की मांग है कि अर्थव्यवस्था को गति देने हेतु सभी प्रकार के प्रयास किए जाएं। कुछ समय तक एफआरबीएम एक्ट को स्थगित रखते हुए देश की अर्थव्यवस्था को गति देना जरूरी होगा। वित्तमंत्री इस बात को समझती हैं और आशा की जा सकती है कि जहां महामारी से प्रभावित वर्गों को सरकारी बजट का समर्थन मिलेगा, अर्थव्यवस्था को गति देने हेतु प्रयासों में कोई कंजूसी नहीं की जाएगी। वर्षों से चीन से सस्ते आयातों की मार झेल रही अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भरता और 'वोकल फॉर लोकल' का संकल्प एक नई दिशा और ऊर्जा देगा और यह बजट उस दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

संपादक

इस अंक में

स्वामी विवेकानंद का व्यंजन प्रेम–डॉ० अमरेन्द्र कुमार 1

महात्मा गाँधी के भारत में शुरूआती दौर के आन्दोलन (1917-1918)–मोहन लाल 4

अमरकांत का उपन्यास साहित्य : अभिव्यक्ति कौशल संबंधी परम्परागत एवं नवीन प्रयोगों की अवधारणा –डॉ० यदुवीर सिंह खिरवार; श्रीमती रेणु बाई 8

नई शिक्षा नीति में संस्कृत भाषा की उपादेयता–डॉ० उषा नागर 13

पुलिस प्रशासन-संगठन, समस्या और सुझाव–डॉ० शेषाराम मीणा 18

वैदिक वाङ्मय में अर्थचिन्तन–डॉ० आशा सिंह रावत 23

नाटककार भवभूति की कृतियों में पर्यावरण चिन्तन–डॉ० बाबूलाल मीना 30

गाँधी के सर्वोदय दर्शन में विकेन्द्रीकरण की अवधारणा–आशीष कुमार सिंह 36

राजनीतिक सामाजीकरण एवं विकास : एक अध्ययन–कृष्णा बैठा 39

सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में पारिवारिक वातावरण का छात्रों की अध्ययन आदतों के संबंध का अध्ययन–मनु सिंह; डॉ० मंजू शर्मा 44

ग्रामीण महिलाओं की राजनैतिक सहभागिता की समीक्षा–किरण कुमारी; डॉ० संजय बुंदेला 48

महिलाओं द्वारा अपने प्रति होने वाले अपराधों के प्रतिकार की स्थिति–श्रीमती श्वेता चतुर्वेदी; डॉ० श्रीमती रीना तिवारी 51

बौद्धिक सम्पदा का अधिकार और इसके संरक्षण के प्रयास–जितेन्द्र भारती 55

वेदों में ज्योतिर्विज्ञान–डॉ० भगवानदास जोशी 58

नई शिक्षा नीति में गृह विज्ञान शिक्षा का भविष्य–डॉ० आभा रानी 63

शैक्षिक नीतिशास्त्र का स्वरूप और विचार–अजय कुमार पटेल 66

अमरकंटक अंचल में पर्यटन की संभावना एवं विकास–निर्मला तिवारी; डॉ० रीता पाण्डेय; प्रो० आभा रूपेंद्र पाल 69

बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास–शशि शेखर द्विवेदी; मनीष कांत 78

मुगलकालीन विदेशी यात्रियों की दृष्टि में भारतीय महिलाओं की स्थिति–आशु त्यागी 84

स्वास्थ्य सुविधाओं के क्रियान्वयन में भौगोलिक परिदृश्य की भूमिका–आशीष कुमार शुक्ल 88

मुक्ति प्राप्ति का भक्ति-मार्ग–डॉ० सुनील कुमार शुक्ल 90

विश्वशान्ति: स्वधर्म एक माध्यम–डॉ० क्षमा तिवारी 93

उ०प्र० में बौद्ध स्थलों पर पर्यटन प्रतिरूप का एक प्रतीक अध्ययन–डॉ० अनूप कुमार सिंह 97

संयुक्त राष्ट्रसंघ और सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था का समीक्षात्मक अध्ययन–डॉ० लवलेश कुमार 101

हिन्दी उपन्यासों में चित्रित जनजातीय जीवन में बंधुआ मजदूरी एवं बेगारी की समस्या–डॉ० उमेश कुमार पाण्डेय 103

प्राथमिक शिक्षक एवं कक्षा-कक्ष : एक चुनौती–डॉ० राकेश कुमार डेविड; डॉ० संजीत कुमार साहू; डॉ० शोभना झा 106

कोरोना वैश्विक महामारी के काल में भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव–अर्चना कुमारी 109

'समकालीन सामाजिक परिदृष्य में प्रत्ययवाद का महत्व'–डॉ० ब्रिजेन्द्र कुमार त्रिपाठी 112

आधुनिक समाज में माता-पिता की महत्वाकांक्षा और बच्चों की मानसिक स्थिति: एक मनोवैज्ञानिक अध्ययन–डॉ० रूमा कुमारी सिन्हा 114

लाल शकरकंद : अनाज का विकल्प–डॉ० शिखा चौधरी 116

कृष्णा सोबती के उपन्यासों में स्त्री अस्मिता के प्रश्न–डॉ० ज्योति गौतम 119

बौद्ध वाङ्मय और बुद्ध की प्रासंगिकता–अर्चना 122

लोक साहित्य में विरहाभिव्यक्ति–श्रीमती अर्चना वर्मा; श्रीमती लक्ष्मी देवी 125

इतिहास के आइने में स्त्री विमर्श–डॉ० शैलेन्द्र सिंह 129

स्वयंभू रचित पउमचरिउ में स्त्री चेतना–कुमकुम पाण्डेय 132

लोकतंत्र का चौथा स्तंभ और दलितों की भागीदारी–लाल चन्द पाल 135

शोषण मुक्ति हेतु संघर्षरत : स्त्री जीवन (दलित आत्मकथाओं के संदर्भ में)–आशीष खरे; डॉ० ज्योति गौतम 139

सोनांचल की जनजातीय संस्कृति : समस्याएँ एवं समाधान–अवन्तिका 143

वैदिक भूगोल के आलोक में संसाधन संरक्षण की संकल्पना की विवेचना–डॉ० रत्लेश शुक्ल; रोहणी तिवारी 147

वैज्ञानिक सामाजिक व्यवस्था में सांस्कृतिक संघर्ष–डॉ० शाद अहमद 152

हिन्दी आलोचना में डॉ. देवीशंकर अवस्थी का कथा क्षेत्र में योगदान–पवन कुमार वर्मा 155

प्रेमचन्द की पत्रकारिता और जीवन दृष्टि–डॉ० नलिनी सिंह 158

उदयपुर जिले की देवास परियोजना का जनजातिय जनसंख्या के सन्दर्भ में पारिस्थितिकीय अध्ययन–रणवीर ठौलिया 161

पश्चिमी राजस्थान के आदिमवर्गों के आर्थिक विकास में इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना का योगदान (विशेष संदर्भ : भील)
–डॉ० अश्वनी आर्य; गजेन्द्र शेखावत 166

भारत में बाल मानव अधिकारों का संरक्षण: एक अनुशीलन–सहदेव सिंह चौधरी 171

70 वर्षों में मानव अधिकार की उपलब्धियां एवं चुनौतियां–डॉ० ऋतेश भारद्वाज 176

शिक्षा और समाज का अन्त:सम्बंध–डॉ० निशा वालिया 181

बिहार में सामाजिक आन्दोलन के उभरते लहर (1960-2015) : एक अध्ययन–विजया वैजयंती 184

स्वास्थ्य सुविधाओं के क्रियान्वयन में भौगोलिक परिदृश्य की भूमिका–आशीष कुमार शुक्ल 188

कोविड-19 के दौर में भारत-नेपाल संबंध–आशुतोष कुमार 190

भारत एवं हिन्द महासागर की भू-राजनीति–सत्येन्द्र सिंह 194

भारतीय संस्कृति और तुलसीदास–डॉ० संजय कुमार; डॉ० सरिता 198

भवानी प्रसाद मिश्र की प्रतिनिधि कविताओं में गाँधी-दर्शन–डॉ० (श्रीमती) सविता मिश्रा; अंतिमा गुप्ता 201

वर्तमान परिदृष्य में हरियाणा के परम्परागत माध्यमों के प्रति सामाजिक प्रतिक्रिया–डॉ० दिलावर सिंह 205

कोरोना संकट में सेक्स वर्कर्स के मानवाधिकार–डॉ० पिंकी पुनिया 209

रायपुर संभाग में कृषि उपज मंडियों की कार्य प्रणाली का अवलोकन–डॉ० गिरजा शंकर गुप्ता 214

श्रीमद्भागवत के अनुसार ऋषियों की कथाओं का अध्ययन–सीमा चिनप्पा; डॉ० वेदप्रकाश मिश्र 217

देश के युवाओं के लिए आई.टी.आई. एवं पॉलिटेक्निक पाठ्यक्रमों का महत्व–शिवानी सिंह 222

नारी शोषण के विविध आयाम: संदर्भ गुनाह बेगुनाह–काजल 225

मध्य प्रदेश की गोड़ जनजाति चित्रकला में सूर्योपासना–डॉ० शैलेन्द्र कुमार 227

कुषाण काल में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी–डॉ० प्रदीप कुमार 229

भारतीय लोकतंत्र के लिए खतरा : पेड न्यूज–अनिल कुमार यादव 233

21वीं सदी के नवगीतकारों में सामाजिक चेतना : वीरेन्द्र आस्तिक, रामनारायण रमण एवं रमाकांत के संदर्भ में–डॉ० रामरती; ममता 237

वर्तमान में संयुक्त राष्ट्रसंघ की प्रासंगिकता–मिथिलेश 242

भारत में नगरीय जीवन एवं सांस्कृतिक चुनौतियां : एक भौगोलिक अध्ययन–गोविन्द सिंह 244

इक्कीसवीं सदी के उपन्यासों में महानगरीय जीवन–डॉ० निशा जम्वाल 250

पंचायती राज में महिलाओं की सक्रिय सहभागिता–एक विमर्श : समस्या, समाधान–अनिता कंवर 252

माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन (मुजफ्फरपुर जिले के विशेष संदर्भ में)
–प्रतिभा सिंह; डॉ० पी० एन० मिश्र 257

माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की हिन्दी भाषा में उपलब्धि पर पारिवारिक वातावरण के प्रभाव का अध्ययन
–वैशाली उनियाल; प्रो० (डॉ०) सुरेश चन्द्र पचौरी 260

राजा राममोहन राय के सामाजिक सुधारों की मानवीय चेतना–अनिकेत पीयुष सिंह 266

औद्योगिक विकास एवं पर्यावरण प्रदूषण (अलवर जिले के संदर्भ में)–डॉ० राजेन्द्र प्रसाद 269

पैतृक संपत्ति में उत्तराधिकार पर हिंदू महिलाओं के दृष्टिकोण का तुलनात्मक अध्ययन–आभा मिश्रा; डॉ० विजय कुमार वर्मा 272

उच्च शिक्षा में अध्ययनरत् छात्रों के शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रति दृष्टिकोण पर शिक्षण रूचि के प्रभाव का अध्ययन
–ज्योत्सना रमोला; प्रो० (डॉ०) सुरेश चन्द्र पचौरी 278

बिहार के राजनीतिक इतिहास में सत्येन्द्र नारायण सिंह का योगदान–डॉ० संदीप कुमार 285

अखिलेश कृत 'निर्वासन' उपन्यास में विस्थापन की समस्या–सपना रानी 289

पूर्वोत्तर की आदिवासी कहानियों में अभिव्यक्त सामयिक प्रश्न–चेतन कुमार 291

बाल-मनोविज्ञान और विज्ञापन : व्यावहारिक अंत: संबंध–शुभांगी 293

मंज़ूर एहतेशाम के उपन्यासों में असामाजिक तत्त्व और साम्प्रदायिकता–सुमन देवी 302

कोविड़ 19 के दौरान मोहल्ला क्लास के प्रति प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों का प्रत्यक्षीकरण–डॉ० चन्द्रा चौधरी 305

हिन्दी व्यंग्य और आधुनिक व्यंग्यकार–बिन्दु डनसेना; डॉ० बी० एन० जागृत 308

गुणात्मक शिक्षा के उन्नयन में शिक्षकों के व्यावसायिक अभिवृत्ति की भूमिका–सुदर्शन सिंह; डॉ० स्वीटी श्रीवास्तव 310

लोक अदालत का गठन एवं कार्यकरण : एक विश्लेषण–वकील शर्मा 314

पुरुषार्थ अर्थ का स्वरूप और महत्त्व–डॉ० योगिता मकवाना 319

अपराध भूगोल के अध्ययन में भौगोलिक सूचना प्रणाली का उपयोग–राजकिरण चौधरी 322

भारतीय लोकतंत्र में दल और दलबदल की राजनीति–डॉ० रविन्द्र सिंह राठौड़; प्रो० अनिल धर 326

सामाजिक उपन्यासकार के रूप में : नागार्जुन–डॉ० रेखा दुबे; ज्योति नरवाल 330

जलियांवाला बाग हत्याकांड के विविध आयाम : एक पुनर्मूल्यांकन–डॉ० कुमारी ज्योति 332

चौरी चौरा जनज्वार का राष्ट्रीय आयाम : एक पुनर्मूल्यांकन–डॉ० सर्वेश चंद्र शुक्ल 335

चौरी चौरा जनक्रांति में स्थानीय जनता तथा स्वयं सेवकों की भूमिका–अभिषेक कुमार तिवारी 339

पर्यावरण दर्शन और नैतिकता–मुकेश कुमार 342

गांधीवादी दृष्टि और आधुनिक राज्य की अवधारणा : एक अनुशीलन–डॉ० अभय कुमार सिंह 346

राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान की चुनौतियां–सुनीता जांगिड 350

बुक्सा जनजाति और उनके असंतोष के कारणों का विश्लेषणात्मक अध्ययन–अवधेश कुमार; किन्नर विमर्श; सनोज पी आर 357

मुगलकाल में कार्यरत महिला शिल्पी वर्ग : कतनी/कत्तिनों के विशेष संदर्भ में–मनीषा मिश्रा; डॉ० अमिता शुक्ला 359

सुभद्रा कुमारी चौहान के साहित्य में सामाजिक एवं राष्ट्रीय चेतना की प्रासंगिकता–ललिता देवी 363

मृणाल पाण्डे के कथा साहित्य में सामाजिक एवं पारिवारिक संस्कारों का मूल्यांकन–आलोक कुमार तिवारी 366

नागार्जुन के रचना संसार में सौंदर्यबोध की प्रासंगिकता–संदीप कुमार 369

मानवता का उद्घोष और छायावादी रचना संसार–संजीव कुमार पाण्डेय 371

रमेशचन्द्र शाह का सबद निरंतर में आलोचनात्मक दृष्टि का मूल्यांकन–कृपा शंकर 374

महिला सशक्तिकरण मे राष्ट्रीय महिला आयोग की भूमिका : एक अध्ययन–डॉ० अजित कुमार पाठक 376

स्त्री विमर्श: अर्थ एवं अर्थव्याप्ति–कुमारी अंजना 379

भारत में मानवाधिकार और लोकतंत्र: एक राजनीतिक विश्लेषण–फरीद आलम 381

संत कवि रैदास की वाणी में मानवतावाद–डॉ० मुकेश कुमार 385

प्रवासी हिंदी साहित्य में स्त्री कथाकारों की मानवीय चेतना–प्रो० रमेश के० पर्वती 389

छत्तीसगढ़ के श्रमिकों में कोविड माहामारी के दौरान पलायन एंव चुनौतियां (रायपुर संभाग के विशेष संदर्भ में)
–संजय कुमार जांगडे; श्रीमति डॉ० रीना तिवारी 391

राम की शक्ति-पूजा : निराला व राम के संघर्ष की गाथा–प्रो० मन्जुनाथ एन० अंविग 397

कोरोना काल में उत्पन्न तनाव को दूर करने में योग करने की भूमिका–तिलकराज गौड़; डॉ० शालीनी यादव 400

भारत एक कल्याणकारी राज्य के रूप में : एक अनुशीलन–मो० जाहिद शरीफ 405

भारतीय समाज में वृद्ध लोगों की दशा–घनश्याम 408

पर्यावरण संरक्षण एवं भारतीय दर्शन–मयंक भारती 411

दक्षेस : महत्वपूर्ण पड़ाव व वर्तमान प्रासंगिकता–संजय कुमार 414

प्राणायाम : सर्वांगीण विकास का आधार–सुशील कुमार 418

ओटीटी प्लेटफॉर्म का युवाओं पर प्रभाव (एक अध्ययन: दिल्ली के विशेष संदर्भ में)–हर्षवर्धन 422

भूमण्डलीकरण के दौर में लोकधर्मी कविता का संघर्ष–रंजना कुमारी गुप्ता 426

समाज सुधार की दृष्टि से तंज कसती भारतेंदु युगीन व्यंग्य–काजल कुमारी सिंह 431

संस्कृतसाहित्ये व्यक्तिविवेकस्य स्थानम्–डॉ० सुमन कुमारी; डॉ० रामजी मेहता 434

आज का पूँजीवाद और उसका उत्तर आधुनिकतावाद–मन्नु कुमार शर्मा 437
पुरुष एवं महिला बी.एड. प्रशिक्षुओं के आत्मसम्प्रत्यय का तुलनात्मक अध्ययन–अभिषेक दुबे; डॉ० (श्रीमती) स्मिता मिश्रा 441
भारत की संसद और राष्ट्रपति मिलकर क्या धारा 370 और आर्टिकल 35A को हटाने की शक्ति रखते हैं?–डॉ० रीता कुमारी 444
काव्य प्रयोजन की साहित्यिक अवधारणा का अध्ययन–डॉ० हेमन्त सिंह कंवर 448
लोक व मिथकीय संरचना में गिरीश करनाड का नाटक हयवदन–सुनील कुमार 451
छत्तीसगढ़ी लोकगाथा की परम्परा में वीरांगना बिलासा केंवटिन–श्री मिथलेश सिंह राजपूत; डॉ० स्नेहलता निर्मलकर 455
सामाजिक न्याय : अवधारणा एवं सिद्धान्त–डॉ० पूरण मल बैरवा; महेन्द्र प्रताप बाँयला 460
प्राचीन भारत में स्त्री-शिक्षा (प्रारम्भ से बारहवीं शताब्दी ईस्वी तक)–सीमा जांगिड़ 468
माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत लोकप्रिय एवं एकाकी विद्यार्थियों के व्यक्तिगत मूल्यों का अध्ययन–प्रमोद कुमार वर्मा; डॉ० मृदुला भदौरिया 476
हास्य एवं व्यंग्य का प्रतिरूप सिरमौरी लोक गायन शैली शिटणा–प्रो० पी०एन० बंसल; विनोद कुमार 482
भारत में आत्मनिर्भरता से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का उन्नयन–डॉ० सौरभ मालवीय 487
वैश्वीकरण एवं बदलते सामाजिक सांस्कृतिक प्रतिमान (एक विश्लेषणात्मक अध्ययन)–डॉ० मंजु नावरिया 491
सिद्धरामेश्वर : वीरशैव आंदोलन के प्रभावी शिवशरण–डॉ० अंबादास केत 496
हिन्दी कथा साहित्य में ग्रामीण जीवन–डॉ० रमेश एस० जगताप 500
बाल श्रम-एक विश्लेषण–सतीश कुमार 503
भूमण्डीलकरण और जल, जंगल, जमीन का प्रश्न–डॉ० विनोद मीना 512
आधुनिक वैश्विक परिस्थितियों में बौद्ध दर्शन की प्रासंगिकता–डॉ० हरदीप सिंह 516
एम.एन. राय का नव मानववाद: एक विश्लेषण–सोनी कुमारी 520
नारी-स्वातंत्र्य के परिप्रेक्ष्य में कमलेश्वर की कहानियाँ–सुधा कनकानवर; डा० श्रीनिवास मूर्ति 523
गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के सन्दर्भ में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों की अभिवृत्ति का तुलनात्मक अध्ययन–डॉ० सुषमा सिंह; राजपाल सिंह यादव 526
मनोहर श्याम जोशी का उपन्यास शिल्प : यथार्थवादी बिम्ब का जादुई-अवबोध–डॉ० संजय कुमार लक्की; रमेश चन्द सैनी 531
लोकपाल की भ्रष्टाचार निवारण में सार्थकता–डॉ० योगेन्द्र कुमार धुर्वे 535
दलितों के शैक्षिक उत्थान में डॉ. भीमराव अम्बेडकर का अवदान–सरिता; प्रो० बी०एल० जैन 538
गाँधीवादी दर्शन में शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का स्थान–सोमेश गुंजन 541
आचार्य क्षेमेन्द्र द्वारा प्रतिपादित औचित्य विमर्श–डॉ० दीप्ति वाजपेयी; गुंजन 543
आचार्य महाप्रज्ञ का चिंतन-अहिंसा एवं विश्व शांति और लोकतंत्र सुधार–डॉ० इन्दु तिवारी 547
पंडित विद्यानिवास मिश्र के निबन्धों में ग्रामीण संस्कृति–अनिरुद्ध कुमार 550
ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बदलता परिदृश्य का एक अध्ययन: आलीराजपुर जिले के सन्दर्भ में –डॉ० डुंगरसिंह मुजाल्दा 553
जूनियर हाईस्कूल में अध्ययनरत दृष्टिबाधित एवं सामान्य बालकों के समायोजन एवं व्यक्तित्व का उनकी शैक्षिक उपलब्धि से सम्बन्ध का तुलनात्मक अध्ययन–डॉ० प्रशान्त शुक्ला 563
हिदी कथा साहित्य में अभिव्यंजित दिव्यांग या विकलांग पात्रों की समस्याओं का विश्लेषण–डॉ० प्रेरणा गौड़ 568
हेमचंद्राचार्य कृत योग-शास्त्र में आसन विमर्श–डॉ० धीरज प्रकाश जोशी 571
प्राकृतिक आपदाओं का कृषकों के जीवन पर प्रभाव : मनरेगा एक विकल्प – समाजशास्त्रीय अध्ययन–डॉ० सौम्या शंकर; सुनील कुमार 573
शैक्षिक उपलब्धि परसंवेगात्मक बुद्धिका प्रभाव: एक समीक्षात्मक अध्ययन–डॉ० वन्दना चतुर्वेदी; शिव नारायण 584
भारतीय अर्थव्यवस्था में ई-व्यवसाय की भूमिका एवं प्रभावशीलता का अध्ययन–पूजा जैन 588
मालती जोशी की कहानियों में नारी चित्रण–डायमंड साहू; डॉ० रमणी चंद्राकर 591
युवाओं में नए मीडिया की भूमिका का अध्ययन–डॉ० मधुदीप सिंह; हिमांशु छाबडा 594
किशोर अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों में शैक्षिक समस्याओं पर एक अध्ययन–डॉ० रिया तिवारी; श्री डोमार यादव 600
वैश्वीकरण और इलैक्ट्रानिक बैंकिंग सेवाओं की उपयोगिता–डॉ० संजय खत्री 606
छत्तीसगढ़ी भाषा : दशा एवं दिशा–डॉ० आंचल श्रीवास्तव; विवेक तिवारी 608

तुलसीदास की समन्वय भावना–डॉ० राजमोहिनी सागर 613
आधुनिक जीवन शैली में योगाष्टाङ्गों का महत्व–डॉ० चन्द्र कान्त पांडा 617
वैयक्तिक अनन्यता की समस्या (Problem of Personal Identity)–ऋषिकेश चौहान 626
वर्तमान परिवेश में ई-गवर्नेंस द्वारा प्रशासनिक सुधार एवं सुशासन पर प्रभाव–चन्दना शर्मा 629
वाल्मीकि महिलाओं का सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक परिदृष्य; हरियाणा के नूंह जिले के विशेष सन्दर्भ में–दीपक 632
आज की आलोचना के समक्ष चुनौतियाँ–डॉ० आस्था दीवान 638
जम्मू - कश्मीर के क्षेत्र के लिए विकास की संभावनाएं–डॉ० अभिषेक आनन्द 640
संस्कृत साहित्य में वर्णित मानव चक्र–डॉ० दीप्ति बाजपेयी; कु० संजू नागर 644
हिन्दी काव्य और उत्तरआधुनिकता–डॉ० तारु एस० पवार 647
शिक्षा के क्षेत्र में न्यू मीडिया का उपयोग: एक अध्ययन (सिरसा के महाविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के सन्दर्भ)
–डॉ० अमित सांगवान; विनोद कुमार 650
काव्य प्रक्रिया में दिवास्वप्न से गुजरता हुआ कवि नरेंद्र मोहन–डॉ० सुभाष चंद्र डबास 'चौधरी' 655
भारतीय जीवनाधार: कर्मवाद:–डॉ० हिमा गुप्ता 657
आई०एम० क्रौम्बी के अनुसार धार्मिक भाषा का स्वरुप : एक विश्लेषण–डॉ० स्मिता सिंह 660
हिमालय के खस : उत्तराखंड में आर्य जातियों में समाहित होते खस इतिहास के पन्नों में हाशिए पर–डॉ० हरीश चंद्र लखेड़ा 665
स्वच्छ भारत अभियान के प्रचार प्रसार में सूचना व संचार प्रौद्योगिकी की भूमिका: एक अध्ययन–डॉ० अनिल कुमार 668
आधुनिक भारत में डॉ. अम्बेडकर के धर्मान्तरण का औचित्य–डॉ० युवराज कुमार 672
आरटीआई: प्रभावी शासन का एक औजार–डॉ० ऋचा सिंह 679
"..किसी के जाने के बाद, करे फिर उसकी याद, छोटी-छोटी सी बात" (फिल्मकार बासु चटर्जी से गोकुल क्षीरसागर की बातचीत)
–डॉ० गोकुल क्षीरसागर 684
करोना महामारी और प्रसाद के काव्य की मानवतावादी भावना–डॉ० बिजेंद्र कुमार 687
गंगाराम राजी के कथा साहित्य में चित्रित सामाजिक सरोकार–सुनीता; डॉ० रामरती 692
गोंड जनजाति के प्रमुख संस्कार–डॉ० पियुष कुमार सिंह 695
जयश्री रॉय के उपन्यासों में नारी शोषण–भावना देवी 697
पुरुष की संक्रीण मानसिकता के कारण विवाहोपरांत दाम्पत्य-संबंधों में बिखराव को मार्मिक ढ़ंग से चित्रित करता
सुनीता जैन का उपन्यास "बिंदु"–नीलम देवी 699
बाल धरोहर एवं समाज कल्याण–डॉ० शिवसिंह बघेल; डॉ० के० बालराजु 703
गीतांजलि श्री के माई उपन्यास में चित्रित समस्याएँ–वीना 707
जिला रीवा के उच्च माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत् विद्यार्थियों के सामाजिक प्रेरकों एवं शैक्षिक आकांक्षा के मध्य सम्बन्ध का अध्ययन
–राजेश कुमार यादव; डॉ० पतंजलि मिश्र 709
नई कविता में सौंदर्य-चेतना–डॉ० संतोष धोत्रे 713
भारत - राष्ट्र राज्य बनाम सभ्यतामूलक राज्य: एक समीक्षात्मक अध्ययन–डॉ० जय प्रकाश खरे 717
मध्य एशिया में चीन-रूस संबंध: सहयोग और अविश्वास–गुरदीप सिंह 720
मानवाधिकार और आदिवासी–प्रो० प्रशांत देशपांडे 724
महाविद्यालय के शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में शिक्षक प्रशिक्षकों की सेवा संतुष्टि की भूमिका–अश्वनी कुमार मिश्र; डॉ० सुनील कुमार सेन 729
रीवा जिले में बी०एड० एवं डी०एल०एड० प्रशिक्षुओं की मानवाधिकार जागरूकता का उनकी जीवन शैली से सम्बन्ध का अध्ययन
–अरूण कुमार; डॉ० पतंजलि मिश्र 732
भारतीय बैंकिंग में ग्राहक शिकायत निवारण नीति–रमनदीप कौर 736
विद्यार्थियों में पर्यावरणीय चेतना के लिए शिक्षा का महत्त्व–डॉ० श्रवण कुमार; डॉ० गिरीश कुमार द्विवेदी 740
वेदों के विषय में आचार्य सायण एवं महर्षि दयानन्द का दृष्टिकोण–सुनील कुमार 743
जूड़ो में स्थिर संतुलन पर वजन वर्ग का प्रभाव–चन्द्रशेखर बांधें; डॉ० राजीव चौधरी 749
बंगला काव्य और गांधी जी–डॉ० राम बिनोद रे 754

मानव जीवन में वनस्पतियों का महत्व (वैदिक साहित्य के आलोक में)–डॉ० दीप्ति वाजपेयी; कु० मोनिका सिंघानिया 760
वैदिक काल में स्थानीय - प्रशासन का विकास–डॉ० रितु तिवारी 764
साहित्य में थर्ड जेंडर: हाशिये की दुनिया–कृष्णा कुमारी 767
निराश्रित एवं पारिवारिक किशोर विद्यार्थियों में "आत्मविश्वास"–श्रीकृष्ण जांगिड़; डॉ० अखिलेश जोशी 770
सांसद निधि के उपयोग में पारदर्शिता का अध्ययन–यशोदा पटेल; डॉ० आयशा अहमद 774
मन्नू भंडारी की कहानियों में नए जीवन मूल्यों का चित्रण–प्रा० डॉ० दिग्विजय टेंगसे 777
आधुनिक जीवन शैली में योगाष्टाङ्गों का महत्व–डॉ० चंद्रकांत पंडा 780
नासिरा शर्मा के कथा साहित्य में साम्राज्यवादी विचारधारा का अनुशीलन–अजय कुमार 788
हिन्दी साहित्य में ललित निबंधों की मौलिकता–प्रदीप कुमार तिवारी 792
घनानंद काव्य का भाषा-शिल्प सौन्दर्य–डॉ० तृप्ता 795
भारत में सु-शासन और उसके समक्ष चुनौतियाँ–डॉ० सुरेन्द्र मिश्र 798
आर्थिक विकास बनाम संस्कृति और पर्यावरण : भारत के संदर्भ में एक विश्लेषणात्मक अध्ययन–एन राजेन्द्र सिंह 804
महात्मा गांधी की ग्राम-स्वराज्य की अवधारणा : एक अध्ययन–मोनिका भाटी 808
समकालीन काव्य सृष्टि में पर्यावरण दृष्टि–शाहिद हुसैन; डॉ० श्रद्धा हिरकने 811
योग-शिक्षा की अभिनव विधियाँ: हिंदी-भाषी यौगिक-वर्णमाला-चार्ट की रचना एवं परिवर्धन–मनीष कुमार; पूनम पंवार; परन गौड़ा 816
जगदीश चंद्र माथुर के नाटकों में समाज में नारी का महत्व–स्मिता शर्मा; डॉ० चित्रा 826
बेरोजगारी की राजनीतिक-यथार्थ (अखिलेश के 'अन्वेषण' उपन्यास के संदर्भ में)–बर्नाली नाथ 829
भारतीय उपभोक्ता और उत्पाद एवं सेवा प्रदाता कंपनियों के अंर्तसंबंधों में डिजिटल मीडिया की भूमिका–डॉ० आदित्य कुमार मिश्रा 832
भारतीय लोकतंत्र में दल और दलबदल की राजनीति–डॉ० रविन्द्र सिंह राठौड़; प्रो० अनिल धर 836
उत्तराखण्ड राज्य में पर्यटन शिक्षा, कौशल विकास एवं क्षमता संवर्धन- वर्तमान परिदृश्य, भावी चुनौतियां एवं अवसर –डॉ० संजय सिंह महर; डॉ० हेमंत बिष्ट 840
छत्रपति शिवाजी महाराज के दृष्टिकोण से स्त्री–डॉ० हेमलता काटे 854
भ्रष्टाचार से लड़ाई और अन्ना हजारे का नेतृत्व–आलोक तिर्की 857
राजनीतिक-जागरुकता की शक्ति एवं महत्त्व–हामिद अली 860
भारतीय लोकतंत्र में मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले कारक: एक अध्ययन–डॉ० जोनी इम्मानुएल तिरकी 863
बिहार की राजनीति में बदलाव की अपेक्षाएँ: एक अध्ययन–कृष्णदेव राय 866
बिहार में सुशासन और दलित सशक्तिकरण : एक अध्ययन–प्रभात आनन्द 868
केन्द्र - राज्य सम्बंध : बदलते परिदृश्य–चन्द्रभान सिंह 872
विमर्श एवं विद्या केंद्रित आलोचना–श्रीमति मीतू बरसैंया; डॉ० श्रीमती आँचल श्रीवास्तव 878
विकसित और विकासशील राष्ट्रों में बुजुर्गों की देखभाल: एक तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य–डॉ० स्मिता राय; डॉ० भूपेन्द्र बहादुर सिंह 881
भिण्ड अंचल की सामाजिक व्यवस्था का इतिहास : एक अध्ययन–डॉ० शालिनी गुप्ता 886
जनजातीय समुदाय में तीज त्यौहार एवं परिवर्तन का विश्लेषण (छ.ग. राज्य की मुरिया जनजाति के विशेष संर्दभ में)–डॉ० ममता रात्रे 890
स्वामी विवेकानन्द : सामाजिक विचारक के रूप में–प्रेमलता 893
संस्कृत नाट्यशास्त्र पर कालिदास की शैली का प्रभाव–डॉ० अवधेश कुमार यादव 895
पितृसत्तात्मक व्यवस्था और नारी : अप्प दीपो भव–डॉ० जागीर नागर 898
समाज में निरन्तर दोयम दर्जे की अनुभूति–डॉ० प्रदीप कुमार सिंह 903
पंजाब नाटशाला : नाट्य मंचन का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रंगमंच–डॉ० सुनीता शर्मा 909
विद्यार्थियों में परीक्षा दबाव को कम करने में योग व ध्यान की भूमिका–शैली गुप्ता; डॉ० मंजू शर्मा 914
शोभाकरेण अलङ्कारसर्वस्वखण्डनं जयरथमतमण्डनञ्च–डॉ० प्रीतम रुज 916
हिंदी आलोचना का समकालीन परिदृश्य–अमित डोगरा 921
प्रेमचंद पूर्व कहानियों की परम्परा–डॉ० नारायण 924
स्वातंत्र्योत्तर भारत के सामाजिक एवं राजनीतिक पुनर्जागरण में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की संपूर्ण क्रांति का अवदान–डॉ० आरती कुमारी 929

भूमंडलीकरण के दौर में भारतीय भाषाओं की भूमिका–डॉ० गीता सहाय 932
नई शिक्षा नीति 2020–डॉ० गवित माधव हरि; गोपाले यशवंत काशीनाथ 934
नई शिक्षा नीति और प्रक्रिया उम्मीद : चिकित्सक अध्ययन–डॉ० कविता सालुंके 936
नई शिक्षा नीति 2020–डॉ० बबीता बी० शुक्ला 939
शिक्षा पर डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर के बुनियादी विचार–डॉ० नागोराव शालिग्राम डोंगरे 943
नए श्रम कानून का सामाजिक प्रभाव–डॉ० माधव के० वाघमारे 946
नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: एक दृष्टिक्षेप–श्रीमती थोरात अनिता भास्कर 949
भारत की नई शिक्षा नीति - 2020–डॉ० रंजना राजेश सोनावने 952
चिकित्सकों के बीच भावनात्मक बुद्धि में लिंगभेद का अध्ययन–डॉ० साहेबराव यू० अहिरे; डॉ० जी० बी० चौधरी 955
नई शिक्षा नीति - 2020 और नए श्रमिक कानून: नई शिक्षा नीति 2020 का डी. एड्. व बी. एड्. कोर्सेस पर प्रभाव: एक अनुशीलन–डॉ० अमोल शिवाजी चव्हाण 959
राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का शिक्षको को सक्षम बनाने मे योगदान–प्रताप भाऊसाहेब आत्रे 964
चित्रा मुद्गल कृत उपन्यास 'एक जमीन अपनी' में नारी जीवन (विज्ञापन जगत के सन्दर्भ में)–डॉ० शशी पालीवाल 967
भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में ग्रामीण पर्यटन का प्रभाव–अनूप कुमार सिंह 971
श्रीलाल शुक्ल कृत उपन्यास अज्ञातवास में ग्रामीण एवं शहरी जीवन : एक अध्ययन–डॉ० अखिलेश कुमार वर्मा 974
परमार अभिलेखों में संदर्भित स्थलाकृतियों से सम्बन्धित स्थलनाम एवं उनका अभिधान–डॉ० रागिनी राय 977
मैत्रेयी पुष्पा की आत्मकथाओं में स्त्री अस्मिता : एक दृष्टि–डॉ० शिवा श्रीवास्तव 981
वित्तीय समावेशन की ग्रामीण रोजगार में भूमिका : एक दृष्टि–उज्ज्वल चतुर्वेदी 985
न्यू मीडिया की नजर से कोविड-19 से जूझते परिदृश्य में शिक्षा जगत का बदलता परिदृश्य–डॉ० शैलेश शुक्ला 988
चार्वाक दर्शन–डॉ० सरोज राम 993
असगर वजाहत व्यक्तित्व-कृतित्व–रमेश नारायण; डॉ० सविता तिवारी 997
श्रीमद्भगवद्गीता में प्रकृति का स्थाई अस्तित्व–डॉ० मधु दीप सिंह; जितेंद्र सिंह 1002
भारत में अपार्टमेन्ट संस्कृति की यात्रा : समाजशास्त्रीय पाठ–डॉ० विमल कुमार लहरी 1010
आदिवासी विमर्श–डॉ० नसरीन जान 1014
राजस्थान मे बढ़ती किसान आत्महत्या के कारण व निवारण: एक अध्ययन–डॉ० मंजु यादव; राजेन्द्र कुमार मीणा 1016
राही मासूम रज़ा के उपन्यासों में मानवाधिकार–डॉ० मौहम्मद अबीर उद्दीन 1019
स्ववित्तपोशित सहशिक्षा एवं महिला शिक्षा संस्थानों में कार्यरत महिला अध्यापिकाओं की कार्य संतुष्टि का तुलनात्मक अध्ययन –अखिलेश कुमार मौर्य 1022
निजी और सरकारी स्कूलों के शिक्षकों में नौकरी संतुष्टि और शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य पर कार्य दबाव के प्रभाव –अलका तिवारी; डॉ० कालिंदी लाल चंदानी 1026
ब्रज चौरासी कोस यात्रा : आधुनिक परिपेक्ष में–डॉ० अम्बिका उपाध्याय 1029
आदिवासी देवी अंगारमोती : ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में–कु० शोभना देवी सेन; डॉ० बन्सो नुरूटी 1033
हिंदी कहानी में वृद्ध विमर्श–डॉ० भगत गोकुल महादेव 1039
भारत की जनजातियों मे जीवन साथी चुनने की विधियों का समाजशास्त्रीय अध्ययन–डॉ० हरिचरण मीना 1041
स्ववित्तपोशित एवं अनुदानित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षुओं के सांवेगिक बुद्धि का तुलनात्मक अध्ययन–कृपा शंकर यादव 1044
उच्चतर माध्यमिक स्तर के कक्षा 11 के विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता का अध्ययन–कुसुम देवी 1050
भारत और नेपाल संबंध–डॉ० वंदना वाजपेयी 1053
महाभोज : परत दर परत टूटता विश्वास–विनोद कुमार; प्रो० डॉ० मिन्तु 1057
अरुण कमल की कविताओं में नव युगबोध–मिथिलेश कुमार मिश्र 1060
अनाथ व सनाथ छात्रों के मनोवैज्ञानिक-सामाजिक समस्याओं और शैक्षणिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन –कुलदीप; डॉ० कालिंदी लाल चंदानी 1063
पं. द्वारिका प्रसाद तिवारी 'विप्र' के साहित्य में सामाजिक चेतना–मुरली सिंह ठाकुर; डॉ० स्नेहलता निर्मलकर 1068

उच्च माध्यमिक स्तर के महिला शिक्षकों में जीवन कौशल के प्रति अभिवृति का तुलनात्मक अध्ययन–प्रो० मंजू शर्मा; मधु देवी 1072
वीर रानी के रूप में रुद्रमा देवी का मूल्यांकन–प्रो० देवेंद्र कुमार गुप्ता; सुमिति सैनी 1078
हिन्दू परिवार में आधुनिक परिवर्तन : एक समाजशास्त्रीय विश्लेषण–डॉ० प्रियंका नीरज रूवाली; वन्दना सिंह 1081
अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा के लिए किए गये सरकारी प्रयास एवं वर्तमान स्थिति–अच्युत कुमार यादव 1086
असमिया साहित्य में रोमांटिसिज्म के प्रभाव (चंद्रकुमार आगरवाला के कविताओं के विशेष संदर्भ में)–दिगंत बोरा 1090
असाध्य वीणा का सामाजिक पाठ–डॉ० आकाश वर्मा 1094
कोरोना महामारी काल में पुस्तकालयों में डिजिटल तकनीकों का महत्व और उपयोग–डॉ० संजय डी० रायबोले 1098
असम का लोकनाट्य: पुतलाभिनय या पुतला नृत्य–डॉ० परिस्मिता बरदलै 1101
भोजपुरी लोकगीतों में स्त्री–डॉ० आकाश वर्मा 1104
"स्माल सिनेमा" बनाम "मालेगांव का सिनेमा"–डॉ० मनीष कुमार मिश्रा 1110
विश्वशांति बनाए रखने में विभिन्न धर्मो की भूमिका–डॉ० सुनिता कुमारी 1115
दलित चेतना का प्रतीक झलकारी बाई: एक अनुशीलन–बबली कुमारी 1118
भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में जनसंचार की भूमिका–देवेन्दु आलोक 1122
चम्पारण के नील संघर्ष में गांधीजी की भूमिका: एक ऐतिहासिक पुनर्मूल्यांकन–धीरज कुमार 1126
रबीन्द्रनाथ टैगोर और महात्मा गांधी: एक शैक्षणिक स्थिति से शिक्षा पर उनके प्रभाव–गुड्डू कुमार सिंह; डॉ० अलका कुमारी 1131
भूगोल में फेनोमेनॉलॉजी : एक चिन्तन फलक–डॉ० श्री कमलजी 1138
बदलते परिवेश में मैत्रेयी पुष्पा के उपन्यासों में स्त्री विमर्श के विविध आयाम–प्रोफेसर लता सुमन्त; प्रमोद कुमार सिंह 1140
नासिरा शर्मा का व्यक्तित्व व कृतित्व–प्रोफेसर लता सुमन्त; राजेश कुमार पटेल 1146
मैत्रेयी पुष्पा के उपन्यासों में चित्रित नारी की राजनीतिक चेतना–डॉ० महेन्द्र कुमार त्रिपाठी; नीलम देवी 1151
बुद्ध दर्शन और पश्चिमी मनोविज्ञान–डॉ० मनोज कुमार 1154
गांधीजी का स्वराज एवं सत्याग्रह : रंग-भेद नीति के विरूद्व निर्णायक शस्त्र–निवेदिता कुमारी 1158
मुगल काल में इतिहास लेखन–डॉ० राघवेन्द्र यादव 1162
प्राचीन बिहार के बौद्ध महाविहार ओदन्तपुरी: एक शैक्षणिक अवलोकन–राहुल कुमार झा 1165
बिहार के पुराने गया जिले के क्षेत्र में नक्सलवादी गतिविधि–सचिन कुमार 1169
भारत की नई शिक्षा नीति - 2020 : आवश्यकता, प्रभाव एवं चुनौतियां-संजय हिरवे; आशुतोष पाण्डेय 1173
भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में सुभाष चंद्र बोस की भूमिका: एक विश्लेषणात्मक अध्ययन–तौकीर आलम 1177
प्राचीन बिहार में राजतंत्र एवं गणतंत्र की अवस्थाएँ–डॉ० संजीव 1181
''जनहित याचिका'' मानवाधिकारों का संरक्षक : एक अध्ययन–दीपक कुमार कोठरीवाल 1183
प्रगतिशील आंदोलन की जागृति–डॉ० आशा तिवारी ओझा 1186
भारत में बाढ़ की समस्या और समाधान–डॉ० सीमा सहदेव 1189
भारत सहित अन्य देशों पर कोरोना वायरस का (कोविद-19) प्रभाव–श्रीमती मीनाक्षी 1195
रत्न आभूषण उद्योग : एक भू-आर्थिक विश्लेषण–अक्षय राज 1201
जीएसटी अवलोकन - भारत में माल और सेवा: जीएसटी आईटीसी–डॉ० अनामिका तिवारी; डॉ० संजय कुमार सिंह 1205
छत्तीसगढ़ कानून, नीतियां और न्यायिक दृष्टिकोण, पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण–आकांक्षा गर्ग अग्रवाल; डॉ० (प्रो०) जे० के० पटेल 1210
अष्ट चामुण्डा - अग्निपुराण के विशेष सन्दर्भ में–प्रो० प्रभात कुमार; कल्पना देवी 1216
पाणिनि अष्टाध्यायी में वर्णित जनपदीय कृषि का विवेचन–डॉ० प्रशान्त कुमार; डॉ० दुर्वेश कुमार 1221
रीति काल के अग्रदूत: महाकवि केशवदास–सोमबीर 1227
कार्यशील महिलाओं में प्रसव सम्बंधी निर्णायक क्षमता का समाजशास्त्रीय अध्ययन–डॉ० सुशीला; कु० आरती 1230
भारतीय लोकतंत्र के संदर्भ में संसदीय सरकार की उपयोगिता–डॉ० जगबीर सिंह 1238
भारत में राजनीति के अपराधीकरण की समस्या–मुकेश देशवाल 1241
भारत में दो स्तर पर शासन की त्रिस्तरीय लोकतांत्रिक संरचना–सूर्यभान सिंह 1244
अलवर जिले में बदलता सिंचाई स्वरूप एवं उसका कृषि पर प्रभाव (2011 से 2018 तक)–जितेश कुमार घोरेठा; डॉ० राजेन्द्र प्रसाद 1250

भारत में संसदीय गरिमा का अवमूल्यन–महेश कुमार 1256
प्रधानमंत्री मोदी के तहत भारतीय विदेश नीति: निरंतरता और परिवर्तन–डॉ० जय कुमार झा 1259
मानव जीवन में भावनात्मक और संवेगात्मक मनोविज्ञान से जुड़े तथ्यों एवं सिद्धांतो की महत्ता: समीक्षा
–डॉ० जया भारती; डॉ० संदीप कुमार वर्मा 1262
भारत में जल संसाधन एवं जल संरक्षण की परम्परागत विधियों का शोधपरक अध्ययन–कविता 1266
मानवाधिकार : साहित्य की समग्र दृष्टि–डॉ० रूपेश कुमार चौहान 1271
निधर्नता उन्मूलन में मनरेगा कार्यक्रम की भूमिका : अनुसूचित जातियों के विशेष सन्दर्भ में–डॉ० प्रियंका एन० रूवाली; उपमा द्विवेदी 1275
''उच्च शिक्षा स्तर पर महाविद्यालयी शिक्षा में ई-लर्निंग की प्रभावशीलता का अध्ययन''–प्रीति शर्मा; डॉ० मंजू शर्मा 1279
युवा एवं पंचायती राज संस्थाओं का शिक्षा और महिलाओं के सामाजिक विकास में भूमिका–श्वेता पांडेय; डॉ० मंजू शर्मा 1283
भारतीय राष्ट्रीय जागरण में स्वामी दयानन्द का योगदान–विकास 1287
आजादी के बाद के भारत में महिलाओं की स्थिति–डॉ० अनिल कुमार तेवतिया 1290
टेलीविजन संस्कृति और सामाजिक प्रतिबद्धता के अंतर्विरोध–डॉ० मधु लोमेश 1295
प्रगतिशील समाज में अवरोधित महिला शिक्षा–प्रो० (डॉ०) मंजू शर्मा; रुकमणी हसवाल 1298
विवेकी राय कृत उपन्यास शवेत-पत्र: एक ऐतिहासिक दस्तावेज–विभा रीन 1303
हिन्दी गद्य साहित्य में महिला लेखन का महत्त्व–प्रो० (डॉ०) शिव शंकर मंडल 1306
सुशासन की अवधारणा एवं व्यवहार : भारतीय शासन व्यवस्था के विशेष संदर्भ में–डॉ० सत्येन्द्र कुमार 1309
ग्रामीण सामाजिक परिवर्तन एवं विकास में पंचायतराज की भूमिका–डॉ० जयराम बैरवा 1312
प्राचीन भारतीय समाज में शिक्षा का महत्व–डॉ० विनय कुमार मिश्र 1317
स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट मुख्यत: खाद्यान्न की आपूर्ति और किसान की आर्थिक हालत को बेहतर करने के दो मकसदों को लेकर सन् 2004 में केंद्र सरकार ने डाक्टर एमएस स्वामीनाथन की अध्यक्षता में नेशनल कमीशन ऑन फार्मर्स का गठन किया। इसे आम लोग स्वामीनाथन आयोग कहते हैं। इस आयोग ने अपनी पांच रिपोर्टें सौंपी। अंतिम व पांचवीं रिपोर्ट 4 अक्तूबर, 2006 में सौंपी गयी। सबको अच्छा भोजन उपलब्ध हो, उत्पादकता बढ़े, खेती से किसान को पर्याप्त लाभ हो, खेती में सतत विकास की विधियां अपनाई जाएं, किसानों को आसान व पर्याप्त ऋण मिले, सूखे, तटवर्ती एवं पहाड़ी क्षेत्रों में कृषि की विशेष प्रोत्साहन योजनाएं लागू हों, कृषि लागत घटे और उत्पादन की क्वालिटी बढ़े, कृषि पदार्थों के आयात की दशा में किसान को सरकारी संरक्षण मिले तथा पर्यावरण संरक्षण के मकसद को पंचायतों के माध्यम से हासिल किया जाए- उक्त सभी उद्देश्यों के साथ इस आयोग का गठन किया गया था। कृषि ज्ञान व क्षमता को बढ़ाना, तकनीकी का खेती में ज्यादा इस्तेमाल व विपणन की सुविधाएं बढ़ाना भी आयोग की प्राथमिकतों में शुमार था। पानी की कमी दूर करने संबंधी योजनाओं को बढ़ावा देना भी उक्त कमीशन की मंशा थी। एमएस स्वामीनाथन को भारत की हरित क्रांति का जनक माना जाता है जिसके जरिये बढ़ती जनसंख्या को पर्याप्त अन्न मुहैया करवाना संभव हुआ। उनका लक्ष्य पूरी दुनिया को भूख से निजात दिलाने के साथ ही खेती को पर्यावरण मित्र बनाना भी था।भूमि सुधारों की गति को बढ़ाने पर आयोग की रपट में खास जोर है। सरप्लस व बेकार जमीन को भूमिहीनों में बांटना, आदिवासी क्षेत्रों में पशु चराने के हक यकीनी बनाना व राष्ट्रीय भूमि उपयोग सलाह सेवा सुधारों के विशेष अंग हैं। सिंचाई के लिए सभी को पानी की सही मात्रा मिले, इसके लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग व वाटर शेड परियोजनाओं को बढ़ावा देने की बात रिपोर्ट में वर्णित है।

किसानों की बदहाली और आत्महत्याओं के लिए सरकारों की दोषपूर्ण नीतियां जिम्मेदार हैं। कृषि अर्थव्यवस्था के जानकारों का कहना है कि हालात ऐसे भी बुरे नहीं है कि सरकार इसे नियंत्रित ना कर पाए। लेकिन सरकार में इच्छाशक्ति का अभाव है। किसानों के लिए जो सुविधाएं या सब्सिडी मिलती है वह काफी नहीं है। साख व्यवस्था में किसान को दो तरह के ऋण प्राप्त होते हैं। पहला अल्पकालिक और दूसरा दीर्घकालीन। अल्पकालीन व्यवस्था के अंतर्गत सरकार का विशेष ध्यान रहता है परंतु दीर्घकालीन ऋणों में किसान की आवश्यकता पर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता। दीर्घकालीन ऋणों की ब्याज दरें अल्पकालीन ऋण की तुलना में अधिक हैं। किसान की अन्य आवश्यकताओं के लिए ऋणों का कोई प्रावधान दीर्घकालीन व्यवस्था में नहीं है जिससे एक ही किसान को दोहरे मापदण्डों का सामना करना पड़ता है। इस व्यवस्था में बेहद सुधार की आवश्यकता है। परियोजना आधारित ऋण वितरण को समाप्त कर ऋण सीमा स्वीकृत करते हुए सस्ती ब्याज दरों पर ऋण तथा किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराए जाने चाहिए। अक्सर सरकारी सुविधाओं का लाभ सिर्फ बड़े किसानों को मिलता है। समृद्ध किसानों की सब्सिडियों को रोक कर छोटे, मझोले किसानों को मदद देना होगा। 'बेहतर ऋण व्यवस्था', दोष मुक्त फसल बीमा और 'सिंचाई प्रणाली में सुधार' लाकर सरकार किसानों की स्थिति में सुधार ला सकती है। किसानों के लिए खेती का खर्च लगातार बढ़ रहा है और आमदनी कम हुई है। छोटे किसान आर्थिक तंगहाली की सूरत में कर्ज के दुष्चक्र में पड़े है। जब किसान की फसलें तैयार हो जाती हैं उन्हें अपने अनाज व् अन्य उत्पाद की वास्तविक कीमतें नहीं मिलती।

भारतीय कृषि की सबसे बड़ी विडंबना है कि जब भी किसान का कृषि उत्पाद बाजार में आता है उसका मूल्य निरंतर गिरने लगता हैं। मध्यस्थ सस्ती दरों पर किसान का उत्पाद खरीद लेते हैं जिससे कृषि अभी तक घाटे का व्यवसाय बना हुआ है। दुर्भाग्य है कि संबंधित लोग औद्योगिक क्षेत्रों के उत्पादन की दरें लागत, मांग और पूर्ति को ध्यान में रखते हुए निर्धारित करते हैं किंतु किसान की फसलों तथा उत्पादों का मूल्य या तो सरकार या क्रेता द्वारा निर्धारित किया जाता है उसमें भी तत्काल नष्ट होने वाले उत्पाद की बिक्री के समय किसान असहाय दिखाई देता है। हाल ही ऐसी घटनाएँ ज्ञातव्य हुई हैं जब मध्य प्रदेश में किसानों ने अपनी प्याज और टमाटर सड़कों पर फेंक दिए क्योंकि उनकी इन फसलों की लागत तक नहीं मिल पा रही थी। ऐसी ही स्थिति महाराष्ट्र में हुई जब किसानों ने विरोध स्वरुप अपने दूध के टैंक सड़कों पर बहा दिए। ऐसी दशा में क्रय-विक्रय व्यवस्था को मजबूत और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए और उसके उत्पाद का मूल्य भी मांग, पूर्ति और लागत के आधार पर किसान को निर्धारित कर लेने देना चाहिए। सर्वविदित है कि किसानों का कहीं उत्पाद इतना अच्छा होने के बावजूद उसका उचित मूल्य न मिलने पर और लागत तक नहीं प्राप्त होने पर किसान उसे फेंकने को मजबूर हो जाता है और कभी कभी उत्पाद इतना कम होता है कि उसे मध्यस्थ सस्ती दरों पर क्रय कर उच्च दरों पर बिक्री कर बीच का मुनाफा ले लेता है और किसान ठगा सा रह जाता है।

निष्कर्ष

भारतीय किसानों की दशा व दिशा सुधारने के लिए उनकी आय बढ़ाने हेतु कारगर व प्रभावशाली कदम उठाने की जरुरत है। ग्रामीण रोजगार क्रांति की पहल करनी होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि आधारित उद्योग धंधों की स्थापना की जानी चाहिए जिनमें न्यूनतम प्रशिक्षण से स्थानीय आबादी के व्यक्तियों को रोजगार मिल सके तथा किसानों के उत्पाद की उसमें खपत हो सके ग्रामीण बेरोजगारों को ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए वहां के स्थानीय उत्पाद को ध्यान में रखते हुए लघु एवं कुटीर उद्योगों की स्थापना भी की जानी चाहिए।

बाजार में अनिश्चितता की स्थिति को समाप्त करने तथा एक राष्ट्रीय कृषि बाजार के निर्माण की दिशा में सार्थक प्रयास करने होंगें, ताकि किसानों को बाजारों में उचित मूल्य मिल सकें। एक सामान्य राष्ट्रीय बाजार की स्थापना के लिए आर्थिक सर्वेक्षण में एपीएमसी अधिनियम, भूमि किराएदारी अधिनियम, मुक्त व्यापार के लिए रूकावटों को दूर करना, सीधे विपणन, वैकल्पिक मार्केटिंग पहल जैसे उपायों के सुझाव दिए गए हैं। स्थायी व्यापार नीति की स्थापना जिसमें टैरिफ आधारित तथा गैर-टैरिफ व्यापार प्रतिबंधों का उल्लेख किया गया है। पर्याप्त कृषि उत्पादन तथा भंडारों के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सरकार को खाद्यान उत्पादन तथा इसके वितरण के सभी पहलुओं पर गंभीरता के साथ विचार करना होगा।किसानों की आत्महत्या रोकने का कार्य सरकार कई किसान कल्याण एवं कृषि विकास की योजनाओं द्वारा कर सकती है। साथ ही सरकार को फसल बीमा एवं कई अन्य प्रकार की सहायता जैसे सहकारी बैंकों से कम ब्याज दर पर ऋण की उपलब्धता कराना एवं उच्च गुणवत्ता वाले बीज, उच्च स्तर के खाद, कीटनाशक, उत्तम कृषि यंत्र प्रदान करना एवं भूमिहीन किसानों को भूमि उपलब्ध कराना आदि उपायों के द्वारा सरकार किसानों की आत्महत्या को रोकने में कामयाब हो सकती है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. सन्दर्भडाउन टू अर्थ मैगजीन और सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट
2. भारतीय किसान और उनकी मूलभूत समस्याएं: नवल किशोर, कुरुक्षेत्र, दिसंबर 2011.
3. घनश्याम कुशवाहा सहायक प्राध्यापक राजकीय डिग्री कॉलेज, बलरामपुर, उत्तर प्रदेश
4. Cobrapost.com-January3,2017esal A.R., Rural Sociology in India, Popular Prakashan,1994.
5. Durkhelm, Emile, Suicide, translated, Pard, 1942.
6. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी)

सांस्कृतिक विरासतों का संरक्षण में शिक्षा का योगदान

[105]★ डॉ0 दयाशंकर सिंह यादव

सांस्कृतिक विरासत का तात्पर्य हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति, सभ्यता तथा प्राचीन परम्पराओं से जो आदर्श हमें प्राप्त हुए हैं, जिनको आज भी हम उन्हीं रूपों में थोड़े बहुत परिवर्तन के साथ अपनाते चले आ रहे हैं।हमारी भारतीय संस्कृति विश्व की एकमात्र ऐसी संस्कृति रही है जोकि लोक कल्याण मानकर व्यक्ति एवं समाज का कल्याण करती रही है। पुरुषार्थ भारतीय जीवन एवं हिन्दी दर्शन का एक अति प्रमुख तत्व सदैव से रहा है। भारतीय दर्शन ने चार पुरुषार्थो–धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष का वर्णन किया है। कर्म का सिद्धान्त, आध्यात्मिक आचरण, संयुक्त परिवार, अतिथि सात्कार, त्याग संयम, प्राचीन रीति–रिवाज तथा परम्पराएँ, खान–पान, बोली भाषा, ऐतिहासिक धरोहरें आदि हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं।

शिक्षा तथा संस्कृति का अटूट सम्बन्ध है। हमारी संस्कृति तथा उसकी विरासत को पीढ़ी–दर–पीढ़ी आगे बढ़ाने तथा उसका संरक्षण करने का कार्य शिक्षा के द्वारा ही किया जाता रहा है। हमारे शिक्षा के केन्द्र अर्थात् विद्यालय स्वयं सांस्कृतिक विरासत का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। यद्यपि आधुनिकता के कारण तथा पाश्चात्य प्रभाव के कारण हमने अपने शिक्षा केन्द्रों के प्राचीनतम स्वरूप में आमूल–चूल परिवर्तन कर लिया है तथापि शिक्षा की प्रक्रिया के महत्वपूण अंग के रूप में आज भी गुरु तथा शिष्य की उपस्थिति अनिवार्य बनी हुई है।

- शिक्षा ही सांस्कृतिक विरासत को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तान्तरित करती है।
- शिक्षा के कारण ही हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजे हुए है।
- हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रभाव व्यक्तित्व निर्माण पर भी पड़ सकता है।
- शिक्षा ही सांस्कृति की मूल भावना को समृद्धि प्रदान कर रही है।

सांस्कृतिक विरासतों का संरक्षण करने के लिए उन सभी तरीकों का उपयोग किया जाता है जो उस संपत्ति को यथासंभव उसकी मूल स्थिति के करीब रखने में प्रभावी साबित होता है।" सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण अक्सर कला संग्रह और संग्रहालयों से जुड़ा होता है और इसके देखभाल और प्रबंधन में ,जाँच करना , परीक्षण करना, प्रलेखन, प्रदर्शन,आदि सम्लित है । भारत देश एक बहु–सांस्कृतिक परिदृश्य के साथ बना एक ऐसा राष्ट्र है जो दो महान नदी प्रणालियों, सिंधु तथा गंगा, की घाटियों में विकसित हुई सभ्यता है, किसी भी दृष्टि से अलग–थलग सभ्यता नहीं रही। भारतीय सभ्यता हमेशा से ही स्थिर न होकर विकासोन्मुख एवं गत्यात्मक रही है। भारत में स्थल और समुद्र के रास्ते व्यापारी और उपनिवेशी आए। अधिकांश प्राचीन समय से ही भारत कभी भी विश्व से अलग–थलग नहीं रहा। सके परिणामस्वरूप, भारत में विविध संस्कृति वाली सभ्यता विकसित होगी जो प्राचीन भारत से आधुनिक भारत तक की अमूर्त कला और सांस्कृतिक परंपराओं से सहज ही परिलक्षित होता है, चाहे वह गंधर्व कला विद्यालय का बौद्ध नृत्य, जो यूनानियों के द्वारा प्रभावित हुआ था, हो या उत्तरी एवं दक्षिणी भारत के मंदिरों में विद्यमान अमूर्त सांस्कृतिक विरासत हो। भारत का इतिहास पांच हजार से अधिक वर्षों को अपने सांस्कृतिक खंड में समेटे हुए अनेक सभ्यताओं के पोषक के रूप में विश्व के अध्ययन के लिए उपस्थित है। यहां के निवासी और उनकी जीवनशैलियां, उनके नृत्य और संगीत शैलियां, कला और हस्तकला जैसे अन्य अनेक तत्व भारतीय संस्कृति और विरासत के विभिन्न वर्ण हैं, जो देश की राष्ट्रीयता का सच्चा चित्र प्रस्तुत करते हैं।

डॉ. ए एल बाशम ने अपने लेख श्भारत का सांस्कृतिक इतिहासश में यह उल्लेख किया है, जबकि सभ्यता के चार मुख्य उद्‌गम केंद्र पूर्व से पश्चिम की ओर बढ़ने पर, चीन, भारत, फर्टाइल क्रीसेंट तथा भूमध्य सागरीय प्रदेश, विशेषकर यूनान और रोम हैं, भारत को इसका सर्वाधिक श्रेय जाता है, क्योंकि इसने एशिया महादेश के अधिकांश प्रदेशों के सांस्कृतिक जीवन पर अपना गहरा प्रभाव डाला है। इसने प्रत्यक्ष ओर अप्रत्यक्ष रूप से विश्व के अन्य भागों पर भी अपनी संस्कृति की गहरी छाप छोड़ी है। संस्कृति से अर्थ होता है कि किसी समाज में गहराई तक व्याप्त गुणों के समग्र रूप जैसे जो उस समाज के सोचने, विचारने, कार्य करने, खाने–पीने, बोलने, नृत्य, गायन, साहित्य, कला, वास्तु आदि में परिलक्षित होती है।

पृथ्वी ब्रह्मांड एक मात्र ऐसा ग्रह है जिस पर जीवन है और इस पृथ्वी पर बहुत सारे लघुतम व विशालतम आकार के जीव रहते है। मनुष्य भी इस पृथ्वी पर अन्य प्राणियों की तरह एक प्राणी है किन्तु अन्य प्राणी से यह बिल्कुल भिन्न है। मनुष्य जिस स्थिति में हजार वर्ष पहले था उस स्थिति में आज नहीं है। रचनात्मक

★ एसोसिएट प्रोफेसर, समाजशास्त्र, सकलडीहा पी0जी0 कॉलेज, चंदौली।

मस्तिष्क से मनुष्य प्रत्येक क्षण रचनाशील रहता है और अपना जीवन व्यतीत करने के लिए नये–नये भौतिक पर्यावरणों का निर्माण करता रहता है। पर्यावरण की नित नवीन सृष्टि के द्वारा मनुष्य जिन तत्वों के कारण अन्य प्राणियों से बिल्कुल पृथक हो जाता है, उसी को संस्कृति कहते है। संस्कृति मनुष्य को अन्य प्राणियों से उच्च श्रेणी में खड़ा कर देता है। मनुष्य स्वंय अपने संस्कृत का निर्माता है। जहां एक ओर मनुष्य संस्कृति का निर्माण करता है वहीं संस्कृति भी मनुष्य के व्यक्तित्व का निर्माण करती है। हमारे चारो तरफ जो भी चीजे है। वे ही हमारा पर्यावरण है। जैसे हवा, पानी, वस्त्र, मकान, सड़क, पेड़, कुर्सी इत्यादि इन चीजों जो मनुष्य द्वारा निर्मित है वह संस्कृति है। परन्तु पर्यावरण का वह भाग जिसका निर्माण मनुष्य ने नहीं किया है जैसे नदी का पानी या हवा वह संस्कृति नहीं है। मनुष्य को जीवित रहने के लिए उसकी जैविकीय आवश्यकताओं की पूर्ति अनिवार्य होती है। इन जैविक आवश्यकताओं के अतिरिक्त बहुत सारी अन्य आवश्यकताएं भी होती है जो सिर्फ भौतिक ही नही बल्कि कलात्मक एंव अध्यात्मिक भी होती है। मानव इन आवश्यकताओ की पूर्ति के लिए रचनात्मक कियाएं करता रहता है। जिसका उत्पादन केवल भैतिक ही नही होता है बल्कि अभौतिक भी होता है। चूंकि संस्कृति मनुष्य के रचनात्मक मष्तिक की उपज होती है इसलिए भिन्न–भिन्न जगहो पर भिन्न–भिन्न प्रकार की संस्कृति पाई जाती है। संस्कृति को हम मनुष्य का अभिभावक भी मान सकते है क्योंकि मनुष्य चाहे भीड़ में हो अथवा विरान जगह पर संस्कृति हर जगह मानव व्यवहार कों नियंत्रित एवं निर्देशित करती रहती है। संस्कृति को परिभाषित करते हुए टायलर महोदय ने कहा है कि – ''संस्कृति में समस्त सीखा हुआ ज्ञान, विश्वास, कला, नैतिकता, आचार, विचार, प्रथा, विधि तथा अन्य क्षमताए एवं आदतें, जो व्यक्ति किसी समाज के सदस्य होने के नाते अर्जित करता है, सम्मिलित हैं।''

प्रत्येक संस्कृति का विकास एक भौगोलिक तथा वंशीय वातावरण में सम्पन्न होता हैं इसलिए अलग–अलग संस्कृतियो का दृष्टिकोण भी भिन्न–भिन्न होता है। वस्तुतः संस्कृति को अपनाने व ग्रहण करने वाले विभिन्न मानव वंशों के समूह की विशिष्ट मौलिक शक्ति ही संस्कृतियों के विभिन्न स्वरूपों के निर्माण का मूल कारण है। यह देखा जाता है कि प्राकृतिक विविधता संस्कृति के संवर्धन तथा विकास को पर्याप्त रूप से प्रभावित करती है। ठंडी जलवायु वाले क्षेत्रों तथा गर्म जलवायु वाले क्षेत्रों की संस्कृतियों में पर्याप्त अन्तर दृष्टिगोचर होता है। इस अन्तर को दोनो प्रदेशों के निवासियों के रहन–सहन की आदतों, उनके वस्त्रों, मकानों के वास्तु शिल्पों तथा पविहन के साधनों के प्रयोग के रूप में सहज ही देखा जा सकता है। भारत जैसे देश में जहां पर्याप्त प्राकृतिक विविधता पायी जाती है, तद्नुरूप सांस्कृतिक विविधता भी पाई जाती है। विभिन्न क्षेत्रों में आंचलिक संस्कृतियां भी विद्यमान हैं और इन्हीं आंचलिक संस्कृतियों के सम्मिलन और सांमजस्य से ही भारतीय संस्कृति का स्वरूप निर्मित होता है। यदि संस्कृति की अवधारणा पर गम्भीरता पूर्वक विचार किया जाय तो कुछ महत्वपूर्ण तथ्य उभर कर सामने आते हैं। जैसे–संस्कृति मानव समाज की अनिवार्य विशेषता होती है। मानव समाज चाहे परम्परागत प्रकृति का हो अथवा उत्तर आधुनिक प्रकृति का हो, प्रत्येक समाज की कोई न कोई संस्कृति अवश्य होती हैं। प्रत्येक संस्कृति समाज विशेष के सदस्यों के लिए आदर्श होती है। कोई भी संस्कृति श्रेष्ठ अथवा हीन नहीं होती है वरन लोगों का पूर्वाग्रह ही किसी संस्कृति को श्रेष्ठ अथवा हीन बनाता है। प्रत्येक संस्कृति में गतिशीलता तथा अनुकूलनशीलता भी पाई जाती है। संस्कृति की गतिशीलता ही उसे जीवन्त बनाये रखती है। संस्कृति की अनुकूलनशीलता ही किसी संस्कृति को दीर्घकाल तक स्वीकार्य बनाये रखने में प्रभावी रूप में योगदान देती है ।

वर्तमान समय में किसी भी संस्कृति के विशुद्ध स्वरूप की कल्पना भी नहीं जा सकती क्योंकि आज का युग ग्लोबलाइजेशन का युग है। जब भिन्न–भिन्न संस्कृतियों के लोग एक दूसरे से मिलते–जुलते है और साथ–साथ रहते हैं तो निश्चित रूप से ही एक दुसरे की संस्कृति से परिचित होते है और जाने–अनजाने एक दूसरे की संस्कृति के तत्वों को ग्रहण भी करते हैं। जिस प्रकार संस्कृति मानव जीवन से अनिवार्य रूप से जुड़ी होती है ठीक उसी प्रकार शिक्षा भी मानव जीवन से अनिवार्य रूप से संबंधित है। शिक्षा मानव जीवन के प्रत्येक पक्ष को स्पर्श करती है। जब मानव शिशु जन्म लेता तो जन्म के समय वह एक असहाय प्राणी होता हैं लेकिन उसमें विकास की अनन्त सम्भावनाएं बीज रूप में विद्यमान रहती हैं। शिक्षा मनुष्य की अन्तर्निहित क्षमताओं का समुचित रूप से विकास करती है और उसे अनुपम व्यक्तित्व का स्वामी बनाती हैं। शिक्षा बालक को समाज की संस्कृति, सामाजिक मूल्यों, परम्पराओं, प्रथाओं, कला, नैतिकता एवं जीवन पद्धति से परिचित कराती है और सामाजीकरण की प्रकिया द्वारा विभिन्न सामाजिक गुणों को बालक के व्यवहार का अंग बनाती हैं।

शिक्षा तथा संस्कृति परस्पर अन्तर्संबधित अवधारणाएं हैं क्योंकि शिक्षा और संस्कृति दोनों का संबध मानव जीवन से है। शिक्षा और संस्कृति के परस्पर संबधों को समझने के क्रम में सर्वप्रथम संस्कृति के शिक्षा पर प्रभाव पर प्रकाश डालना समीचीन होगा। किसी देश अथवा समाज की संस्कृति उसके शिक्षा व्यवस्था के स्वरूप को निधार्रित करती है। संस्कृति शिक्षा को उद्देश्य एवं लक्ष्य प्रदान करती है और शिक्षा द्वारा इन्हें उद्देश्यों एवं आदर्शो की

प्राप्ति हेतु प्रयास किया जाता हैं। समाज की संस्कृति ही शिक्षा के उद्देश्यों, प्रक्रियाओं और परिणामों में प्रतिबिम्बित होती है। उदाहरण के लिए यदि किसी समाज की संस्कृति में भौतिकवादी तत्वों की प्रधानता है तो उस समाज की शिक्षा के उद्देश्यो में उन्हीं भौतिक आदर्शो का समावेश होगा और शिक्षा के समस्त अभिकरणों और उपकरणों द्वारा भौतिक आदर्शो की प्राप्ति के लिए प्रयास किया जायेगा, किन्तु यदि समाज की संस्कृति अध्यात्म प्रधान है तो वहां प्रचलित शिक्षा की व्यवस्था द्वारा अध्यात्मिक उद्देश्यों प्राप्ति अभीष्ट होगी। यदि कोई समाज रूढ़िवादी यथा स्थितिवादी है तो उस समाज की शिक्षा व्यवस्था द्वारा प्रचलित नियमों, परम्पराओं, प्रथाओं, कानूनों, के यथा सम्भव पालन पर बल दिया जायेगा। यदि समाज प्रगतिशील है और नवीन परिवर्तनों को ग्रहण करने वाला है तब उस समाज में सांस्कृतिक परिर्वतन हेतु शिक्षा का आग्रह अधिक होगा। यदि कोई समाज अल्पविकसित है और लोगों की मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति भी ठीक ढ़ंग से नही पाती है तो उस समाज की शिक्षा व्यवस्था का स्वरूप भी अधिक औपचरिक न होकर अनौपचारिक ही होगा। यदि कोई समाज उच्च विकसित और जटिल है तो वहां की शैक्षिक व्यवस्था भी अधिक औपचारिक और जटिल होगी। केवल संस्कृति ही शिक्षा को प्रभावित नहीं करती बल्कि शिक्षा भी संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन, प्रसार, विकास के लिए महत्वूपर्ण है। संस्कृति का चाहे भौतिक पक्ष हो अथवा अभौतिक पक्ष हो, शिक्षा दोनो पक्षों के संरक्षण में अद्वितीय भूमिका का निर्वहन करती है। शिक्षा ज्ञान–विज्ञान, कला, साहित्य, संगीत, धर्म–दर्शन की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करती हैं। चूकि प्रत्येक संस्कृति की अपनी सांस्कृतिक विशिष्टताएं होती है, सांस्कृतिक प्रेरणाएं होती है इसलिए शिक्षा द्वारा इनका यदि समुचित ढ़ंग से संरक्षण नहीं किया जायेगा तो उस संस्कृति के अस्तित्व पर ही प्रश्न चिन्ह लग जायेगा। शिक्षा संस्कृति के संरक्षण के साथ–साथ उसके हस्तान्तरण में भी महत्वूपर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा वह माध्यम है जिसके द्वारा कोई भी समाज अपने भावी पीढ़ी को अपनी संस्कृति से न केवल सुपरिचित कराता है बल्कि उसे उनके जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा भी बनाता है। संस्कृति के हस्तान्तरण का यह महत्वपूर्ण कार्य विभिन्न संस्थाओं द्वारा किया जाता है, जिसमें परिवार, शिक्षण संस्थाएं और विभिन्न जनसंचार माध्यमों की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण है। परिवार बालक की प्रथम पाठशाला होती है इसलिए परिवार ही बालक को रहन–सहन के तरीके, बोल–चाल के तरीके, अभिवादन के तरीके सिखलाता है तथा समाज स्वीकृत मूल्यों, शिष्टाचार, सदाचार आदि का प्राथमिक ज्ञान भी कराता है। जब बालक विद्यालय में जाना प्रारम्भ करता है तो संस्कृति के हस्तान्तरण का यही महत्वूपर्ण कार्य शिक्षण संस्थाओं द्वारा अधिक औपचारिक, सुनियोजित तथा सुव्यवस्थित ढ़ंग से किया जाता है। शिक्षा, संस्कृति का विकास और प्रसार भी करती है। शिक्षा ही बालक में नवीन ढ़ंग से सोचने की योग्यता और उसमें आलोचनात्मक विश्लेषण की योग्यता भी विकसित करती है। शिक्षा ही किसी भी संस्कृति में आवश्यक संशोधन और परिष्करण का मार्ग प्रशस्त करती है और उसकी उपादेयता को नवीन परिस्थितियों में पुनः परिभाषित करती है।

lUnHk& lwph

1. M,- vi.k tu 'vfopy' cc nfu;k [krj e g Hkkjr dh lkL–frd v[kMrk vkj fojklr
2.],u-,u-] Hkkjrh; fojklr ,o lLdfr] uk,Mk % dkfudy ifCydsku ikOfyO
3. >k] ek[ku ,o flg] Hkkyk ilkn ¼2001½-ekuo foKku] iVuk % Hkkjrh Hkou ifCyskl ,o fMLVh0;Vl A
4. ikBd] ih-Mh- ¼1996½ f'k{kk d fl)kUr] vkxjk% foukn iLrd efUnjA
5. ekFkj] ,l-,l- ¼2010&11½ f'k{kk d nk'kfud rFkk lkekftd vk/kkj] vkxjk% vxoky ifCyd'kuA

पर्यावरण-संरक्षण भारत के सांस्कृतिक मूल्य में है

[31]★ डॉ0 दयाशंकर सिंह यादव

मानव सभ्यता के विकास में पर्यावरण द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई है। मानव का पर्यावरण के साथ सामन्जस्य का प्रारम्भ ही सभ्यता के विकास की जननी रही है। सभ्यता का प्रारम्भिक चरण सामन्जस्य के साथ ही उद्भूत हुआ। सभ्यता के विकास में उत्तरोत्तर वृद्धि होती गई जैसे–जैसे मानव प्रकृति में परिवर्तन करने का सफल प्रयास करता गया। मानव अपने पर्यावरण में प्राप्त होने वाले प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करता रहा। मानव अपनी बुद्धि, विवेक एवं तकनीकी के उपयोग से पर्यावरण को सजाता संवारता है तथा उसे नष्ट भी करता है और उससे स्वयं भी प्रभावित होता है।पर्यावरण और हमारी सृष्टि अभिन्न है। सृष्टि निर्माण के साथ ही एक ऐसे पर्यावरण का निर्माण हुआ जो इस सृष्टि के समस्त चर–अचर जीवधारियों और वनस्पतियों के अस्तित्व को बनाये रखने के लिए आवश्यक है। औद्योगिक विकास के साथ ही विज्ञान के महायज्ञ से मानव ने प्रकृति के रहस्यों की खोज भी की है। मानव–सभ्यता के विकास में प्रकृति का बहुत बड़ा योगदान रहा है। जैसे–जैसे मनुष्य ने भौतिक उन्नति की और उन्नति होती गई वैसे–वैसे पर्यावरण का सन्तुलन भी बिगड़ता गया। प्रारम्भ में मनुष्य के पर्यावरण की रचना इस ग्रहीय पृथ्वी के भौतिक पक्षों (स्थल, वायु एवं जल) तथा जैविक समुदायों द्वारा होती है। परन्तु समय के परिवर्तन के साथ मानव समाज के विकास के द्वारा वह अपने सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक कार्यों के माध्यम से अपने पर्यावरण को विस्तृत करता गया। इसका परिणाम यह हुआ कि पर्यावरण के अन्तर्गत भौतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक पर्यावरण इसमें शामिल होता गया। समान्यतः पर्यावरण की तुलना प्रकृति से किया जाता है जिसके अन्तर्गत ग्रहीय पृथ्वी के ऐसे घटक (वायु, जल, स्थल, मृदा) को शामिल किया जाता है। जो जीव मण्डल में विभिन्न जीवों को अधार से आश्रय देते हैं। उनके विकास और संवर्धन के लिए आवश्यक दशाएं उपलब्ध करते हैं और प्रभावित करते हैं। मानव और पर्यावरण सम्बन्ध एक दूसरे के पूरक है क्योंकि पर्यावरण से मानव जीवन हैं। पर्यावरण के अनुकुल मानव ने अपने को ढाल कर जीवन क्रम को आगे बढ़ाया है। क्योंक प्रकृति से हमें जो कुछ भी परिलक्षित होता है वायु, जल, मृदा तथा प्राणी सम्मलित रूप से पर्यावरण संरचना करते हैं और मानव इनका उपयोग करता है।

पर्यावरण संरक्षण में पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश आदि पंचतत्वों का विशेष योगदान है। पृथ्वी जगत की पर्यावरण रूप परिधि है, जिसमें सूर्य और चन्द्रमा का प्रकाश आता है एवं यज्ञादि सम्पन्न होते हैं।[1] अथवर्वेद[2] से ही स्पष्ट होता है कि पृथ्वी, जल, अग्नि आदि सम्पदाएँ देकर हमें जीवन प्रदान करती है तथा इसे रत्नगर्भा, आनन्ददा, आश्रयदाता कहा गया है। अथवर्वेद[3] के पृथ्वीसूक्त में कहा गया है कि पृथ्वी हमारी माता है, हम इसके पुत्र हैं, जो माता की सुरक्षा, संरक्षा, शुचिता तथा स्वाभिमान के प्रति सर्वथा समर्पित हो, उससे उत्कृष्ट कौन हो सकता है? हमें पृथ्वी माता के पर्यावरण को इसलिए स्वच्छ रखना चाहिए क्योंकि भोजन और स्वास्थ्य देने वाली सभी वनस्पतियाँ इस भूमि पर ही उत्पन्न होती है।

पृथ्वी सभी वनस्पतियों की माता और मेघ पिता है, क्योंकि वर्षा के रूप में पानी देकर यह पृथ्वी में गर्भाधान करता है[4]। अथवर्वेद[5] के एक मंत्र में भूमि को विश्व का भरण–पोषण करने वाली, धनों की खान, सबकी प्रतिष्ठा, सुवर्ण से युक्त तथा जगत को बसाने वाली बताया गया है। पृथ्वी के ये विशेषण पर्यावरण की दृष्टि से भी सार्थक कहे जा सकते हैं, क्योंकि विश्व का भरण–पोषण पर्यावरण की अनुकुलता पर ही निर्भर है। साथ ही प्रदूषण–निवारण तथा पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सर्वाधिक उपयोगी वृक्षों, वनस्पतियों एवं औषधियों को उत्पन्न करने वाली पृथ्वी ही है। इसलिए वेद में उसे औषधियों की माता कहा गया है[6]। पर्यावरण की दृष्टि से पृथ्वी की इस उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए ही यजुर्वेद के एक मंत्र में आदेश दिया गया है कि पृथ्वी को दृढ़ करो तथा पृथ्वी की हिंसा मत करो[7]। यदि हम पृथ्वी को माता के समान पूज्य मानते हैं तो यह हमारे ऊपर मातृ ऋण है, उससे उऋण होने के लिए हमारा यह नैतिक दायित्व है कि हम यह प्रयास करें कि उसका विचारहीन दोहन न हो।

जल को जीवन का पर्याय माना गया है। पर्यावरण की शुद्धि के लिए जल अत्यन्त ही महत्वपूर्ण है। ऋग्वेद में उल्लेख है कि शुद्ध जल में अमृत और औषधि का निवास रहता है[8]। ऋग्वेद[9] के ही एक मंत्र में जल द्वारा शरीर के मलों की शुद्धि का उल्लेख है। इसलिए अथवर्वेद[10] में कामना की गई है कि हमारे लिए शुद्ध जल प्रवाहित हो। ऋग्वेद[11] में वर्णन है कि जल (आपः) हमारी माता के समान है, वे हमें पवित्र करें। समस्त प्रदूषण को जल बाहर ले जाते है और उनसे पवित्र होकर मनुष्य गतिशील हो जाता है। ऋग्वेद[12] के एक मंत्र में पार्थिव जल के तीन विभाग किए गये हैं– एक जल नदी में बहने वाला, दूसरा गढ्ढा खोदने से निकलने वाला और तीसरा अपने आप भूमि से निकलने वाला, जैसा कि पर्वत में कई जगह देखा जाता है। इसी प्रकार अथवर्वेद[13] में आठ

★ एसोसिएट प्रोफेसर, समाजशास्त्र, सकलडीहा (पी0जी0 कॉलेज सकलडीहा, वाराणसी)

प्रकार के जलों का वर्णन है। अथवर्वेद के मंत्रों में यह कामना की गई है कि ये आठों प्रकार के जल सबके लिए सुखदायक हों। इन मंत्रों में वर्णित है– हिमालय पर बर्फ के रूप में, स्रोतों के रूप में, सदा बहने वाले, बरसने वाले, मरूस्थल में, जलाशय में रहने वाले, भूमि खोदकर प्राप्त तथा घड़े में भरकर रखे हुए जल। ऋग्वेद[14] के एक सूक्त में यह भी वर्णन है कि नदियों में विष उत्पन्न हो गया हो तो देवजन उसे मिलकर दूर कर लें और इस प्रकार सभी नदियाँ प्रदूषण रहित हो जायें।

जीवन की अनिवार्यताओं में जल एक महत्वपूर्ण तत्व रूप है[15]। जल समस्त दुखों, रोगों को नष्ट करने वाला है[16]। यह सर्वोत्तम वैद्य रूप तत्व है। जल को मातृरूप संरक्षण देने वाला प्रतिपादित किया गया है। जल के लिए ऋग्वेद में प्रार्थना की गई है कि दिव्य जल हमें सुख दें और ईष्ट प्राप्ति के लिए एवं पीने के लिए हो, हम पर शान्ति का स्रोत बहावे अर्थात् जल हम पर सुख–समृद्धि की वर्षा करे[17]। जल मंगलमय और घी के समान पुष्टिदाता है तथा भोजन के पचाने में उपयोगी तीव्र रस है। जल प्राण और शक्ति, बल तथा पौरूष देने वाला एवं अमरता की ओर ले जाने वाला मूल तत्व है। कृषि के लिए भी जल अतिआवश्यक है। ऋग्वेद की एक ऋचा में कहा गया है कि हे जल! तुम अन्न की प्राप्ति के लिए उपयोगी हो। तुम पर जीवन तथा नाना प्रकार की औषधियाँ, वनस्पतियाँ एवं अन्न आदि पदार्थ निर्भर है,तुम औषधि रूप हो[18]। यजुर्वेद में जल को अशुद्ध करने का निषेध किया गया है[19]।

भारतीय चिन्तकों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए प्रारम्भ से ही मर्यादाएँ बनायी थी। मनुस्मृति में पवित्र और स्वच्छ जलों में मल–मूत्र, थूक, रक्त, विषयुक्त तथा अन्य अपवित्र वस्तुओं का निस्तारण निषिद्ध किया गया है। इससे ज्ञात होता है कि प्राचीन भारतीयों को पर्यावरण के लिए जल के महत्व का ज्ञान था तथा उन्होंने जल प्रदूषण के निवारण का उपाय खोजने का प्रयास किया था।ऋग्वेद में तेज के रूप में सूर्य तथा अग्नि को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। वेदों में अग्नि के महत्व को प्रतिपादित करने वाले लगभग दो सौ सूक्त मिलते हैं। सूर्य को वेदों में सवितृ देव के रूप में उपासना की गयी है और पर्यावरण की शुद्धि करने वाला माना गया है।

वेदों में उल्लेख आता है कि यदि अग्नि को जलाकर उसमें उत्तम आरोग्यदायक पदार्थों की हवि दी जाये तो उससे वायु में स्थित रोगाणु जल जाते हैं और वायु शुद्ध होकर निरोगता फैलाती है। इसी कारण अग्नि को पावक (पवित्र करने वाला) एवं रक्षसः दहः विशेषणों से सम्बोधित किया गया है। सूर्य के प्रकाश के विषय में ऋग्वेद में लिखा गया है कि सूर्य का तेज बहुत हितकारी है, इसके प्रकाश में रोगों को दूर करने की शक्ति है। सूर्य का प्रकाश सेवन करने से हृदय के सभी रोग मिट जाते हैं।

अथवर्वेद[20] में सूर्य के दूषण–निवारक गुण का वर्णन है। सूर्य की बाल रश्मियाँ जीवों के समस्त रोगों को दूर करती हैं और प्रखर रश्मियाँ पृथ्वी, जल आदि के प्रदूषण को हटाती है। इस प्रकार सूर्य दृष्ट–अदृष्ट समस्त पर्यावरण– रक्षक तत्वों के प्रदूषण को नष्ट करने का महाऔषध है।ऋग्वेद[21] में अग्नि को पर्यावरण शुद्धि का महत्वपूर्ण साधन बताया गया है। अग्नि समस्त प्रकार के दोषों एवं अशुद्धियों को नष्ट करता है। अग्नि के वन्य, सामुद्रीय, यज्ञीय, गार्हस्थ्य तथा जाठर आदि कई भेद हैं।

ऋग्वेद में उल्लेख है कि अग्नि में डाली गयी आहुति सूर्य को प्राप्त होती है। जैसी भी आहुति सूर्य को प्राप्त होगी, उससे वैसे ही बादल बनेगें तथा वैसी ही वृष्टि होगी। यज्ञ की हवि से भावित शुद्ध वायु से बादल भी शुद्ध बनेंगे तथा उनसे वर्षा भी शुद्ध होगी। उस वर्षा से जीवनदायिनी कृषि वनस्पति आदि भी शुद्ध होगी।

पर्यावरण के परिप्रेक्ष्य में अग्नि यज्ञ के माध्यम से प्रदूषण–निवारण एवं पर्यावरण–शोधन का एक सशक्त माध्यम है। यज्ञ भूमि, जल, वायु, ध्वनि और मनुष्य आदि जीवों के प्रदूषणों को दूर करने में पूर्ण सक्षम है। यज्ञ में डाला हुआ घृत, समिधायें तथा सुगन्धित मिष्ट, पुष्टिकारक एवं रोगनाशक डाले हुए कस्तूरी आदि पदार्थ भूमिदोष, वायुदोष और मेघादि के निर्माण में सहायक होकर जल–दोष एवं प्राणियों के शारीरिक दोषों को दूर करता है। यज्ञ में सस्वर मन्त्रपाठ ध्वनि–दोष के प्रदूषण को दूर करता है। सम्पूर्ण शारीरिक, मानसिक दुर्बलताओं, दुर्वासनाओं, आत्महत्या आदि दुर्विचारों को दूर करता है।

वायु मनुष्य, पशु, पक्षी, वृक्ष आदि जड़–चेतन जगत का जीवन स्रोत है। यह पृथ्वी, जल आदि की अपेक्षा सुक्ष्म होने से अति शक्तिशाली है। इसी के द्वारा सबकी प्रतिष्ठा है, सभी रक्षित है। प्राणी जगत के लिए सम्पूर्ण पृथ्वी के चारों ओर वायु का सागर है। ऋग्वेद में वायु के गुण को बताते हुए कहा गया है कि 'शुद्ध ताजी वायु अमूल्य औषधि है, जो हमारे हृदय के लिए दवा के समान उपयोगी है, आनन्ददायक है। वह उसे प्राप्त कराता है और हमारी आयु को बढ़ाता है।' ऋग्वेद का यह कथन है 'शुद्ध ताजी वायु तपेदिक जैसे घातक रोगों के लिए औषधि रूप है। हे रोगी मनुष्य! मैं वैद्य तेरे पास सुखकर और अहिंसा कर रक्षण में आया हूँ। तेरे लिए कल्याणकारक बल को शुद्ध वायु के द्वारा लाता हूँ और तेरे जीर्ण रोगों को दूर करता हूँ।' वायु जीवित प्राणी के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। वायु का सागर जीवित प्राणी का रक्षा करता है। वायु में शुद्ध तथा अशुद्ध दोनों की प्रकार की गैसे पायी जाती हैं। वायु में पायी जाने वाली गैसों में गुण तथा अवगुण दोनों ही पाये जाते हैं। इनमें जीवित प्राणी के लिए शुद्ध अर्थात् आक्सीजन ही जीवन के लिए अत्यधिक आवश्यक है। ऋग्वेद में भी बताया गया है कि 'इस वायु के गृह में जो यह अमरत्व की धरोहर स्थापित है, वह हमारे जीवन के लिए आवश्यक है।'

ऋग्वेद के एक मंत्र में वायु को विश्वभेषज कहा गया है । वैदिक युग के ऋषि इस रहस्य को भी जानते थे कि शुद्ध वायु हृदय के लिए शान्तिदायक एवं सुखकारक होती है और आयु को भी बढ़ाती है। ऋग्वेद में 'ओजोन' परत के लिए 'उल्ब' शब्द प्रयुक्त हुआ है। यह ओजोन परत सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों का 99% अवशोषण करके गरम परत् का निर्माण करती है और पृथ्वी की वनस्पतियों व जीव–जन्तुओं को भष्म होने से बचाती है। वैदिक मंत्रों में उल्लेख है कि वायु का मूल स्रोत वृक्ष एवं वन है। वैदिक ऋषि पर्यावरण की रक्षा के लिए वनस्पति एवं वृक्षारोपण को आवश्यक मानते थे। ऋग्वेद के मंत्र में वन में वनस्पति–आरोपण का स्पष्ट आदेश दिया गया है तथा ऋग्वेद के एक सम्पूर्ण सूक्त में वन की देवी 'अरण्यानी' का वर्णन है, जहाँ उसे बहुत अन्नों वाली, सबसे महान तथा समस्त वन्य जन्तुओं की माता कहा गया है। पर्यावरण की दृष्टि से वृक्षों के महत्व को वैदिक–द्रष्टा भलीभाँति जानते थे। उन्हें यह भी ज्ञान था कि पीपल व ढाक जैसे कतिपय वृक्ष वातावरण की शुद्धि के लिए सर्वाधिक उपयोगी है।प्रकृति और ईश्वर को भारतीय संस्कृति में एक ही माना गया है और इसी कारण दोनों पूजनीय हैं और प्रकृति के स्वरूप को किसी भी प्रकार क्षति पहुँचाना ईश्वर को क्षति पहुँचाने जैसा माना गया है।

पाश्चात्य संस्कृति में जहाँ प्रकृति के संसाधनों को मनुष्य मात्र के उपयोग की वस्तु माना गया है, वहीं भारतीय संस्कृति में प्रकृति को सर्वशक्तिमान और पूजनीय माना गया है,क्योंकि प्रकृति के तत्वों के संतुलन पर ही प्राणियों का जीवन निर्भर है। प्रकृति के प्रति श्रद्धा की पराकाष्ठा ही है कि पृथ्वी को माँ का स्थान दिया गया, पर्वतों को देव स्वरूप माना गया और वृक्षों को पूजनीय स्थान मिला। ऋग्वेद का एक मंत्र दृष्टव्य है जिसमें आकाश को पिता और प्राणियों को आश्रय देने वाली पृथ्वी को मातृरूपा माना गया है। यजुर्वेद के एक मंत्र में कामना की गयी है कि पृथ्वी औषधियाँ, द्यौलोक तथा अन्तरिक्ष लोक और दिशायें ये सभी अमृत रूप पयः देने वाले हैं, रस से संरक्षण करने वाले हैं, वे सभी हमें रस को प्राप्त करावें। ऋग्वेद यह आदेश देता है कि द्यावापृथिवी (सूर्य, अन्तरिक्ष और पृथ्वी) को पिता–माता समझो। यजुर्वेद आदेश देता है कि पृथ्वी को माता समझो और द्युलोक को पिता समझो। अर्थर्वेद आदेश देता है कि पृथ्वी माता है, अन्तरिक्ष भाई है और द्युलोक पिता है। अतः जिस प्रकार माता–पिता की सेवा करना, उनको कष्ट से बचाना और उनकी रक्षा करना पुत्र का कर्तव्य है, उसी प्रकार प्रकृति की रक्षा करना, उसको प्रदूषण से बचाना और उनके उपहारों का सदुपयोग करना हमारा कर्तव्य है। ऋग्वेद के पुरूषसूक्त से स्पष्ट होता है कि पृथ्वी का दस गुना जल है। जल का दस गुना तेज है। तेज का दस गुना वायु है। वायु से दस गुना आकाश है। जो माप की परिधि से सर्वथा बाहर है। ये घटक एक दूसरे से सम्बद्ध है। एक का विकार दूसरे आवरण को प्रभावित करता है। गूढ़ता से विचार करने पर ज्ञात होता है कि चैतन्य का आवरण अविद्या, अज्ञान या माया है; जीव का आवरण पुरूष है, पुरूष का आवरण शरीर है, शरीर का आवरण पृथ्वी, पृथ्वी का आवरण जल, जल का आवरण अग्नि, अग्नि का आवरण वायु, वायु का आवरण आकाश है। इस प्रकार आवरण परम्परा को ही पर्यावरण कहा जा सकता है। आज पृथ्वी तथा जल तत्व की भाँति अन्तरिक्ष भी पूर्णतः दूषित है। सृष्टि के पंचतत्वों को प्रदूषण से मुक्त रखें।

संदर्भ–सूची :

1. अथवर्वेद– 13.1.46
2. वहीं– 12.1.3
3. वहीं– 12.1.12
4. वहीं– 12.1.42
5. वहीं– 12.1.6
6. वहीं– 12.1.7
7. यजुर्वेद– 13.18
8. ऋग्वेद– 1.30.19
9. वहीं– 1.23.22
10. अथर्ववेद– 12.130
11. ऋग्वेद– 10.17.10
12. वहीं– 7.49.2
13. अथर्ववेद– 19.2.1–2
14. ऋग्वेद– 7.50.3
15. अथर्ववेद– 3.7.5
16. ऋग्वेद– 10.17.10
17. वहीं– 10.9.4
18. वहीं– 10.9.3
19. यजुर्वेद– 6.22
20. अथर्ववेद– 6.52.21
21. ऋग्वेद– 1.191.10

★

OUR PUBLICATIONS



















Globus Press

448, Pocket-V, Mayur Vihar, Phase-I, Delhi-110091 (INDIA)
Ph.: 011-22753916

ISSN 0975-119X

UGC-CARE GROUP I LISTED

वर्ष 12 अंक 6 नवंबर-दिसंबर 2020

दृष्टिकोण

कला, मानविकी एवं वाणिज्य की मानक शोध पत्रिका

India's Leading Refereed Hindi Language Journal

IMPACT FACTOR : 5.051

दृष्टिकोण

कला, मानविकी एवं वाणिज्य की मानक शोध पत्रिका

प्रधान संपादक

डॉ. अश्विनी महाजन

दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

संपादक

डॉ. प्रसून दत्त सिंह

महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी

डॉ. फूल चन्द

दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

दृष्टिकोण प्रकाशन

वर्ष : 12 अंक : 6 ❑ नवम्बर–दिसम्बर, 2020

दृष्टिकोण

संपादक मंडल

डॉ. अरुण अग्रवाल
ट्रेन्ट विश्वविद्यालय, पीटरबरो, ओंटारियो
डॉ. दया शंकर तिवारी
दिल्ली विश्वविद्यालय
डॉ. आनंद प्रकाश तिवारी
काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय, वाराणसी
डॉ. प्रकाश सिन्हा
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद
डॉ. दीपक त्यागी
दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर
डॉ. अरुण कुमार
रांची विश्वविद्यालय, रांची
डॉ. महेश कुमार सिंह
सिद्धू कान्हू विश्वविद्यालय, दुमका
डॉ. हरिश्चन्द्र अग्रहरि
अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा
डॉ. पूनम सिंह
बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर
डॉ. एस. के. सिंह
पटना विश्वविद्यालय, पटना
डॉ. अनिल कुमार सिंह
जे.पी. विश्वविद्यालय, छपरा
डॉ. मिथिलेश्वर
वीर कुंअर सिंह विश्वविद्यालय, आरा
डॉ. अमर कान्त सिंह
तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर
डॉ. ऋतेश भारद्वाज
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
डॉ. स्वदेश सिंह
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
डॉ. विजय प्रताप सिंह
छत्रपति साहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

संपादकीय सम्पर्क:

448, पॉकेट-5, मयूर विहार, फेज-I, दिल्ली-110091
फोन : 011-22753916, 35522994 Mobile: 9710050610, 9810050610
e-mail : editorialindia@yahoo.com; editorialindia@gmail.com; delhijournals@gmail.com
Website : www.ugc-care-drishtikon.com
©Editorial India
Editorial India is a content development unit of Permanence Education Services (P) Ltd.

ISSN 0975-119X

नोट: पत्रिका में प्रकाशित लेखकों के विचार अपने हैं। उसके लिए पत्रिका/संपादक/संपादक मंडल को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता। पत्रिका से सम्बंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र दिल्ली होगा।

सम्पादकीय

सोशल मीडिया कंपनियों का राजनीति में बढ़ता दखल

कुछ समय पूर्व यह विषय प्रकाश में आया कि कैम्ब्रिज एनालेटिका नाम की एक डाटा कंपनी ने 8.7 करोड़ लोगों के फेसबुक डाटा के आधार पर अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव अभियान में काम किया और ट्रंप की विजय में इस कंपनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रश्न यह है कि कैम्ब्रिज एनालेटिका को फेसबुक का डाटा कहां से मिला, तो यह बात स्पष्ट है कि वो फेसबुक कंपनी से ही प्राप्त किया गया। यूं तो फेसबुक कंपनी द्वारा अपने डाटा बेचने के कई साक्ष्य मिलते हैं, और फेसबुक के मालिक मार्क जुकेरबर्ग ने इस संबंध में माफी भी मांगी थी, लेकिन भविष्य में इस प्रकार के कृत्य की पुनरावृति नहीं होगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है।

वर्ष 2018 में यह बात सामने आई कि इसी कैम्ब्रिज एनालेटिका कंपनी ने भारत की कांग्रेस पार्टी के लिए फेसबुक और ट्विटर के डाटा का उपयोग कर 2019 के चुनावों के लिए मतदाताओं के रूझान को बदलने के लिए कार्य करने का प्रस्ताव रखा। इस कंपनी की बेवसाईट पर यह दावा भी किया गया था कि वर्ष 2010 के चुनावों में उसने बिहार चुनावों में विजयी दल के लिए काम किया था। राजनीतिक दलों के लिए चुनावों की दृष्टि से सोशल मीडिया कंपनियों के डाटा का दुरूपयोग एक सामान्य बात मानी जाने लगी है।

लेकिन हालिया अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव में इन सोशल मीडिया कंपनियों का दखल और अधिक सामने दिखाई देने लगा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की लगभग सभी ट्वीटों पर ट्विटर कंपनी की टिप्पणी आ रही थी। इससे स्वभाविक तौर पर राष्ट्रपति ट्रंप के सभी बयानों को संदेहास्पद बनाने में इस कंपनी की खासी भूमिका रही। हाल ही में अमरीका में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ट्विटर एकाउंट सस्पेंड कर दिए जाने के कारण ट्विटर कंपनी बड़े विवाद का केन्द्र बन गई है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि इन सोशल मीडिया कंपनियों के पास इन प्लेटफार्मों को इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों की निजी जानकारियां काफी बड़ी मात्रा में होती हैं। ये कंपनियां उनके सामाजिक रिश्तों, जात-बिरादरी, आर्थिक स्थिति, उनकी आवाजाही, उनकी खरीदारियों समेत तमाम प्रकार के डाटा पर अधिकार रखती हैं और इस डाटा का उपयोग वे राजनीतिक दलों के हितसाधन में भी कर सकती हैं। ऐसे में वे प्रजातंत्र को गलत तरीके से प्रभावित कर सकती हैं। हालांकि यदि सोशल मीडिया का उपयोग ईमानदारी से किया जाए तो उसमें कोई बुराई नहीं है, लेकिन यदि ये सोशल मीडिया कंपनियां राजनीति को प्रभावित करने का व्यवसाय करने लगे, तो दुनिया में लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं ही नहीं बल्कि सामाजिक तानाबाना भी खतरे में पड़ जाएगा।

हालांकि ट्विटर कंपनी द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एकाउंट को सस्पेंड करने के पीछे यह तर्क दिया जा रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप के बयान अमरीका में शांतिपूर्वक सत्ता हस्तांतरण के लिए खतरा हैं, लेकिन कुछ समय पूर्व फ्रांस में एक समूह द्वारा हिंसक गतिविधियों को औचित्यपूर्ण ठहराने वाली मलेशिया के प्रधानमंत्री मोहातिर मोहम्मद की ट्वीट के बावजूद उनके ट्विटर एकाउंट को सस्पेंड न किया जाना दुनिया में लोगों को काफी अखर रहा है।

अत्यंत ताकतवर हैं ये टेक कंपनियां

गौरतलब है कि अकेले भारत में ही फेसबुक के 33.6 करोड़ से ज्यादा एकाउंट हैं, जबकि इस कंपनी द्वारा चलाई जा रही मैसेजिंग, वायस एवं वीडियो कॉल एप्लीकेशन के 40 करोड़ से ज्यादा ग्राहक हैं। इसी प्रकार फेसबुक इंस्टाग्राम एप की भी मालिक है, जो फोटो और विडियो साझा करने की एक लोकप्रिय एप्लीकेशन है। इससे सीधा-सीधा अंदाज लगाया जा सकता है कि भारत की एक बड़ी जनसंख्या का निजी, आर्थिक एवं सामाजिक डाटा इस कंपनी के पास है। इसी प्रकार भारत में ट्विटर के लगभग 7 करोड़ और दुनिया में 33 करोड़ एकाउंट हैं। फेसबुक, व्हाट्एप, इंस्टाग्राम, ट्विटर, लिंकेडिन आदि सोशल मीडिया ऐप्स हालांकि मुफ्त में अपनी सेवाएं प्रदान करती हैं, लेकिन अपने बड़े डाटाबेस का उपयोग वे अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए करती हैं। इसी प्रकार सर्च इंजन चलाने वाली गूगल कंपनी भी अनेकों बार अपने लॉगरिथम का गलत इस्तेमाल करने की दोषी पाई गई है। आज भारत में विज्ञापन की दृष्टि से गूगल और फेसबुक सर्वाधिक आमदनी कमाने वाली कंपनियां बन चुकी है। इसी प्रकार अन्य कंपनियों के भी अपने-अपने बिजनेस मॉडल हैं। ये कंपनियां उपभोक्ताओं को काफी संतुष्टि भी प्रदान कर रही हैं, जिसके कारण उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है।

लेकिन इनकी बढ़ती लोकप्रियता और इन कंपनियों पर किसी भी प्रकार के अंकुश के अभाव में इन कंपनियों से समाज के तानेबाने को बिगाड़ने और लाभ के लिए कार्य करते हुए प्रजातंत्र को प्रभावित करने की केवल आशंकाएं ही नहीं बल्कि वास्तविक खतरे भी बढ़ते जा रहे हैं। गौरतलब है कि इन कंपनियों के कार्यकलापों और लॉगरिथम में पारदर्शिता का पूर्णतया अभाव है। और यह बात भी स्पष्ट है कि ये कंपनियां लाभ के उद्देश्य से काम करती हैं और अपने शेयर होल्डरों के लिए अधिकतम लाभ कमाने के लिए अग्रसर रहती हैं। इसलिए स्वभाविकतौर पर, चाहे कानून के दायरे में ही रहकर, ये कंपनियां लाभ

कमाने के लिए कुछ भी कर सकती हैं। चूंकि इलैक्ट्रॉनिक सोशल मीडिया हाल ही में आस्तित्व में आया है, इसलिए विभिन्न देशों के कानून उनको नियंत्रित करने में स्वयं को अक्षम महसूस कर रहे हैं। ऐसे में किसी भी कानूनी बाध्यता के अभाव में ये कंपनियां सामाजिक और राजनीतिक तानेबाने और लोकतंत्र की भावनाओं पर चोट कर सकती हैं।

हाल ही में एक अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दा ध्यान में आया जब चीन की कुछ मोबाईल एप्स अमानवीय एवं असमाजिक कृत्यों में संलग्न थी, तो भी उन्हें प्रतिबंधित करने में सरकार को कानून के अनुसार निर्णय लेने में लंबा समय लगा। हालांकि जनता में चीन के प्रति बढ़ते आक्रोश के चलते बड़ी मात्रा में ऐसी एप्स प्रतिबंधित कर दी गई हैं, लेकिन फेसबुक, व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम, ट्विटर इत्यादि एप्स पर अंकुश लगाना आसान कार्य नहीं होगा। ऐसे में इन कंपनियों द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को प्रभावित करने का खतरा हमेशा रहेगा।

क्या हो सकता है समाधान?

इन कंपनियों के संभावित खतरों के मद्देनजर चीन ने प्रारंभ से ही इन एप्स को अपने देश में प्रतिबंधित किया हुआ है और इन एप्स के मुकाबले में चीनी एप्स को विकसित किया गया है। फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर इत्यादि के उनके अपने ही विकल्प हैं। भारत भी ऐसा प्रयास कर सकता है कि चाहे इन सोशल मीडिया एप्स को जारी भी रखा जाए, लेकिन साथ ही साथ उनके विकल्प भी उपलब्ध हों। बड़ी संख्या में चीनी एप्स को प्रतिबंधित करने के बाद देश में भारत के ही स्टार्टअप्स के द्वारा अनेकों प्रकार के एप्स विकसित किए भी गए हैं।

इसी प्रकार सरकार सोशल मीडिया एप्स के द्वारा उनके डाटा के दुरूपयोग को रोकने के लिए डाटा संप्रभुता हेतु कानून बनाकर इन कंपनियों को पारदर्शी तरीके से अपने डाटा को भारत में ही रखने के लिए बाध्य कर सकती है। इन कंपनियों द्वारा डाटा माइनिंग को हतोत्साहित करते हुए भी लोगों के निजी डाटा के दुरूपयोग को कम किया जा सकता है। प्रौद्योगिकी विकास के इस युग में उपभोक्ता संतुष्टि के साथ-साथ देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को सुरक्षित रखना और सामाजिक तानेबाने को नष्ट करने के प्रयासों को रोकना यह सरकार की जिम्मेवारी है। इसके लिए इन सोशल मीडिया कंपनियों के प्रभावी नियंत्रण हेतु कानून बनाने के दायित्व से सरकारें विमुख नहीं रह सकती।

संपादक

इस अंक में

महिलाओं के मानवाधिकारों का सशक्तिकरण : संयुक्त राष्ट्र संघ के अभिसमयों का विवेचन–कुमारी वन्दना 1

स्वातंत्र्योत्तर नेहरूवादी राजनीति में पत्रकारिता का स्वरूप–निधि सिंह 4

जिला सरकार की परिकल्पना व अनुप्रयोग : एक विमर्श–राजू कुमार पाण्डेय 6

भारत में कोरोना संक्रमण काल के पर्यावरण पर प्रभाव एक भौगोलिक अध्ययन–डॉ० विजय कुमार वर्मा 9

पर्यावरण पर आधुनिक कृषि के प्रभावों का भौगोलिक विश्लेषण–हरि शंकर गुप्ता 16

धौलपुर में डांग क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम का मूल्यांकन–संजय सिंह राघव 20

वायु प्रदूषण का प्रभाव एवं संरक्षण एक भौगोलिक अध्ययन–महेश चन्द मीना 26

भारत में खाद्यान्न स्थिति एवं खाद्य सुरक्षा का भौगोलिक अध्ययन–डॉ० रितेश कुमार अग्रवाल 31

आओ पेपे घर चले: वैश्विक परिवेश में नारी–डॉ० अर्चना मिश्रा 36

गुरु नानक वाणी में प्रस्तुत पंजाबी संस्कृति : एक अध्ययन–अमृतपाल कौर 38

हिन्दी साहित्य एवं अनुवाद : अन्तर्राष्ट्रीय संदर्भ में–डॉ० (श्रीमती) कंचना सक्सेना; ऋतु वर्मा 41

कक्षा-कक्ष में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) (सम्भावनाऐं एवं चुनौतियां)–डॉ० कैलाश पारीक 44

मध्यकालीन भारत की शिक्षा व्यवस्था (1206-1707) एक ऐतिहासिक अध्ययन–प्रो० कार्तिक प्रसाद यादव 48

हरदोई जनपद के बिलग्राम तहसील का पुरातात्त्विक सर्वेक्षण–डॉ० श्याम प्रकाश 53

जनप्रतिनिधियों का राजनीति संस्कृति स्वरूप संबंधी विचार विमर्ष–डॉ० जितेन्द्र पाटीदार 61

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र और हिन्दी साहित्य–डॉ० दिनेश्वर कुमार महतो 64

वर्तमान समय में ई-गवर्नेंस के माध्यम से ग्रामीण परिवेश का चहुमुखी विकास 'एक अध्ययन'–डॉ. कविता अग्रवाल; चन्दना शर्मा 66

सरोज स्मृति पर सम्यक् दृष्टि–डॉ० हरिश्चन्द्र अग्रहरि 69

हवेली संगीत एवं पंडित जसराज का अंत: संबंध–स्नेहा कुमारी 72

उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति अभिवृत्ति के संदर्भ में वी-चित्रण (Vee Diagram) विधि की प्रभावशीलता का अध्ययन–लालजी यादव; डॉ० सुधांशु सिन्हा 75

भारत में कुपोषण एवं स्वास्थ्य - एक अध्ययन–डॉ० मनोज कुमार 81

ग्राम एवं किसान जीवन का यथार्थ : 'अकाल में उत्सव' उपन्यास के सन्दर्भ में–मन्नू देवी 85

मोहन सपरा की कहन-भंगिमा–प्रो० सुधा जितेन्द्र; आत्मा राम 88

महिलाओं के कौशल विकास में एन.जी.ओ. की भूमिका (झारखंड के बगोदर-सरिया अनुमंडल के संदर्भ में)–अरुण कुमार 93

स्वतंत्रता से पूर्व बद्री-केदार यात्रा मार्ग पर स्थित चट्टियाँ एवं उनका सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से ऐतिहासिक अध्ययन–ओम प्रकाश मनोड़ी 96

रमेश उपाध्याय की कहानियों में स्वातंत्र्योत्तर भारतीय समाज में नारी की स्थिति–मीनाक्षी; डॉ० सुमन राठी 101

गलवान के संदर्भ में भारत चीन सीमा पर गतिरोध एवं भारतीय सुरक्षा–डॉ० मनीष लाल श्रीवास्तव 104

प्रथम स्वतंत्रता संग्राम (1857 ईस्वी) एवं अवध की रियासतें–डॉ० राजकुमार वर्मा 109

भाषा विकास–रवीन्द्र कुमार मिश्र 112

मध्य हिमालय के पशुचारण विवादों में लोकदेवताओं एवं खून्दों की भूमिका: एक ऐतिहासिक अध्ययन –डॉ० सुभाष चन्द्र; डॉ० राजपाल सिंह नेगी 115

राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ में महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक व रोजगार के अधिकार का विश्लेषण–डॉ० ममता यादव; शिव प्रताप यादव 129

स्त्री विमर्श के विशेष सन्दर्भ में उपन्यास 'दुक्खम-सुक्खम'–सुरजीत कौर 133

रीवा संभाग मे कृषि भूमि उपयोग प्रतिरूप का भौगोलिक विश्लेषण–प्रो० शिव कुमार दुबे; सितेश भारती 136

शिक्षण के निमित्त अग्रिम व्यवस्थापक प्रतिमान पर आधारित अनुदेशन सामग्री का महत्व–अनुपम अग्रवाल; डॉ० बाबूलाल तिवारी 143

शुक्रनीति में सप्ताङ्ग् सिद्धान्त–डॉ० अनुजा सिंह 147

हिंदी साहित्य में मुशर्रफ आलम जौकी का योगदान–गुलशन समीना रियाज 151

गढ़वाल लोक देवताओ के प्रतीक चिन्हो का अध्यन: एक प्रारंभिक विवेचन–डॉ० सपना 154

व्यक्तित्व विकास और बालमनोविज्ञान: हिंदी उपन्यासों के संदर्भ में–डॉ० अमिता तिवारी 157

असमिया साहित्य की एक कालजयी रचना 'संस्कार': एक विवेचन–कुल प्रसाद उपाध्याय 161

जे. कृष्णमूर्ति के शैक्षिक चिंतन का विश्लेषण व वर्तमान प्रासंगिकता–डॉ० अनिता जोशी; डॉ० चन्द्रावती जोशी 164

मीराबाई की रचनाओं में प्रेम भावना–डॉ० जी० पद्मावती 169

आदिवासी बहुल क्षेत्र में उच्च शिक्षा की स्थिति (राजस्थान के डूंगरपुर, बांसवाड़ा व प्रतापगढ़ जिलों का अध्ययन)–डॉ० मुख्त्यार अली 173

न्यायपालिका का एक नवीन दृष्टिकोण : न्यायिक-सक्रियता एवं जनहित-वाद–चन्द्रभान सिंह 184

कोरोना से क्वॉरन्टीन् होती 'शिक्षा-व्यवस्था'–खुशबू साव 190

भारत में नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन: एक भौगोलिक विवेचन–अशोक कुमार; डॉ० सुधीर मलिक 193

भारत से पलायन: एक संक्षिप्त परिचय–किशलय कीर्ति; चन्दन कुमार 198

मध्यवर्ग का आत्मसंघर्ष और मोहन राकेश का साहित्य–डॉ० रतन कुमार 201

उपेक्षित जीवन की त्रासद गाथा :'मुरदा-घर'–गंगा कोइरी 206

मूल्य और शिक्षा–रवि कान्त 209

राष्ट्रीय काव्यधारा में मैथिली शरण गुप्त का स्थान–डॉ० भगत गोकुल महादेव 213

वैदिक वाङमय में वर्णित विभिन्न चिकित्सा पद्धतियाँ–डॉ० दीप्ति वाजपेयी; कु० सन्जू नागर 216

हिन्दी और लोकभाषाओं में लोकजीवन–डॉ० आस्था तिवारी 220

समकालीन उपन्यासों में व्यक्त थर्ड जेंडर का त्रासद जीवन–राज कुमार शर्मा 224

विजय जोशी के कथा साहित्य में बाल मनोवैज्ञानिक विश्लेषण–डॉ० गीता सक्सेना; श्रीमती सुमन डागर 228

रामचरितमानस का लोकपक्ष–डॉ० राजेश कुमार शर्मा 231

कालिदासस्य मालविकाग्निमित्रम्–डॉ० सुमन कुमारी 237

गिरीश पंकज का रचना संसार–अमनदीप कौर; डॉ० सुनील कुमार 241

गीतांजलि श्री के कहानी-संग्रह 'अनुगूँज' का अनुशीलन–बंधना सलारिया; डॉ० सुनील कुमार 248

लीलाधर मंडलोई का रचना-संसार–तजिंदर कौर; डॉ० सुनील कुमार 254

अध्यापक शिक्षा में रचनावादी सिद्धांत और व्यवहार का अध्ययन–नगनारायण उपाध्याय 262

प्राचीन भारतीय कला एवं साहित्य में योग : एक विश्लेषण–डॉ० मोहन लाल चढ़ार 266

हरिशंकर परसाई के व्यंग्यों में विसंगति निरूपण–चुन्नीलाल 273

21वीं सदी के हिंदी उपन्यासों में आर्थिक पक्ष : 'आदिवासी समाज' के विशेष संदर्भ में–अनिल कुमार; डॉ० रीता सिंह 276

गुरु नानक बाणी जपु तथा योग दर्शन : जीवन दर्शन के संदर्भ में–दविन्द्र सिंह 279

महिला खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धी व्यवहार और नेतृत्व व्यवहार की तुलना–डॉ० विकास प्रजापति; डॉ० अकांक्षा प्रजापति; डॉ० कपिल दवे 284

प्रातिशाख्य परम्परा में वाजसनेयी-प्रातिशाख्य का महत्त्व एवं वैशिष्ट्य–डॉ० बाबूलाल मीना 287

संस्कृत के प्रमुख पुराणों में पर्यावरण चेतना–डॉ० आशा सिंह रावत 290

स्वातंत्रोत्तर भारत की सामाजिक समरसता की चुनौतियाँ एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय का चिंतन–डॉ० हरबंस सिंह 296

ऑन लाईन शिक्षण एवं प्रभाव–डॉ० महेश कुमार शर्मा; डॉ० श्याम सुन्दर कौशिक 300

तुलसीदास के जीवन संबंधी विवादित विविध दृष्टिकोण (जन्म संबंधित विवादित मुद्दे)–डॉ० मंजुला 304

सन साठ के बाद की हिन्दी कविता में भाषा और संवेदना की अन्त: संगति–डॉ० रंजीत सिंह 308

लक्ष्मीनारायण मिश्र के नाटकों में सामाजिक आदर्श–डॉ० उमेश कुमार शर्मा 312

मोक्ष : मानव जीवन का परम लक्ष्य–डॉ० प्रिय रंजन 318

प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता का अभिभावकों के दृष्टिकोण से सर्वेक्षणात्मक अध्ययन (प्रयागराज जनपद के विशेष संदर्भ में) –डॉ० श्रवण कुमार; डॉ० गिरीश कुमार द्विवेदी 321

अलवर जिले में भूमि उपयोग एवं फ़सल प्रतिरूप का भौगोलिक अध्ययन–राजेन्द्र परेवा; डॉ० विजय कुमार वर्मा 326

भारत में उच्च शिक्षा का निजीकरण : एक अध्ययन–नागेश्वर कुमार 331

सवाईमाधोपुर ज़िले में जल संसाधनों का भौगोलिक अध्ययन–अंकुश मीना; डॉ० जगफूल मीना 337

प्राचीन नगरी मल्हार के स्थापत्य कला, मूर्तिकला एवं मृणमूर्तियों का ऐतिहासिक विश्लेषण–मंजू साहू; डॉ० रामरतन साहू 346

संत साहित्य पर आचार्य रजनीश (ओशो) की अभिनव दृष्टि–शाहिद हुसैन; डॉ० स्नेहलता निर्मलकर 350

भारतीय समाज में बढ़ती आर्थिक व सामाजिक विषमताओं के परिणामों एवम चुनौतियों के परिपेक्ष्य में एक अध्ययन–शुभ सेजवार 354

लॉक डाउन में भिवाड़ी के वायु प्रदूषण स्तर का भौगोलिक विश्लेषण–सत्यदेव 360

कोरोना महामारी से उपजी इंफोडेमिक में आरोग्य सेतु की भूमिका एवं स्थिति का अध्ययन–डॉ० अमरेन्द्र कुमार 364

"अंधा युग" में प्रतीकात्मकता–डॉ० राजेश्वरी सिंह तोमर 368

मानव तस्करी (बाल श्रम) से सम्बन्धित केसों का अध्ययन–सतीश कुमार 371

नवीन शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में पुस्तकालयों की भूमिका–डॉ० अर्चना शुक्ला 375

अमेरिका में नस्लीय भेदभाव का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य–योगेन्द्र प्रसाद शर्मा 379

बच्चों एवं महिलाओं के विकास में आंगनबाड़ी केंद्र की भूमिका–स्मिता कुमारी 382

बदलते नामो का स्वरूप (इतिहास एवं वर्तमान संदर्भ में)–किसलय कुमार शुक्ल 384

प्राचीन बिहार के बौद्ध महाविहार विक्रमशिला : एक संक्षिप्त अवलोकन–राहुल कुमार झा 386

रमेशचन्द्र शाह की कहानियों में समाज के पारम्परिक मूल्यों की प्रासंगिकता–कृपा शंकर 389

कमजोर होती कांग्रेस–अजय कुमार; अरबिंद कुमार 394

जयशंकर प्रसाद के आधुनिकता और दृष्टि निर्माण में नवजागरण की प्रासंगिकता–अखिलेश यादव 397

मौर्य काल में विभिन्न आक्रमणों के ऐतिहासिक प्रभाव का अनुशीलन–शारदा प्रसाद सिंह 400

चम्पूकाव्यस्य परिभाषा रम्यत्वं महत्वम्–दीपक कुमार महतो 402

विभिन्न स्कूल वातावरण में बच्चों में भाषायी अधिग्रहण का मनोवैज्ञानिक अध्ययन–ज्योतिमा पाण्डेय 407

नामघर: असमिया जाति की एकता व समता का प्रतीक–बिद्या दास 411

राष्ट्रीय एकता के लिए अनुवाद साहित्य का महत्व–डॉ० (श्रीमती) रेखा दुबे; श्रीमती अलका यादव 414

उत्तरी बिहार में कौशल विकास: दृष्टि और रणनीति–आलोक कुमार 417

विद्यालय शिक्षा में विद्यार्थियों की विज्ञान अभिरुचि विकसित करने की नव-प्रवृत्तियां–डॉ० महेश्वर गंगाधर कत्त्लावे 419

गांधी जी : एक दर्शन (वर्तमान परिप्रेक्ष्य में)–डॉ० सोनी यादव 423

'जूठन' - दलित जीवन का महाकाव्य–दिलना के 427

राजस्थानी समकालीन चित्रकार रामेश्वर सिंह का कला संसार–डॉ० इन्दु जोशी; कमल किशोर कश्यप 429
समकालीन ख़ौफ़ की सजीव अभिव्यक्ति : 'खुद पर निगरानी का वक़्त'–डॉ० नवनाथ शिंदे 433
मुगल शासकों के अधीन चीन, नेपाल, भूटान, बर्मा, श्रीलंका तथा अफगानिस्तान के साथ भारत के व्यापारिक सम्बन्ध –प्रो० (डॉ०) रामानन्द राम 438
सूचना क्रांति और बाजारवाद से बदल गई संसदीय पत्रकारिता–डॉ० हरीश चंद्र लखेड़ा 442
शासन का नवीन स्वरूप : ई-शासन और सुशासन–डॉ० अशोक कुमार 446
आचार्य गौडपाद की द्वन्द्व–न्यायात्मक तर्कणा-पद्धति–डॉ० सुमित कुमार 450
याज्ञवल्क्य-गार्गी-संवाद का दार्शनिक पक्ष–अभिलाशा कुमारी 453
लेखांकन अनुपात की परिकल्पना तथा वाणिज्य–रंजीत कुमार तिवारी 456
जयपुर के पर्यटन विकास एवं संरक्षण का भौगोलिक अध्ययन–शोभा शर्मा 458
हरियाणा के गुरुग्राम ज़िले में लैंगिक असमानता एवं खांप पंचायतों की भूमिका–इन्दु 464
सत्याग्रह का गांधीवादी परिप्रेक्ष्य और वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता–डॉ० आशुतोष पांडेय 469
कश्मीर विलय के प्रश्न का कश्मीर समस्या में रुपान्तरण : एक पुनर्दृष्टि–अनुतोष कुमार 472
रामधारी सिंह दिनकर के कथा साहित्य में जीवन मूल्यों का महत्व–प्रदीप कुमार गुप्ता 476
समकालीन समय में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की भूमिका–डॉ. अश्वनी चौधरी 479
समकालीन स्त्री आत्मकथाओं में स्त्री विमर्श: मन्नू भण्डारी और प्रभा खेतान के विशेष संदर्भ में–रजनी जोशी 482
आदिवासियों के आर्थिक शोषण की समस्या और हिन्दी उपन्यास–डॉ० उमेश कुमार पाण्डेय 484
सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक व राजभाषा हिंदी : नीति एवं प्रयोग–आरती शर्मा 487
तत्वों के आधार पर उपन्यास 'पुनर्नवा' का तात्विक विश्लेषण–डॉ. एस. प्रीति 495
अनुभव से अर्जित भावभूमि के कवि : संतोस श्रेयांस–डॉ० एस० रजिया बेगम 503
बिलासपुर जिले का ऐतिहासिक अध्ययन (बिलासपुर रेलवे जोन आंदोलन के विशेष संदर्भ में) –श्रीमती हंसा तिवारी; डॉ. अंजू तिवारी 505
नव सहस्राब्दि में हिंदी तथा राजभाषा के रूप में उसकी स्वीकृति–हेमंत कुमार यादव 508
गुरु नानक साहिब जी का जीवन-वित्तांत: कवि वीर सिंह बल रचित ग्रंथ 'गुरकीरत प्रकाश' के विशेष संदर्भ में–गुरमिंदर सिंह 511
दलित आंदोलन: राजनीतिक और सामाजिक संदर्भ में गांधी और अम्बेडकर का दृष्टिकोण–काजल 516
अलवर ज़िले में ग्रामीण विकास योजनाओं का अध्ययन–प्रदीप कुमार; डॉ० अनीता माथुर 518
राजस्थान के बाड़मेर जिले में ग्रामीण मानव अधिवासों का वितरण–जसराज 522
शानी के उपन्यासों में नारी चेतना–सोनिका कौशल 527
लोहिया और आर्थिक दशर्न–डॉ० मोहित कुमार लाल 529
कर्ण सिंह 'कर्ण' की काव्य शैली और काव्य सौन्दर्य–डॉ० जे० आत्माराम 532
दलित उत्पीडन का दस्तावेज–डॉ० रतिका पंचारपोयिल कोट्टायी 536
वर्तमान समय में आपदा चुनौतियों के प्रबंधन में समाजकार्य क्षेत्र की प्रासंगिकता–डॉ० शिवसिंह बघेल; डॉ० सुशील कुमार पाण्डेय 538
सामाजिक न्याय एवं वाल्मीकि जाति : हरियाणा के नूंह जिले के विशेष सन्दर्भ में–दीपक 541
स्वामी महावीर के शिक्षाओं की वर्तमान में प्रासंगिता–प्रो० रश्मि मेहरोत्रा; ऊषा यादव 546
हिन्दी उपन्यास की सुदीर्घ परम्परा और स्त्री लेखिकाएँ–डॉ० सुरेन्द्र सिंह; डॉ० यदुवीर सिंह खिरवार 549

